वर्ष- 11 अंक-207
लखनऊ, शुक्रवार 15 मार्च, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार



samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों से सख्ती से निपट रही सरकार 03

हिमंत सरमा ने असम को दिलाई नयी पहचान : राजनाथ सिंह 12

### मुख्यमंत्री ने अयोध्या में 1,090 करोड़ की 411 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करते हुए कहा

# 2047 तक भारत बनेगा विकसित

**सीएम योगी ने सपा और कांग्रेस पर साधा निशाना**

समृद्धि न्यूज

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार को अयोध्या में 1,090 करोड़ की 411 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विराट किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी के समापन समारोह में भी शामिल हुए। साथ ही उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं चयन पत्र वितरित किया।

मुख्यमंत्री ने स्थानीय राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित जनसभा में सपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस न आस्था का सम्मान करते हैं, न आजीविका की व्यवस्था कर सकते हैं। न तो गरीब को अन्न दे सकते हैं, न आवास, न दवाई, न पढ़ाई की व्यवस्था ही कर सकते हैं। न तो बेटियों और व्यापारियों को सुरक्षा ही दे सकते हैं। ऐसे में हमें भी इन्हें सिर पर बोझा बनाकर ढोने के लिए मजबूर नहीं होना चाहिए, इस बोझ को उतारकर देश से बाहर फेंक देना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी से लेकर 10 मार्च तक एक करोड़ श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किए। यह प्रभु की ही कृपा है कि चहुंओर शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से सुगम एवं सुरक्षित दर्शन-पूजन का कार्यक्रम चल रहा है। यही नहीं अयोध्या वासियों ने भी आतिथि सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है।



**योगी ने रामलला के दरबार में लगाई हाजिरी**

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे। साकेत महाविद्यालय हेलीपैड से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीधे हनुमानगढ़ी पहुंचे। वहां पहुंचकर हनुमानजी की आरती उतारी और दर्शन पूजन किया। उसके बाद श्रीराम लला के दर्शन-पूजन कर देश और प्रदेशवासियों के कल्याण व सुख-समृद्धि की कामना की। हनुमानगढ़ी के दर्शन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी ने हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन का हाल हाल-चाल जाना। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला के दर्शन-पूजन किए। वहीं मंदिर परिसर में अधिकारियों से व्यवस्था की जानकारी ली। सीएम योगी ने रामलला के मंदिर में साष्टांग दंडवत होकर प्रभु श्रीराम से प्रदेशवासियों के सुख और समृद्धि की कामना की।

**इन परियोजनाओं का हुआ लोकार्पण**

मुख्यमंत्री ने बिगिनियापुर एवं हंसराजपुर समगढ़ा के मध्य गोमती नदी के बिगिनियापुर घाट पर सेतु, पहुंच मार्ग, सुरक्षात्मक कार्य, 40 मेगावाट का सोलर पावर प्रोजेक्ट, ग्रामसभा-साहसीपुर से तिवारीपुर होते हुए धारूपुर संपर्क मार्ग, दर्शननगर-रसूलाबाद-ऐमीघाट मार्ग के किमी 1 से 13 तक नवीनीकरण, महराजगंज, हैदरगंज, रुदौली एवं रौनाही थाने में हॉस्टल, बैरक एवं विवेचना कक्ष, कस्तूरबा गांधी विद्यालय, सोहावल में 100 बेड का छात्रावास, बिल्हर घाट-ऐमी घाट-तारुन-गोसाईगंज मार्ग का किमी 1 से 12 तक नवीनीकरण, जलालपुर रामपुर भगन-तारुन अहिरौली मार्ग का नवीनीकरण, 60 ग्राम पंचायतों में ग्रामीण पेयजल परियोजना, मां कामाख्या नगर पंचायत कार्यालय भवन, मां कामाख्या, भरतकुंड-भदरसा, कुमारगंज, गोसाईगंज एवं रुदौली नगर पंचायत में एम.आर.एफ. सेंटर का लोकार्पण किया।

**इन परियोजनाओं का शिलान्यास**

सीएम ने सरयू नदी जलापूर्ति स्रोत से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट परियोजना का फेज-1, अमृत-2.0 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद रुदौली पेयजल पुनर्गठन परियोजना, 12 हजार वर्गफुट पर पुलिस प्रशासनिक भवन/कंट्रोल रूम, श्री रामकथा पार्क में नवीन पर्यटक आवास गृह, रायबरेली-अयोध्या मार्ग नाका हाई-वे से नाका चुंगी तक 4 लेन चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, भक्तिपथ से श्रीराम जन्मभूमि पथ तक वाया हनुमान गढ़ी मार्ग, 40 मेगावाट का सोलर पावर प्रोजेक्ट, राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में नर्सिंग कॉलेज का शिलान्यास किया।

## पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति के 14 ठिकानों पर ईडी के छापे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ जारी धनशोधन जांच के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश, दिल्ली और महाराष्ट्र में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उत्तर प्रदेश में लखनऊ और अमेठी, महाराष्ट्र में मुंबई और दिल्ली में कुल 14 परिसरों पर छापेमारी की जा रही है। जिस समय ईडी ने रेड की गायत्री प्रजापति की पत्नी महाराजी देवी और छोटा बेटा अनुराग प्रजापति भी घर के अंदर मौजूद रहे। इसके अलावा गायत्री प्रजापति की महिला मित्र गुड्डा देवी के घर पर भी ईडी ने छापा मारा है। बुधवार देर रात हुई यह छापेमारी अवैध खनन घोटाले के मामले में हुई है। बीती 16 जनवरी को मुंबई, लखनऊ और अमेठी में हुई छापेमारी के दौरान ईडी को गायत्री प्रजापति और उनके बेटों के द्वारा रियल एस्टेट कंपनियों में निवेश के सबूत मिले थे। जनवरी माह में मुंबई में हुई छापेमारी के दौरान ईडी को गायत्री व उनके परिवार की संपत्तियों की जानकारी मिली थी।

# 32 दलों ने किया एक देश एक चुनाव का समर्थन

एजेंसी

**कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने राष्ट्रपति को सौंपी रिपोर्ट**

**नई दिल्ली।** पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द की अध्यक्षता में एक साथ चुनाव पर गठित उच्च स्तरीय समिति ने गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसे ÷देश की लोकतांत्रिक प्रणाली के लिए ऐतिहासिक दिन बताया है। सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में अमित शाह ने कहा कि आज का दिन देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए ऐतिहासिक दिन है।

मोदी सरकार द्वारा रामनाथ कोविंद जी की अध्यक्षता में 'एक देश-एक चुनाव' पर गठित उच्चस्तरीय समिति का प्रतिवेदन, राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत किया। 18,626 पृष्ठों वाली यह रिपोर्ट 2 सितंबर, 2023 को उच्च-स्तरीय समिति के गठन के बाद से हितधारकों, विशेषज्ञों के साथ व्यापक परामर्श और 191 दिनों के शोध कार्य का परिणाम है। शाह उस समिति के अन्य सदस्यों में शामिल थे जिसमें राज्यसभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आज़ाद; एन के सिंह, पूर्व अध्यक्ष, 15वें वित्त आयोग, सुभाष सी कश्यप, पूर्व महासचिव, लोकसभा; हरीश साल्वे, वरिष्ठ वकील और संजय कोठारी, पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त। कानून एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल विशेष आमंत्रित सदस्य थे और नितेन चंद्रा समिति के सचिव थे। समिति ने विभिन्न हितधारकों के विचारों को समझने के लिए व्यापक विचार-विमर्श किया। 47 राजनीतिक दलों ने अपने विचार और सुझाव प्रस्तुत किए, जिनमें से 32 ने एक साथ चुनाव का समर्थन किया। इस मामले पर कई राजनीतिक दलों ने समिति के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के समाचार पत्रों में प्रकाशित एक सार्वजनिक सूचना के जवाब में, पूरे भारत से नागरिकों से 21,558 प्रतिक्रियाएँ प्राप्त हुईं।

## संक्षिप्त समाचार

### सुधा मूर्ति ने ली राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ

**नई दिल्ली।** लेखिका और समाजसेविका सुधा मूर्ति ने गुरुवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद भवन स्थित अपने कक्ष में उन्हें शपथ दिलाई। सदन के नेता पीयूष गोयल और इंफोसिस के संस्थापक व सुधा मूर्ति के पति नारायण मूर्ति उनके शपथ ग्रहण समारोह के दौरान मौजूद थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए मनोनीत किये जाने की जानकारी दी थी।

### सच्चिदानंद पांडेय अयोध्या व अशोक उन्नाव से लड़ेंगे चुनाव

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव से बसपा प्रमुख ने दो और नए प्रत्याशियों का ऐलान किया है, वरिष्ठ पत्रकार अशोक पांडेय बसपा के टिकट पर उन्नाव से चुनाव लड़ेंगे। अंबेडकरनगर के भाजपा के जिलाध्यक्ष सच्चिदानंद पांडेय सचिन बसपा में शामिल हो गए। बसपा ने उन्हें अयोध्या से टिकट दिया है। आपको बता दें कि अमरोहा के सांसद दानिश अली की जगह डॉ. मुजाहिद हुसैन को प्रत्याशी बनाया गया है। सहारनपुर के बसपा सांसद हाजी फजलुर्रहमान को कांग्रेस टिकट दे सकती है, लिहाजा बसपा ने माजिद अली को प्रत्याशी घोषित कर दिया है। वहीं, पश्चिमी यूपी की मुजफ्फरनगर सीट पर दारा सिंह प्रजापति को बसपा ने प्रत्याशी घोषित किया है। इसी तरह मुरादाबाद में इरफान सैफी को, तो पीलीभीत में अनीस अहमद खां को प्रत्याशी घोषित किया गया है।

### आप ने पांच मंत्रियों को चुनाव मैदान में उतारा

**चंडीगढ़।** पंजाब की सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव के लिए पंजाब से आठ उम्मीदवारों का ऐलान करते हुए पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में पंजाब के पांच कैबिनेट मंत्रियों समेत दो विधायक शामिल है। इस सूची में आम आदमी पार्टी ने अमृतसर से मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल, खडूर साहिब लोकसभा से कैबिनेट मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर, जालंधर से मौजूदा सांसद सुशील कुमार रिंकू, फतेहगढ़ साहब से गुरप्रीत सिंह जीपी, फरीदकोट से गायक एवं अदाकार करमजीत अनमोल, बठिंडा से मंत्री गुरमीत सिंह खुड़िया, संगरूर से मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर व पटियाला से मंत्री बलवीर सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है।

### आवासीय इमारत में आग लगने से चार की मौत

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में शाहदरा के शास्त्री नगर इलाके में गुरुवार तड़के एक आवासीय इमारत में भीषण आग लगने से दो बच्चों समेत चार लोगों की मौत हो गयी। शास्त्री नगर स्थित आवासीय इमारत में आग लगने की सूचना सुबह लगभग 05:30 बजे गीता कॉलोनी पुलिस थाने को मिली। दिल्ली अग्निशमनकर्मी चार दमकलों के साथ मौके पर पहुंचे।

## केंद्र सरकार ने 18 ओटीटी प्लेटफार्म पर लगाया प्रतिबंध

**नयी दिल्ली।** सरकार ने अश्लील विषय वस्तु और सामग्री का प्रसारण करने वाले 18 ओटीटी प्लेटफार्मों पर प्रतिबंध लगा दिया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने गुरूवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि इन प्लेटफार्म के साथ साथ 19 वेबसाइटों, 10 ऐप जिनमें से सात गुगल प्ले स्टोर पर और तीन एप्पल ऐप स्टोर पर हैं और इनसे जुड़े 57 सोशल मीडिया अकाउंट पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने 'रचनात्मक अभिव्यक्ति' की आड़ में अश्लीलता और दुर्व्यवहार का प्रचार न करने के लिए प्लेटफार्मों की जिम्मेदारी पर बार-बार जोर दिया है। उन्होंने मंगलवार को घोषणा की थी कि अश्लील सामग्री प्रकाशित करने वाले 18 ओटीटी प्लेटफार्मों को ब्लॉक किया जा रहा है।

# उत्तर प्रदेश विधान परिषद के 13 प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यूपी विधान परिषद के चुनाव में सभी प्रत्याशी निर्विरोध घोषित कर हो गए हैं। निर्विरोध घोषित हुए प्रत्याशियों में सबसे भारतीय जनता पार्टी के हैं। इसके बाद सपा, आरएलडी, सुभासपा और आरएलडी के प्रत्याशी शामिल हैं। ये सभी एमएलसी बन गए हैं।

सभी प्रत्याशियों को आज प्रमाण पत्र मिलेंगे। भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेंद्र सिंह, विजय बहादुर पाठक, अशोक कटारिया, संतोष सिंह, मोहित बेनीवाल, रामतीरथ सिंघल और धर्मेंद्र सिंह, सुभासपा के प्रत्याशी विच्छेलाल रामजी, रालोद प्रत्याशी



योगेश चौधरी और अपना दल (एस) के कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रत्याशी आशीष पटेल निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए हैं। वहीं, सपा प्रत्याशी बलराम यादव, गुड्डू जमाली और किरणपाल कश्यप विजेता घोषित हुए हैं। इसके साथ ही सुभासपा से बिच्छेलाल राजभर, अपना दल (एस) से आशीष पटेल और आरएलडी की तरफ से योगेश चौधरी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

## ज्ञानेश व सुखबीर चुनाव आयुक्त नियुक्त

**नई दिल्ली।** पूर्व आईएएस अफसर ज्ञानेश कुमार और सुखबीर संधू चुनाव आयोग में नए चुनाव आयुक्त होंगे। केंद्र सरकार ने गुरुवार शाम को नोटिफिकेशन जारी किया। आज सुबह इनकी नियुक्ति को लेकर प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाले पैनल ने बैठक की थी। इसके बाद नेता विपक्ष अधीर रंजन ने इनके नामों के तय होने की संभावना जताई थी। शाम को नोटिफिकेशन में दोनों के नाम थे। सुखबीर उत्तराखंड के चीफ सेक्रेटरी और एनएचएआई के चेयरमैन रह चुके हैं। ज्ञानेश 1988 बैच के केरल कैडर के आईएएस अफसर हैं। धारा 370 पर फैसले के वक्त गृह मंत्रालय में पोस्टेड थे। सहकारिता मंत्रालय में सचिव पद से रिटायर हुए हैं। पीएम पैनल की मीटिंग के बाद अधीर रंजन बाहर आए और मीडिया के बीच चुनाव आयुक्तों के नाम का खुलासा किया।

# भ्रष्टाचार में फंसने से आपा खो बैठे केजरी

**गृह मंत्री ने सीएए को लेकर केजरीवाल पर साधा निशाना**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के मामलों में फंसने के बाद वे अपना आपा खो बैठे हैं। एक साक्षात्कार में उन्होंने केजरीवाल के सीएए पर की गई टिप्पणियों पर पलटवार किया।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सीएए 2014 के पहले आ चुके शरणार्थियों के लिए बनाया गया है। गृहमंत्री की टिप्पणी के बाद मुख्यमंत्री ने भी



अपना पक्ष रखते हुए कहा कि आज आप 2014 से पहले की बात कर रहे हैं, कल 2019 से पहले वालों की बात करेंगे, फिर 2024 तक की बात करेंगे। गृह मंत्री ने एक समाचार एजेंसी को दिए साक्षात्कार में आरोप लगाया था कि दिल्ली के मुख्यमंत्री बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्याओं के प्रति सहानुभूति रखते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अपना भ्रष्टाचार उजागर होने से आपा खो बैठे हैं। उन्हें इतनी चिंता है तो वे बांग्लादेशी घुसपैठियों की बात क्यों नहीं करते या रोहिंग्या का विरोध क्यों नहीं करते? दिल्ली का चुनाव उनके लिए लोहे के चने चबाने जैसा है, इसलिए वो वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीएए के तहत नागरिकता पाने वाले शरणार्थी पहले से ही भारत में रह रहे हैं। एनआरसी का सीएए से कोई संबंध नहीं है। सीएए को पूरे देश में समान रूप से लागू किया जाएगा। देश में केवल दो क्षेत्र जो सीएए के दायरे में नहीं होंगे, वे हैं आईएलपी (इनर लाइन परमिट) क्षेत्र और भारतीय संविधान की छठी अनुसूची के तहत आने वाले क्षेत्र।गृह मंत्री की टिप्पणी के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री ने एक बार फिर बयान जारी कर अपनी वही बात दोहरायी है।

# रेहड़ी-पटरी वालों के लिए जीवनरेखा साबित हुई स्वनिधि योजना : मोदी

एजेंसी

**स्ट्रीट वेंडरों को ऋण मेट्रो के दो कॉरिडोर की रखी आधारशिला**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में पीएम स्वनिधि योजना के तहत दिल्ली के 5 हजार रेहड़ी-पटरी वालों सहित देश के एक लाख स्ट्रीट वेंडरों को ऋण वितरित किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण में लाजपत नगर से साकेत-जी ब्लॉक तक और इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ तक के दो नए कॉरिडोर की आधारशिला भी रखी।

इस मौके पर अपने संबोधन ने प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश भर में लगभग 1 लाख लाभार्थियों को पीएम स्वनिधि योजना के तहत उनके बैंक खातों में सीधे पैसे ट्रांसफर किए गए हैं। इसके अलावा, आज दिल्ली मेट्रो के दो नए प्रोजेक्ट का भी शिलान्यास किया गया है। इस प्रकार, यह दिल्ली के लोगों के लिए दोहरे उपहार की तारीख है। महामारी के दौरान रेहड़ी-पटरी वालों की ताकत को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने रोजमर्रा की जिंदगी में उनके महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि आज का पीएम स्वनिधि महोत्सव उन लोगों को समर्पित है जिनके बिना हम अपने दैनिक जीवन की कल्पना नहीं कर सकते। स्ट्रीट वेंडरों की इस ताकत हम कोरोना के दौरान देख चुके हैं।

## जमात-ए-इस्लामी, जम्मू-कश्मीर पर प्रतिबंध की जांच के लिए ट्रिब्यूनल गठित

**नयी दिल्ली।** केंद्र ने एक न्यायाधिकरण का गठन किया है, जिसमें दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति नवीन चावला शामिल हैं, जिसका उद्देश्य यह तय करना है कि जमात-ए-इस्लामी, जम्मू और कश्मीर को प्रतिबंधित संगठन घोषित करने के लिए पर्याप्त कारण हैं या नहीं। एक अधिसूचना में कहा गया है इसलिए, अब, गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) की धारा 4 की उप-धारा (1) के साथ पठित धारा 5 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केंद्रीय एक गैरकानूनी संघ के रूप में जमात-ए-इस्लामी, जम्मू-कश्मीर घोषित करने के लिए पर्याप्त कारण हैं या नहीं, गैरकानूनी गतिविधियां न्यायाधिकरण का गठन किया है।

# उप्र : तीन दिन बाद बौछारें पड़ने की संभावना

समृद्धि न्यूज

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। प्रदेश में कभी बारिश को लेकर अलर्ट जारी हो रहा है तो किसी दिन मौसम साफ हो जाता है। बुधवार से हवाओं की दिशाएं बदल गईं तो एक बार फिर तापमान बढ़ने लगे और सर्दी गायब हो गई।

मौसम विभाग का कहना है कि अभी तीन दिन उत्तर प्रदेश का मौसम साफ रहेगा। इसके बाद पश्चिमी विक्षोभ के कारण स्थानीय स्तर पर हल्की बौछारें पड़ने की संभावना है, लेकिन तेज बारिश के आसार अब कम होते दिखाई दे रहे हैं। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने गुरुवार को बताया कि पश्चिमी



विक्षोभ उत्तरी पंजाब के ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में बना हुआ है और यह अब पूर्व की ओर आगे बढ़ रहा है। आंतरिक ओडिशा से लेकर छत्तीसगढ़, तेलंगाना और कर्नाटक होते हुए एक निम्न दवाब की रेखा मध्य पूर्व अरब सागर तक फैली हुई है। पूर्वी असम और उससे जुड़े इलाकों पर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। ऐसे में अगले 24 घंटों के दौरान अरुणाचल प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश और छिटपुट बर्फबारी संभव है। असम, मिजोरम, त्रिपुरा, गंगीय पश्चिम बंगाल, ओडिशा के उत्तरी तट, केरल और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के दक्षिणी हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। वहीं उत्तर प्रदेश में आगामी तीन दिनों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। इसके बाद 17 मार्च से प्रदेश का मौसम फिर से बदलने की उम्मीद जताई गई है। इससे स्थानीय स्तर पर हल्की बौछारें पड़ सकती है और मेघ गर्जन भी हो सकती है। कानपुर में अधिकतम तापमान 30.8 और न्यूनतम तापमान 16.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह की सापेक्षिक आर्द्रता 75 और दोपहर की सापेक्षिक आर्द्रता 40 प्रतिशत रही। हवाओं की दिशाएं उत्तर पूर्व रहीं, जिनकी औसत गति 3.4 किमी प्रति घंटा रही।

## उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग के सदस्य बनाए गए 12 शिक्षाविद्

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल की अनुमति से उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग में 12 शिक्षाविदों को सदस्य बनाया गया है। आयोग के सदस्यों को प्रमुख सचिव एम पी अग्रवाल ने नये दायित्व की सूचना भेज दी है। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के बनाए गए सदस्यों में डॉ हरेन्द्र राय, राम सूचित, योगेन्द्र नाथ सिंह, राजेन्द्र प्रताप सिंह, विमल कुमार विश्वकर्मा, कीर्ति गौतम, डा.विनोद कुमार सिंह, प्रोफेसर राजनारायण शुक्ल, डा.सीमा शाक्या, डा.राधाकृष्ण, डा.रोहिताश सिंह तथा डा.कृष्ण चन्द्र वर्मा का नाम शामिल है।

# सरकारी कार्यालय में नहीं लगेगी जीवित राजनीतिज्ञों की फोटो

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने बैठक की है। इस दौरान आदर्श आचार संहिता लागू होने से संबंधित जानकारी दी गई है। आयोग ने कहा कि आचार संहिता लागू होते ही 24 घंटे के अंदर प्रचार सामग्री,पोस्टर बैनर को हटाया जाएगा।

इस दौरान सरकारी कार्यालयों, सभागारों और अधिकारियों के कमरों में लगी जीवित राजनीतिक व्यक्तियों की फोटो हटाई जाएंगी। इसमें से सिर्फ राष्ट्रपति और राज्यपाल की फोटो ही लगी रह सकती है। निजी घरों में अपने मन से मकान मालिक तीन झंडा तक लगा सकता है। इस दौरान लोग वाल राइटिंग भी नहीं करा सकेंगे। आदर्श संहिता लागू होने पर नया काम नहीं शुरू होगा। जो काम पहले से ही ग्राउंड पर चल रहे हैं। वही किए जा सकेंगे। इस दौरान दस से अधिक वाहनों का काफिला होना मना है। वीडियो वैन की अनुमति केवल मुख्य निर्वाचन अधिकारी के स्तर से जारी की जाएगी। इसमें अगर पार्टी का प्रचार होता है तो यह राजनीतिक दल में जोड़ा जाएगा। बिना अनुमति के इस दौरान रोड़ शो नहीं किया जाएगा। रोड़ शो में हथियार लेकर लोग शामिल नही हो सकते हैं। एक पार्टी से एक लाउड स्पीकर वाहन की अनुमति दी जाएगी। सामान्य वोटर निजी वाहन से पोलिंग बूथ से 200 मीटर की दूरी तक जा सकते हैं। धार्मिक, शैक्षणिक संस्था और अस्पताल परिसर में चुनाव कार्यालय नहीं बनेंगे।

**अवसर**

## आईएनएस चिल्का में होगी अग्निवीरों के तीसरे बैच की पासिंग आउट परेड

# 2600 अग्निवीरों का तीसरा बैच नौसेना में आज होगा शामिल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के लिए शुक्रवार का दिन महत्वपूर्ण होने वाला है, क्योंकि ओडिशा के आईएनएस चिल्का में पासिंग आउट परेड के बाद 2600 अग्निवीरों का तीसरा बैच मिल जायेगा।

नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार इस आयोजन के मुख्य अतिथि होंगे और वे सूर्यास्त के बाद पासिंग आउट परेड का निरीक्षण करेंगे। तीसरा बैच मिलने के बाद नौसेना में अग्निवीरों की संख्या 7,400 हो जाएगी। कमांडर विवेक मधवाल ने बताया कि नौसेना के अग्निवीरों के तीसरे बैच की पासिंग



आउट परेड (पीओपी) 15 मार्च को आईएनएस चिल्का में होगी। इन सभी ने आईएनएस चिल्का में कठिन प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इस विशेष अवसर पर दक्षिणी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल वी श्रीनिवास भी उपस्थित रहेंगे।

प्रशिक्षण पूरा करने वाले अग्निवीरों के परिवार भी समारोह में शामिल होंगे। इसके अलावा बड़ी-बड़ी उपलब्धियां प्राप्त करने वाले पूर्व सैनिक तथा कई खेल हस्तियां भी समारोह में उपस्थित रहकर इन अग्निवीरों को अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों से प्रेरित करेंगी। नौसेना प्रमुख समापन समारोह में भाग लेंगे और विभिन्न प्रभागों को पुरस्कार एवं ट्रॉफियां प्रदान करेंगे।

वे प्रशिक्षुओं की द्विभाषी पत्रिका 'अंकुर' का अनावरण भी करेंगे।अग्निवीर के पहले बैच में 273 महिला सैनिकों सहित कुल 2,600 अग्निवीर शामिल थे, जिन्हें ओडिशा के आईएनएस चिल्का में 16 सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करने के बाद पिछले साल 28 मार्च को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था। पहले बैच में वो भी अग्निवीर भी शामिल थे, जो पिछले साल 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर भारतीय नौसेना के गणतंत्र दिवस परेड दल का हिस्सा थे।

दूसरे बैच में 452 महिलाओं सहित लगभग 2200 अग्निवीर थे, जिनकी पासिंग आउट परेड पिछले साल 26 सितंबर को ओडिशा में भारतीय नौसेना जहाज (आईएनएस) चिल्का में हुई थी। तीसरे बैच की पासिंग आउट परेड लगभग 2600 अग्निवीरों के सफल प्रशिक्षण के समापन का प्रतीक है, जिसमें महिला अग्निवीर भी शामिल हैं। अब तीसरा बैच मिलने के बाद नौसेना में अग्निवीरों की संख्या 7,400 हो जाएगी।

# युवक की मौत, हत्या या दुर्घटना में उलझी पुलिस

- परिजनों के आरोप के आधार पर मृतक के साथी को पुलिस ने हिरासत में लिया
- पास के लोगो ने मृतक के फोन से मृतक के परिजनों को सूचना दी



**पूरा गांव बना छावनी**

पोस्ट मार्टम के बाद जब शव गांव पहुंचा तो घर वालो ने अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। परिजनों का कहना है जब तक मिल से कोई जिम्मेदार नही आयेगा तब तक हम अंतिम संस्कार नही करेंगे। पुलिस क्षेत्राधिकारी गोला सहित कई थानों की पुलिस गांव में पहुंची। समाचार लिखे जाने तक अंतिम संस्कार नही हो पाया, पुलिस मान मनौवल में लगी रही।

**बिजुआ खीरी। समृद्धि न्यूज**

क्षेत्र में संचालित गुलरिया चीनी मिल गन्ना परिसर में नव युवक किसान का शव मिलने की सूचना मिल प्रशासन द्वारा पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। कोतवाली भीरा क्षेत्र में संचालित बलरामपुर चीनी मिल की इकाई गुलरिया चीनी मिल में गन्ना लेकर आये एक नवयुवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। पास के लोगो ने मृतक के फोन से मृतक के परिजनों को सूचना दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार आशीष कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद उम्र करीब 20वर्ष निवासी रायपुर अपने साथी परसराम पुत्र बालक के साथ गन्ने की पर्ची तुलवाने गुलरिया चीनी मिल गया था, रात में अधिक भीड़ होने के चलते अपनी ट्राली के नीचे ही सो रहा था। रात करीब ग्यारह बजे उसकी मौत हो गई।

प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि जिस लाइन में नवयुवक लेटा हुआ था वह लाइन नही चल रही थी। मृतक के छोटे भाई ने बताया रात के करीब बारह बजे फोन द्वारा जानकारी मिली कि आपका लड़के के चोट लग गई है। जब तक हम लोग वहाँ पहुँचे तब तक उसकी मौत हो गई थी। मृतक की माँ ने साथी परसराम पर आरोप लगाते हुए बताया कि मेरे बेटे के साथ मे क्या हुआ है, ये सब वही बता सकता है, जो साथ मे लेटा हुआ था, और उसको कुछ नही हुआ फिर अब वो कुछ बता नही रहा है, मुझे शक है कि मेरे बेटे के साथ इसने क्या किया है। वहीं शक के आधार पर मृतक के साथी को पुलिस ने हिरासत में लेकर जाँच शुरू कर दी है।

जवान बेटे के मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल।

# अग्निकांड के पीड़ितों से मिलने पहुंचे डीएम-एसपी

- डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित कर दिया मदद का भरोसा
- ग्रामीणों ने अपने संसाधनों से आग पर काबू पाया

**सिंगाही खीरी। समृद्धि न्यूज**

ग्राम पंचायत बथुआ के मजरा महादेवा में हुए भीषण अग्निकांड में अग्नि पीड़ितों से मिलकर खीरी जिलाधिकारी ने लोगों को ढांढस बंधाया और सरकार से मिलने वाली हर इमदाद को गांव में पहुंचने का आश्वासन दिया है। थाना क्षेत्र सिंगाही के ग्राम महादेवा में मंगलवार को घर के अंदर छप्पर में लगे बिजली के बोर्ड मे बड़े जोर की स्पार्किंग होने की वजह से निकली चिंगारी से घर के छप्पर में आग लग गई थी। तेज हवाओं के चलते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था और धीरे-धीरे गांव के 50 घरों को अपने आगोश में ले लिया था।

ग्रामीणों ने अपने संसाधनों से आग पर काबू पा लिया था अग्निकांड की सूचना पाकर बुधवार को खीरी जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह व पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा सरकारी अमले के साथ ग्राम बथुआ के मजरा महदेवा में करीब 11बजे पहुंचे और आग लगने से खुले आसमान के नीचे अपनी रातों को बिताने के लिए विवश हो रहे लोगों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना निघासन एसडीएम अश्वनी कुमार के द्वारा अग्नि पीड़ितों को दी गई रहत के लिए खाद्य सामग्री आटा चावल प्याज आलू और सर छुपाने के लिए तिरपाल और कंबल का वितरण किया।

जिलाधिकारी ने निघासन खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह को निर्देश दिया कि गांव की जो भी झोपड़पट्टी आग लगने से जल कर खाक हो गयी है और जो झोपड़िया अभी भी गांव में पड़ी हैं उन परिवारों का सर्वे कराकर उनको प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास दिये जाएं। लेखपाल विश्वजीत वर्मा ने बताया की ग्राम में 50 घर आग में जलकर प्रभावित हो गए हैं। जिसमें से 26 आवासी 26 पशु शालाएं 4 सहआवासीय झोपड़ी जलकर खाक हो गई हैं जिसकी रिपोर्ट शासन को भेजी गई है। धरनास्थल पर तहसीलदार भीमचंद, नायब हरिराम, और सिंगाही पुलिस दलबल के साथ मौके पर मौजूद रही।

# सेवायोजन कार्यालय से प्रशिक्षण हेतु करें आवेदन

**बाराबंकी।** जिला सेवायोजन कार्यालय में संचालित शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र एक वर्षीय निःशुल्क कार्यालय प्रबन्ध प्रशिक्षण संचालित किया जाता है। जिसमें आरक्षित वर्ग के बेरोजगार प्रशिक्षार्थियों को समूह 'ग' की निःशुल्क विभिन्न विषयों जैसे- सामान्य ज्ञान,सामान्य हिन्दी, सामान्य गणित,सचवीय पद्धति, पुस्तपालन लेखा कर्म,सामान्य अंग्रेजी, सामान्य कम्प्यूटर व आशुलिपि तथा कम्प्यूटर टाइपिंग की तैयारी करायी जाती है। प्रवेश हेतु अभ्यर्थी की शैक्षणिक योग्यता इण्टर मीडिएट उत्तीर्ण व आयु 18 से 35 वर्ष व नियमानुसार आयु में छूट। प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी जिला सेवायोजन कार्यालय से निःशुल्क फार्म प्राप्त कर दिनांक 25 मार्च तक अनिवार्य रुप से फार्म फर सकते है।

# गड्ढों में तब्दील हुआ जैदपुर-बाराबंकी मार्ग

**कारोबार सहित मजदूरी कर पेट पालने वालो को जाना पड़ता है बाराबंकी**

**जैदपुर, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



गढ्ढो मे तब्दील हो चुके जैदपुर बाराबंकी मार्ग चलना दूभर हो गया है। उबड़ खाबड़ रास्ते से न जाकर आम जनता रास्ता बदल कर जाने पर मजबूर है। विभाग सहित इस मुख्य मार्ग से गुजरने वाले आलाधिकारियो की भी इस जर्जर मार्ग निगाहे नही पड़ रही।

जिससे लोगो का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। जानकारी के अनुसार बाराबंकी जिले के बड़े कस्बे मे शुमार नगर पंचायत जैदपुर जो कि एक बड़ी आबादी वाला क्षेत्र है। जहां कारोबार सहित मजदूरी कर पेट पालने वालो को बाराबंकी जाना पड़ता है। मगर जाने वाले मार्ग की बात की जाये तो उसकी हातल पूरी तरह खस्ता हो चुकी है। इस बात को झुठलाया नही जा सकता है। यही नही गढ्ढा मुक्त अभियान का असर भी इस रोड पर नही दिखता है।

जिसके चलते मरीजो को भी उपचार हेतु बाराबंकी ले जाने के लिए सफदरगंज मार्ग से मजबूरन जाना जिंदगी और मौत से जंग लड़ने से कम नही है। जबकि इसी रोड से अक्सर नेता व अधिकारियो की आमद होती है फिर भी अनदेखा करना सौतेलापन का संदेश देता है। अब तो जर्जर रोड से परेशान होकर लोग इस रोड की मरम्मत के लिये सोशल मीडिया पर एक दूसरे से जैदपुर बाराबंकी की गढ्ढा युक्त रोड को गढ्ढा मुक्त बनवाने के लिये आगे बात करने की शिफारिश करने लगे है। वही कस्बे के तमाम व्यापारी मजदूर,बुनकर,रोजमर्रा, कारोबारियो ने इस मार्ग को जल्द बनाने की अपील की है।

# सपा छात्र सभा के प्रदेश सचिव मनोनीत किये गए डॉक्टर इमरान

**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

- चुनाव में पार्टी की मजबूती के लिए हम दिन रात एक कर देंगे: राजेश शुक्ला

क्षेत्र के दानीगढ़ गांव निवासी सपा नेता राजेश शुक्ला को समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर इमरान द्वारा प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है।

शुक्ला को समाजवादी छात्र सभा का प्रदेश सचिव बनाये जाने के बाद आज उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। सपा नेता शुक्ला को प्रदेश सचिव मनोनीत किए जाने की खबर के बाद उनके समर्थकों व पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई।

प्रदेश सचिव बनाये जाने के बाद राजेश शुक्ला ने कहा कि समाजवादी छात्रसभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा जो हमें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है इसके लिए हम उन्हें आभार व्यक्त करते है। उन्होंने आगे कहा कि लोकसभा चुनाव में पार्टी की मजबूती के लिए हम दिन रात एक कर देंगे और गठबंधन इंडिया एलायंस द्वारा मैदान में उतारे गए प्रत्याशी तनुज पुनिया की जीत के लिए वो अपनी पूरी ताकत झोंक देंगे। बधाई देने वालों मे प्रमुख रूप से पूर्व विधायक राम मगन रावत परशुराम यादव धर्मेंद्र वर्मा ब्रजेश मिश्रा पवन तिवारी रिंकू सिंह गुड्डू मिश्रा देवेन्द्र सिंह बबलू विवेक वर्मा विज्ञान मिश्र गौतम पाठक आदि शामिल रहे।

# रैली से एसडीएम ने मतदान के लिए किया जागरूक



- पोलिंग बूथों पर सुविधाएं बिजली पानी, रैम्प टायलेट आदि का किया निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

तहसील क्षेत्र के ग्राम मरकामऊ, बरदरी, हजरतपुर, सआदतगंज, अनूपगंज गांवों में स्वीप रैली के माध्यम से एस डी एम आनन्द कुमार तिवारी ने ग्रामीणों राजस्व कर्मियों तथा अध्यापक ग्राम प्रधानों के साथ मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया।

एसडीएम गुरुवार को सआदतगंज व अनूपगंज, मरकामऊ ,हजरतपुर, बरदरी में स्वीप रैली के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। तथा पोलिंग बूथों पर सुविधाएं बिजली पानी, रैम्प टायलेट आदि का निरीक्षण किया। इस मौके पर उपनिरीक्षक अरूण कुमार लेखपाल आदि भी मौजूद रहे।

इसी क्रम में तहसील क्षेत्र के ग्राम टांडा में स्वीप रैली तहसीलदार वैशाली अहलावत की देख रेख में निकाल कर मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। इटहुवा पूरब गांवों में मतदाताओं को मतदान करने हेतु स्वीप रैली के माध्यम से जागरुक किया गया। कार्यक्रमों में राजस्व निरीक्षक व उपरोक्त गांवों के लेखपाल अश्वनी कुमार एंव अध्यापक आदि मौजूद रहे।

# तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित हुई कार्यशाला

**मितौली खीरी। समृद्धि न्यूज**

तंबाकू उत्पादों से होने वाले नुकसान से आम जनमानस सहित सरकारी संस्थाओं और सरकारी विभागों से जुड़े कर्मचारी, प्रधानों व पुलिस कर्मियों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक कार्यशाला का आयोजन ब्लाक मितौली सभागार में स्वास्थ्य विभाग एनसीडी सेल द्वारा सीएचसी अधीक्षक डॉ देवेंद्र सिंह के निर्देशन में आयोजित हुआ। जिसमें सभी को तंबाकू उत्पाद से होने वाले नुकसानों से अवगत कराया गया। जिला एनसीडी सेल एपिडेमियोलॉजी डॉ राकेश गुप्ता द्वारा बताया गया कि सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता के निर्देश पर तंबाकू उत्पादों से शरीर में कैंसर सहित तमाम अन्य बीमारियां होती हैं। साथ ही इन बीमारियों से शारीरिक तथा आर्थिक नुकसान भी होता है। ऐसे में इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनमानस सहित सभी सरकारी कार्यालय वह संस्थानों में काम करने वाले लोगों को जागृत करना था। जिसके अंतर्गत ब्लाक मितौली में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में विभिन्न / संस्थाओं के प्रतिनिधियों व एडीओ पंचायत बीडीओ, प्रभारी चौकी इंचार्ज, ग्राम पंचायत सेक्रेटरी शैक्षिक संस्थानों के प्राचार्य /प्रधानाचार्य प्रधान व अन्य लोकसेवकों का उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया। काउंसलर राघवेंद्र सिंह ने बताया कि तंबाकू उत्पाद पुड़िया, पान, मसाला, गुटखा, खैनी, बीड़ी-सिगरेट, हुक्का, पिटनी व शराब आदि से शरीर के कई अंगों में कैंसर जानलेवा जैसी बीमारी हो जाती हैं, सिर्फ इतना ही नहीं सांस की बीमारी फेफड़ों में इन्फेक्शन लिवर में इन्फेक्शन, किडनी में समस्या, हड्डी और खून संबंधी तमाम रोग हो जाते हैं।

# आर्य कन्या महाविद्यालय में क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन




**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**

लखीमपुर खीरी मे भगवान दीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में द्विदिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का उद्घाटन प्राचार्यप्रो वीणा गोपाल मिश्रा की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अभिषेक शुक्ला विशिष्ट अतिथि रवि शंकर तिवारी जिला ताईकांडो एसोसिएशन सचिव एस एम आसिफ, सचिव गुरु नानक स्पोर्ट्स अकैडमी तृप्ति अवस्थी, के द्वारा किया गया। प्राचार्य ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है विजेता कोई भी हो प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना ही आपको विजेता बनाता है। बॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन सविता शुक्ला के निर्देशन में किया गया जिसमे टीम अल्फ़ा कप्तान शिवांगी विजयी एवं टीम ब्राबो कप्तान डॉली उपविजेता रही। डॉ प्रीति सिंह के निर्देशन में कैरम प्रतियोगिता में अर्पिता प्रथम रुपाली कश्यप द्वितीय साक्षी श्रीवास्तव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डॉ राखी चौहान के निर्देशन में रस्सी कूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मीनू यादव द्वितीय शीतल शर्मा एवं तृतीय स्थान आरती राणा ने किया। कार्यक्रम का संयोजन क्रीड़ा समिति प्रभारी अर्चना सिंह एवं समिति के सदस्य सह प्रभारी डॉक्टर प्रीति सिंह, डॉ प्रियंका सिंह एवं सविता शुक्ला के द्वारा किया गया।

संचालन अर्चना सिंह ने किया। प्रतियोगिता में प्रशिक्षक ताइक्कांडो बेबी नसीम एवं प्रशिक्षक ताइक्कांडो जसमेल कौर का सहयोग प्राप्त हुआ। डॉक्टर गीता शुक्ला डॉक्टर शशी प्रभा बाजपेई डॉक्टर रेखा पांडे श्रीमती अर्चना सिंह शिवांगी सक्सेना डॉ प्रीति सिंह डॉ प्रियंका सिंह सविता शुक्ला वीना चौरसिया डॉ राखी चौहान छाया वर्मा, एन सी सी कैडेट्स एवं अधिक संख्या में छात्राओं ने प्रतिभागिता दर्ज की।



# सतनाम पदयात्रा कोटवाधाम पहुंची, स्वागत

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** अमेठी जिले के बाबा सिद्धादास की तपोस्थली हरगांवधाम से पांच दिन पूर्व शुरू हुई सतनाम पदयात्रा गुरुवार को कोटवाधाम पहुंचने पर बड़ी गद्दी के महंत नीलेंद्र बक्स दास,महंत अशोक दास,महंत अखिलेश दास,प्रेम दास,दुर्गेश सिंह,लल्लन पाण्डेय, दुर्गेश दीक्षित की अगुवाई में स्वागत किया। गाजे-बाजे के साथ रंग गुलाल उड़ाते हुए पदयात्रियों को स्वामी जगजीवनदास साहब की समाधि स्थल पर लाया गया। जहां पर उन्होंने बाबा की समाधि पर मत्था टेककर दर्शन पूजन किए। महंत रेखा दास के नेतृत्व मे हजारो श्रद्धालु हरगांव धाम से कोटवाधाम तक करीब 100 किलोमीटर की पैदलयात्रा तय कर गुरुवार को कोटवाधाम पहुंचे थे। इस यात्रा मे प्रमुख रूप से कन्हैया लाल दास,शशांक शुक्ला,पीयुष पाण्डे, आनंद सिंह,राज कुमार मिश्रा, अंशुमान पाण्डेय,सुनील तिवारी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। महंत रेखा दास की अगुवाई में साहेब सिद्धादास तपोभूमि हरगांव धाम से पदयात्रा शुरू हुई थी। और कोटवाधाम में इसका समापन किया गया।

# सरदार रेशम सिंह सोसायटी एवं लायंस क्लब का रक्तदान शिविर आयोजित

**मोहम्मदी लखीमपुर खीरी।** क्षेत्र के एक पैलेस में सरदार रेशम सिंह पब्लिक वेलफेयर सोसाइटी रेहरिया एवं लाइंस क्लब गोला ने सरदार जी पैलेस पिपरिया धनी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक दर्जा प्राप्त मंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंह ने किया। शिविर में कल 55 रजिस्ट्रेशन हुए जिसमें 42 यूनिट ब्लड क्षेत्र के समाजसेवियों ने रक्तदान किया। सरदार रेशम सिंह पब्लिक वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष पलविंदर सिंह ने बताया पूर्व में भी सरदार जी पैलेस में कई कार्यक्रमों का आयोजन हो चुका है। लगातार सामाजिक कार्यों में हमारी सोसाइटी कार्य कर रही है आगे भी रक्तदान सहित कई शिविर लगाए जाने का की तैयारी हम सब की चल रही है।

# ट्रैक्टर-ट्राली में डंफर ने मारी टक्कर, एक की मौत, तीन घायल

**निघासन खीरी। समृद्धि न्यूज**

निघासन इलाके के पढ़ुआ थाना इलाके में ट्रैक्टर-ट्राली में डंफर ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, हादसे में ट्रैक्टर ट्रॉली पलट जाने से ट्रैक्टर सवार एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं ट्रैक्टर पर सवार तीन अन्य लोग गंभीररूप से घायल हो गए, डंफर चालक घटना के बाद से मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घायलों को एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल में भर्ती कराकर डंपर की तलाश में जुट गई। निघासन इलाके के पढ़ुआ थाना क्षेत्र के अदलाबाद से शारदानगर जाने वाले बंधा रोड पर सोठियाना मोड़ के पास एक तेज रफ्तार डंफर ने गन्ने का बीज लेकर जा रहे ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर बीच सड़क पर ही पलट गया। हादसे में मौके ट्रैक्टर सवार एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, ट्रैक्टर पर सवार अन्य तीन लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। डंफर चालक मौके से डंफर छोड़ कर फरार हो गया है। सूचना पर पहुंची पढ़ुआ थाना की पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमॉर्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है। घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# पर्यावरण बचाओ अभियान को जिम्मेदार लगा रहे पलीता

**वन विभाग को ठेंगा दिखाते हुए बेशकीमती प्रतिबंधित पेड़ों की खूब हो रही कटाई**



**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**

> ऐसा कोई मामला मेरी जानकारी में नहीं है, संबंधित को मौके पर भेजकर जांच कराई जायेगी, यदि बिना अनुमति के पेड़ो को काटने का कोई मामला सामने आता है तो आवश्यक वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।
> **संजय कुमार विशाल**
> **-डीएफओ साउथ**

दक्षिण खीरी रेंज के नकहा ब्लाक में पर्यावरण बचाने के लिए एक तरफ़ जहां शासन स्तर से वनविभाग के द्वारा समय समय पर प्रति वर्ष करोड़ों रुपए खर्च करके लाखों पौधों को गांवों में वितरित कर वृक्षारोपण करवाने का अभियान चलाया जाता है वहीं दूसरी ओर वन विभाग सहित सारे सिस्टम को ठेंगा दिखाते हुए नकहा ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय खींचीन पुरवा की इंचार्ज अध्यापिका कल्पना ने अपने निजी लाभ के चलते स्कूल प्रांगण में लगे हरे भरे विशालकाय प्रतिबंधित पेड़ जैसे आम, नीम, शीशम, आदि पेड़ो को काटकर बेंच दिया गया है। आपको बताते चलें कि नकहा ब्लॉक की ग्राम पंचायत बड़ागांव के प्राथमिक विद्यालय खीचिनपुरवा में स्कूल की इंचार्ज अध्यापक कल्पना के द्वारा स्कूल में लगे विशालकाय प्रतिबंधित आम, नीम, शीशम के पेड़ों को वन विभाग के परमीशन के बिना ही कटवाकर चोरी छिपे बेंच दिया गया। पेड़ों से प्राप्त आमदनी का भी बंदरबांट कर लिया गया है। पेड़ों को काटने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# क्विज प्रतियोगिता एवं हमारा आँगन हमारे बच्चे कार्यक्रम संपन्न

**पसगवां, खीरी। समृद्धि न्यूज**

ब्लॉक संसाधन केंद्र पसगवां पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी खीरी प्रवीण कुमार तिवारी के मार्गदर्शन मे खण्ड शिक्षा अधिकारी पसगवां के दिशानिर्देशन मे आँगनवाड़ी केंद्र एवं बेसिक विद्यालयों के नन्हें मुन्ने बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियाँ देकर हमारे आँगन हमारे बच्चे कार्यक्रम को सफल बनाया। कक्षा एक से तीन के निपुण बयालिस एवं आगनबाड़ी के अटठाइस बच्चों को प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया गया द्य उच्च प्राथमिक विद्यालय कन्या पसगवां, कम्पोजिट विद्यालय कोटरा, मोहददीनपुर, काशीपुर के बच्चों ने शैक्षिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमो का अतिसुन्दर प्रस्तुतीकरण दिया राष्ट्रीय अविष्कार विज्ञान कार्यक्रम के अंतर्गत खण्ड शिक्षा अधिकारी पसगवां एवं सभी एआरपी के नेतृत्व मे क्विज प्रतियोगिता का आयोजन विभागीय निर्देशों पर किया गया जिसमें उच्च प्राथमिक विद्यालय कन्या पसगवां प्रथम, कंपोजिट जलालपुर व काशीपुर ने द्वितीय तथा कम्पोजिट धर्माखेड़ा एवं कमपोजिट फरिया पिपरिया के कुल सात बच्चों का जिले की मॉडल निर्माण प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। राष्ट्रीय आविष्कार विज्ञान कार्यक्रम के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# सफाई कर्मी द्वारा साफ-सफाई न करने से गांव में लगा गंदगी का अंबार

**बेहजम खीरी। समृद्धि न्यूज**



ब्लाक बेहजम क्षेत्र के ज्यादातर गांवों में अंबार लगा रहता है। बताते हैं कि सफाईकर्मी गांव में साफ-सफाई न करके ब्लाक कार्यालय में बाबूगिरी करते देखे जाते हैं। सरकार जहां गांव में संचारी रोगों की रोकथाम हेतु साफ-सफाई करने के लिए सफाईकर्मी की ड्यूटी लगाई गई है। गांव में दर्जनों रोस्टर प्रणाली से सफाई कर्मचारी अपने दिहाड़ी मजदूरों से गांव में साफ-सफाई करने की कागजी खानापूर्ति की जाती है। क्षेत्र के पैला बेहजम नीमगांव सहित कई अन्य ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई नाममात्र से की जाती है। सूत्रों की माने तो पैला में पन्द्रह दिनों से एकलौता सफाईकर्मी सुशील कुमार आफिस से डाक लेकर आने जाने के काम में जिला मुख्यालय के चक्कर काटता रहता है और गांव में गंदगी का साम्राज्य कायम है। जब इस बारे में एडीओ पंचायत अमीर चन्द्र राना से बात की गई तो उनका कहना है गांव में सफाई हो न हो मैं रोस्टर के हिसाब से ही सफाई कर्मचारी से साफ-सफाई के लिए कह सकता हूं हमारे बस की बात नहीं है जब जिस ग्राम पंचायत में रोस्टर प्रणाली से सफाईकर्मी की ड्यूटी लगती है उसी हिसाब से वह लोग काम करते हैं ।एडीओ पंचायत का सफाईकर्मियों के ऊपर कोई अंकुश नहीं है। ग्राम पंचायतों के प्रधान साफ-सफाई के लिए अधिकारियों से गुहार लगाते नजर आ रहे हैं।



# आग लगने से चार घरों की गृहस्थी जलकर खाक

**हैदरगढ़ ,बाराबंकी।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत गौतमन का पुरवा मजरे रौनी गांव में खाना बनाते समय आग लग जाने से जहां चार घरों की गृहस्थीं जलकर नष्ट हो गई वही खाना बना रही महिला भी गंभीर रूप से झुलस गई। गंभीर रूप से झुलसी महिला को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज पहुंचाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था के चलते महिला को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर किया गया है। गांव निवासी सुहाना पत्नी राम अवतार गुरुवार की सुबह घर के अंदर खाना बना रही थी कि तभी अचानक आग लग गई और देखते ही देखते आग ने राम अवतार के अलावा उनके पिता राम हरक भाई उमेश और अनिल के कच्चे छप्पर युक्त घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग लगते ही ग्रामीणों ने काबू पाने का भरसक प्रयास किया परंतु काबू नहीं पा सके सूचना पाकर पहुंचे अग्निशमन दल कर्मियों द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका लेकिन तब तक सारी गृहस्थी जलकर नष्ट हो चुकी थी।

# बदहाली पर आंसू बह रहा एमआरएफ सेंटर कचरा घर

- एमआरएफ सेंटर के उपकरणों को चोरों ने किया हाथ साफ
- नगर पंचायत झेल रहा प्रशासन की उदासीनता का दंश

**सिंगाही खीरी। समृद्धि न्यूज**

कस्बे से चार किलोमीटर की दूरी पर बना लाखों रुपए की लागत से एमआरएफ सेंटर शोपीस बनकर अपनी बदहाली पर आंसू बहाने को विवश है।

एमआरएफ सेंटर कचरा घर में लगे बिजली के उपकरणों को चोर चुरा ले गये। नगर पंचायत सिंगाही भेडौरा में नगर पंचायत के द्वारा आज से 4 साल पहले पंडित उत्तम कुमार मिश्रा पूर्व अध्यक्ष के कार्यकाल में कस्बे से लगभग 4 किलोमीटर की दूरी पर सुनील बत्रा के फार्म के पास लुधौरी रेंज के जंगल के किनारे कई लाख रुपए की लागत से बना एमआरएफ सेंटर कचरा घर भारत सरकार की मनसा के अनुसार स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए कस्बे में एकत्रित किए गए। कूड़े कचरे को एमआरएफ सेंटर कचरा घर में रखकर कचरे से बनने वाली सामग्री को तैयार कर नगर पंचायत की आय बढ़ाने के उद्देश्य से बनाया गया था जो नगर पंचायत की उदासीनता का दंश झेल रहा है। अब अपनी बदहाली पर आंसू बहाने को विवश है। नगर से जंगल के किनारे बने एमआरएफ सेंटर कचरा घर काफी कीमती इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लगाए गए थे कचरे को कमर्शियल बनाने के लिए समर सेबल पंप और बिजली से चलने वाले 6 पंखे लगाए गए थे। पानी के लिए नल भी लगा सोलर प्लेटों के बैटरी भी लगाए गए थे जिनको देख रहे की अभाव में चोर चुरा ले गए एमआरएफ सेंटर अपनी बदहाली पर आंसू बहाने को विवस होकर सफेद हाथी बनकर नगर पंचायत प्रशासन की उदासीनता का दंश झेल रहा है।

> **वर्जन**
> नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक अखिलेश अवस्थी ने इस संबंध पर चुपी साध ली और कहा कि मैं मीटिंग में व्यस्त हूं।

# राज्यपाल आनंदीबेन राजभवन में थैलासीमिया पीड़ित बच्चों से मिलीं

▸ थैलासीमिया के प्रति जागरूकता व रोकथाम के लिए दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से आज राजभवन में थैलासीमिया से पीड़ित 22 बच्चे व उनके परिजनों ने भेंट की। फाउंडेशन अगेंस्ट थैलासीमिया, फरीदाबाद, हरियाणा के तत्वाधान में इन बच्चों को राजभवन लाया गया था। पीड़ित बच्चों से मिलकर राज्यपाल ने उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

थैलासीमिया के प्रति जागरूकता फैलाए जाने हेतु निर्देश दिए। राज्यपाल ने पीड़ित बच्चों की उचित देखभाल तथा थैलासीमिया के प्रति जन जागरूकता, रोकथाम के लिए कहा। उन्होंने इस गंभीर बीमारी की जानकारी हेतु प्रचार-प्रसार तथा शादी व गर्भधारण से पूर्व खून की की जांच की आवश्यकता पर बल दिया। थैलेसीमिया के मरीजों के लिए भी जेनेरिक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हो तथा गर्भधारण के समय ही माता-पिता की थैलेसीमिया जांच भी हो। राज्यपाल ने थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों से मिलकर इस दिशा में रोकथाम व चिकित्सा सुविधाओं के लिए प्रतिबद्धता से कार्य करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

### सरकार मिशन शक्ति के तहत प्रत्येक जनपद से 250 महिलाओं को दिया जा रहा है प्रशिक्षण

# प्रदेश में सड़क पर ई-रिक्शा चलाती नजर आएंगी प्रशिक्षित महिला ड्राइवर्स

▸ बैंक फाइनेंस की सुविधा व लोन में 50 हजार की मिलेगी सब्सिडी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** सरकार मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को ई-रिक्शा प्रशिक्षण कार्यक्रम से जोड़ रही है। इसके जरिए महिलाओं को निशुल्क ई-रिक्शा प्रशिक्षण के साथ ड्राइविंग लाइसेंस और सस्ती ब्याज दरों पर ई-रिक्शा भी दिलाया जाएगा। साथ ही ई-रिक्शा पर 50 हजार रुपए तक की सब्सिडी भी प्रदान करेगी। प्रत्येक जनपद से 250 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सरकार की इस पहल से अब प्रदेश भर में सड़क पर प्रशिक्षित महिला ड्राइवर्स उच्च गुणवत्ता वाले ई रिक्शा चलाती नजर आएंगी।

हमने 250 महिलाएं प्रति जनपद का लक्ष्य निर्धारित किया है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत 250 महिलाओं का चयन करेंगे और फिर उनको ई रिक्शा स्वरोजगार उन्मुख करेंगे। चयन के बाद महिलाओं को ट्रेनिंग दी जा रही है। इसमें क्लास रूम ट्रेनिंग भी है जिसमें उन्हें ई रिक्शा और ड्राइविंग रूल्स के विषय में बताया जा रहा है। उनको प्रैक्टिकल ई रिक्शा चलाना सिखाया जा रहा है। महिलाओं को ई रिक्शा की पिंक ड्रेस भी दे रहे हैं एवं सेफ्टी किट और स्टेशनरी किट भी प्रदान की जा रही है। महिलाओं को आरटीओ के सहयोग से ड्राइविंग लाइसेंस भी दिलाने में मदद की जा रही है। फाइनली उनको बैंक तक ले जाने का प्रॉसेस भी हम करा रहे हैं। युवा स्वरोजगार योजना का जो लाभ है वो महिलाओं को मिल सके, जिसमें बैंक से आसान लोन भी शामिल है। प्रवीण सिंह ने बताया कि योजना के तहत ई रिक्शा की स्टैंडर्ड कॉस्ट 1.98 लाख रुपए निर्धारित की गई है। हमने जेम पोर्टल के माध्यम से ई रिक्शा कंपनीज का चयन किया है। ये कंपनियां लिथियम आयन बैटरी वाले ई रिक्शा बनाती हैं जो सबसे उच्चतम क्वालिटी के होते हैं। 1.98 हजार में योजना के अंतर्गत योग्य पाई जाने वाली महिलाओं को मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत 49 हजार 500 रुपए की सब्सिडी मिलेगी।

**दो पार्ट में होगा ट्रेनिंग का आयोजन : प्रवीण सिंह**

यूपीकॉन के एमडी प्रवीण सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत ई-रिक्शा प्रशिक्षण कार्यक्रम एमएसएमई विभाग द्वारा संचालित और यूपीकॉन द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रत्येक जनपद से एक हजार महिलाओं को प्रशिक्षित किए जाने का लक्ष्य है। मिशन शक्ति के तहत दो पार्ट में ट्रेनिंग आयोजित की जा रही है। पहले चरण में 56200 महिलाओं (प्रति जनपद 750) को 6 दिन का प्रशिक्षण दिया गया था। इसमें तीन दिन महिलाओं के वर्क प्लेस से संबंधी सेफ्टी, सिक्योरिटी, और सेल्फडिफेंस की ट्रेनिंग दी गई थी। इसके बाद तीन दिन उनको उद्यमिता विकास की ट्रेनिंग कराई गई थी। फेज 2 में 250 महिलाएं प्रति जनपद के हिसाब से 18750 महिलाओं को ई-रिक्शा ट्रेनिंग दी जा रही है। ड्राइविंग डोमेन में स्वरोजगार उन्मुख प्रशिक्षण की अवधि 6 माह की है। प्रशिक्षण के लिए महिलाओं का चयन मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की गाइडलाइंस के तहत किया जा रहा है। इसमें 10वीं पास 18 से 40 वर्ष की महिलाएं पात्र हैं। साथ ही उनके पास आधार और पैन कार्ड होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि एक लाइवलीहुड प्रोग्राम है।

## खबरें एक नजर में

### कलाकारों के सम्मान के साथ अवध लोकोत्सव का समापन




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** दो दिवसीय अवध लोकोत्सव का समापन 14 मार्च 2024 को अन्तर्राष्ट्रीय बौद्धसंस्थान गोमती नगर में अवध के रंगों से सजी गीत, नृत्य, संगीत की धुन एवं सम्मान समारोह के साथ भारतोदय संस्था द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नानक चंद्र लखमानी द्वारा अवध प्रांत के विभिन्न विधा के कलाकारों का सम्मान किया गया। काव्य विधा से कमलेश मौर्य मृदु, अभिनय से चंद्रभूषण सिंह, चित्रकला अमित कुमार, नृत्य आरती शुक्ला, संगीत रंजना मिश्रा, लोक कला शिवपूजन शुक्ला को पदम्श्री बाबा योगेन्द्र स्मृति कला गौरवसुम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई जिसमें रंजना मिश्रा का अवधी संस्कार गीत, शिवपूजन शुक्ला भजन गायन, शिप्रा चंद्र नृत्य एवं गायन और विजय यादव का फरवाही नृत्य मुख्य रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ अनुपमा श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में संस्था सचिव गिरीश चंद्र मिश्र, उपाध्यक्ष शिव सिंह, अविनाश कुमार, उत्कर्ष दीक्षित सहित साहित्य व संस्कृति की अनेक गणमान्य विभूतियां उपस्थिति रही।

### सीओ सर्किल स्तर के लिए खरीदे जाएंगे 41 दंगा नियंत्रण वाहन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में दंगाइयों एवं अपराधियों पर और अधिक त्वरित कार्रवाई एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु सी0ओ0 सर्किल स्तर के लिये 41 दंगा नियंत्रण वाहन खरीदने के निर्देश दिये है। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में प्रदेश की सुदृढ़ कानून व्यवस्था हेतु दंगाइयों एवं अपराधियों के विरूद्ध और अधिक त्वरित कार्यवाही एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु प्रदेश के सी0ओ0 सर्किलों हेतु 41 दंगा नियंत्रण वाहनों के खरीदने हेतु 09 करोड़ 84 लाख रूपये की धनराशि निर्गत करने के आदेश निर्गत कर दिये गये है। निर्गत आदेशों में स्पष्ट उल्लेख किया गया है किसी प्रकार की अनियमितता होने एवं आडिट आपत्ति होने पर उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय सहित क्रेता इकाई उत्तरदायी होगें। स्वीकृत धनराशि का उपयोग आगामी 31 मार्च तक सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुये कहा गया है कि यदि कोई धनराशि बचती है तो उसे राजकोष में समर्पित करना होगा।

### यूपी को एक स्वर्ण, एक रजत तथा तीन कांस्य पदक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने कटक (ओडिशा) में गत 9 से 11 मार्च तक आयोजित प्रथम खेलो इंडिया महिला ताइक्वांडो लीग (नेशनल फेज) में एक स्वर्ण, एक रजत व तीन कांस्य पदक जीते। खुशी कुमारी ने बालिका कैडेट अंडर-51 किग्रा में स्वर्ण जीता। प्रिय सिंह ने महिला सीनियर अंडर- 49 किग्रा में रजत पदक जीता। वहीं अन्वेषा जैन ने बालिका अंडर 59 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक, मीनू कुमारी ने महिला जूनियर अंडर- 42 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक तथा प्रियांशी जुगरान ने महिला जूनियर अंडर- 68 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। पदक विजेताओं को उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के चेयरमैन डा.सैयद रफत जुबैर रिजवी, अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह शैलू व सचिव राजकुमार तथा संघ के सभी पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### नानकशाही 556वां नव वर्ष व चेत माह संक्रांति पर्व मनाया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नानकशाही 556वाँ नव वर्ष एवं चौत माह संक्रांति पर्व ''कीर्तन दरबार'' के रूप में गुरूद्वारा नाका हिण्डोला लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर फूलों से सुसज्जित संगमरमर की भव्य पालकी साहिब एवं दरबार हाल को बिजली की झालरों से बड़ी खूबसूरती से सजाया गया। मुख्य ग्रंथी ज्ञानी सुखदेव सिंह ने चौत माह संक्रांति पर्व पर गुरमत विचारों द्वारा कथा व्याख्यान किया। सभी ने एक दूसरे को नानकशाही नव वर्ष की बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन सतपाल सिंह मीत ने किया। कार्यक्रम हरमिन्दर सिंह टीटू, मनमीत सिंह बंटी, आज्ञापाल सिंह आदि की देखरेख में सम्पन्न हुआ। उसके उपरान्त पाव-भाजी, जलेबी, दूध, काफी एवं गुरु का लंगर दशमेश सेवा सोसायटी के सदस्यों द्वारा की वितरित किया गया।

### संविदा कर्मी डिप्टी सीएम के आवास पर करेंगे प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लंबे समय से वेतन विसंगति दूर करने की मांग कर रहे हैं एनएचएम के संविदा कर्मियों ने अब डिप्टी सीएम के आवास के घेराव की तैयारी की हैं। 18 मार्च को स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक के लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर हजारों कर्मचारी पहुंच सकते हैं। संयुक्त राष्ट्रीय संविदा कर्मचारी संघ की तरफ से 1.5 लाख कर्मचारियों का आवाहन किया गया है। संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री योगेश उपाध्याय ने बताया है कि 2016 से प्रतिवर्ष बजट आवंटित होने के बाद भी एनएचएम संविदा कार्मिकों की वेतन विसंगति नही दूर की जा रही है। जबकि भारत सरकार द्वारा 2016 से 3 प्रतिशत प्रतिवर्ष अतिरिक्त बजट भी दिया जा रहा हैं। वही मध्यप्रदेश, हरियाणा, बिहार जैसे राज्यों में इस बजट का उपयोग करते हुए वेतन नीति बनाए जाने के साथ संविदा कार्मिकों की वेतन विसंगति दूर की गई है। 12 से 22 फरवरी तक वेतन विसंगति दूर करने की मांग को लेकर प्रदेश भर से लगभग 12000 पत्र मुख्यमंत्री को संविदा कार्मिकों ने भेजा था। जिसका संज्ञान अभी तक नही लिया गया। जिसके कारण 11 और 12 मार्च को प्रदेश भर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत संविदा कार्मिकों ने ऑनलाइन कार्य न किए जाने का निर्णय लिया। 11 और 12 मार्च को ऑनलाइन रिपोर्टिंग का कार्य लगभग 70 प्रतिशत से 75 प्रतिशत तक ठप रहा। यही वजह है कि 18 तारीख को प्रदेश भर के संविदा कर्मचारियों को उपमुख्यमंत्री के आवास पर पहुंचने के लिए कहा गया है।

# युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों से सख्ती से निपट रही है सरकार

▸ पीसीएस से चयनित अफसरों को सीएम ने दिया नियुक्ति पत्र

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों से सख्ती से निपट रही है।

अपने सरकारी आवास पर उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 39 उपजिलाधिकारियों, 41 पुलिस उपाधीक्षकों एवं 16 कोषाधिकारी-लेखाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के मौके पर मुख्यमंत्री ने नवचयनित अभ्यर्थियों ने अपने अनुभव साझा किये। उन्होने कहा जब सरकार ईमानदारी के साथ काम करती है तो ओवरऑल परसेप्शन चेंज होता है। उन्होंने कहा कि पिछले सात वर्षों में आपने देखा होगा कि जहां पहले प्रदेश के लोगों के सामने अपनी पहचान का संकट था। वहीं, आज वह सीना तान कर कहते हैं कि मैं उत्तर प्रदेश का हूं। यह सब सरकार के निर्णय के मेकैनिज्म से हुआ है।

उन्होने नवचयनितों को संबोधित करते हुए कहा कि उनके पास 30 से 35 वर्ष का समय जनता जनार्दन की सेवा करने का है। उनकी दुआएं लेने का है, ताकि अपने भविष्य को उज्जवल बना सकें। उन्होंने कहा कि पहली बार किसी आयोग और बोर्ड ने मात्र 9 माह में चयन की प्रक्रिया पूरी की है। इसमें न किसी की सिफारिश की जरूरत पड़ी और न कोई हस्तक्षेप हुआ। वहीं जिन लोगों ने परीक्षा की शुचिता से खिलवाड़ करने की कोशिश की, वह लोग उसका खामियाजा भुगत रहे हैं। उनकी प्रॉपर्टी जब्त कर ली गई, उनके घर पर रेड पड़ी। इतना ही नहीं सरकार तय कर चुकी है कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा।योगी ने कहा हमारी कार्ययोजना का ही परिणाम है कि पिछले 7 वर्षों के अंदर करोड़ों युवाओं को नौकरी और रोजगार की सुविधा प्रदेश में उपलब्ध करायी गयी है। इसी का परिणाम है कि आज पर कैपिटा इनकम और प्रदेश की जीडीपी में इजाफा हुआ है। इतना ही नहीं यूपी देश की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरकर सामने आया है। उन्होंने कहा कि आपको गवर्नमेंट के इंजन के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन करना है। उन्होंने कहा आप जब तक फील्ड में आएंगे तब तक हम राजस्व के सभी कार्यों को डिजिटाइज करने में सफल हो चुके होंगे। इसके बाद भी राजस्व संबंधी विवाद के मामले सामने आएंगे। ऐसे में इन मामलों को निपटाने के लिए आपको तहसील में रहकर फोकस करना होगा। कार्यक्रम में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव नियुक्ति डॉ. देवेश चतुर्वेदी, अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार, डीजीपी प्रशांत कुमार, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद आदि मौजूद रहे।

**पूर्व सरकारों के नेताओं की आजीविका का माध्यम थे माफिया**

**लखनऊ/अंबेडकर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के पहले माफिया अंबेडकरनगर में जमीन पर कब्जा करते थे पर आज कोई माफिया किसी जमीन पर कब्जा या बेटी से छेड़छाड़ नहीं कर पाएगा, क्योंकि उसे मालूम है कि ऐसा करने वालों का यमराज अगले चौराहे पर उपचार कर देगा। अंबेडकरनगर के सिविल लाइन ग्राउंड पर 2122 करोड़ की 4977 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास के मौके पर योगी ने गुरुवार को दो निजी औद्योगिक विकास परियोजनाओं का भी शुभारंभ किया। उन्होंने यहां बच्चों का अन्नप्राशन कराया। कुछ बच्चों से बातचीत कर उनकी शिक्षा के बारे में भी जाना। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के नाम पर कन्नौज मेडिकल कॉलेज का नाम हटा दिया, लेकिन हमने जोड़ दिया। हमने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर संविधान शिल्पी थे। उनके नाम पर कोई समझौता नहीं हो सकता। सपा दलित विरोधी है, उन्होंने भले ही नाम मिटाया, लेकिन हम फिर से नामकरण करेंगे।

# नगर पंचायत वलीदपुर के कई गांवों को मिलेगी निर्बाध बिजली आपूर्ति

समृद्धि न्यूज

▸ नगर विकास व ऊर्जा मंत्री ने मऊ को दी करोड़ों रुपए की सौगात

**लखनऊ/मऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मऊ को आज करोड़ों रुपए की सौगात दी है। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकसित भारत बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है। नगर विकास और ऊर्जा विभाग के कार्यों से प्रदेश के जिलों के साथ ही मऊ में भी विकास की नई इबारत लिखी जा रही है।

राज्य में जर्जर तार बदलने और ट्रांसफार्मर उच्चीकृत करने का कार्य 17 हजार करोड़ रुपए की लागत से युद्धस्तर पर किया जा रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि दो दिन पहले ही नगरीय सुविधाओं को उच्चीकृत करने के लिए मुख्यमंत्री के कर कमलों से 11 हजार करोड़ रुपए की 3419 विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में लखनऊ की तर्ज पर 24 घंटे निर्बाध विद्युत अपूर्ती देने के लिए निरंतर सफल प्रयास हो रहे हैं। मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री, परिवहन मंत्री के साथ सभी विभागों के मंत्री, अधिकारियों, कर्मचारियों का हृदय से धन्यवाद किया। ऊर्जा मंत्री ने 33/11 के.वी. उपकेंद्र वलीदपुर पर पॉवर ट्रांसफार्मर 1 गुणा 5 एमवीए से 2 गुणा 5 एमवीए में क्षमता वृद्धि के कार्य का लोकार्पण हुआ। जिसकी लागत 87.25 लाख रुपए है। इस कार्य से ग्रीष्मऋतु में होने वाली विद्युत कटौती की समस्या से मुक्ति मिलेगी और नगर पंचायत वलीदपुर को निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिलेगी जिसके अंतर्गत भिट्टी, रहमतनगर, बिच्चलापुरा, काजीटोला, ईदगाह, उत्तर मुहल्ला, ईस्लामपुरा, मठिया, रामनगर मोड़ एवं भोपतपुर के वासियों को बेहतर विद्युत सुविधा मिलेगी। मोहम्मदाबाद में 40 एमवीए के अतिरिक्त प्रवर्तक को स्थापित किया गया है। घोसी में 05 एमवीए को उच्चीकृत करते हुए 10 एमवीए किया गया। नदुआ सराय मजरा में 132 केवीए के नये सब स्टेशन को जनता की सेवा में समर्पित किया। इस साल वलीदपुर नगर पंचायत को 05 करोड़ रुपए विकास कार्यों के लिए दिए गए हैं।

# प्राविधिक विवि और निजी क्षेत्र की संस्थाओं के मध्य 10 एमओयू साइन

समृद्धि न्यूज

▸ 878 करोड़ के एमओयू से 17 लाख युवाओं को मिलेगा प्रशिक्षण

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व व प्रभावी मार्गदर्शन में प्रदेश के सर्वांगीण विकास मे तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा व कौशल विकास महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। वर्तमान परिदृष्य में नित्य हो रहे प्रोद्योगिकी प्रगति एवं औद्योगिक आवश्यकताओ की पूर्ति हेतु न्यू एज कोर्सेज के ज्ञान से परिपूर्ण कुशल तथा प्रशिक्षित युवा शक्ति को रोजगारपरक व आत्मनिर्भर बनाये जाने के उद्देश्य से प्राविधिक शिक्षा तथा उपभोक्ता मामले मंत्री आशीष पटेल तथा व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल की उपस्थिति में प्रदेश सरकार, प्राविधिक विश्वविद्यालयो व निजी क्षेत्र के संस्थाओं के मध्य पारस्परिक सहयोग की भावना के साथ 10 समझौता ज्ञापन एमओयू हस्ताक्षरित हुये।

प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व मे युवाओं के स्कील डेवलपमेंट पर फोकस किया जा रहा है। देश-विदेश में उत्तर प्रदेश के मैनपावर पर भरोसा जताया जा रहा है। प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में उत्तर प्रदेश महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को विकसित प्रदेश बनाया जा रहा है। उन्होंने एमओयू करने आये कम्पनियों के अधिकारियों को भरोसा दिलाया कि उत्तर प्रदेश सरकार पूरी तरह उनका सहयोग करेगी। एमओयू वर्चुवल इनटर्नशिप कार्यक्रम, आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स सहित विविध प्रकार के क्षेत्रों को कवर करते है, जो आज के प्रौद्योगिकी परिदृष्य में कैरियर डेवलपमेन्ट और नवाचार के लिये महत्वपूर्ण है। एमओयू के फलस्वरूप 878 करोड़ रूपये के कौशल विकास व प्रशिक्षण प्राप्त होंगे जिसके फलस्वरूप तकनीकी एवं कौशल क्षेत्र से जुड़े लगभग 17 लाख 11 हजार छात्र व छात्राएं एवं युवा लाभान्वित होंगे।

### पात्रों तक पहुंचना चाहिए योजनाओं का लाभ : राजभर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पंचायतीराज तथा अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ् एवं हज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने आज विधान सभा के मुख्य भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष सं.-62 में विभागीय कार्य एवं दायित्वों को ग्रहण किया। इस दौरान पंचायतीराज एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे, जिसमें अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव अल्पसंख्यक कल्याण मोनिका एस गर्ग, निदेशक पंचायतीराज अटल कुमार राय उपस्थित रहे।पंचायतीराज मंत्री ने इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय कार्यक्रमों एवं योजनाओं का लाभ लोगों को मिले इसका पूरे मनोयोग से प्रयास किया जाए। प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आमजन गरीबों, महिलाओं, बुर्जुगों के कल्याण के लिए कृत संकल्पित है। इसके लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही है। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने विभागों के अधिकारियों से कार्यक्रमों एवं योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की। प्रदेश सरकार की मंशानुरूप योजनाओं के लक्ष्य को पूरा करने का हर संभव प्रयास किया जाए।

# टूर एण्ड ट्रैवेल व्यवसायियों को पर्यटन विभाग में कराना होगा पंजीकरण : जयवीर सिंह

▸ व्यवसायियों व पर्यटकों की सुविधा के लिए लिया गया निर्णय

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में टूर एवं ट्रेवल व्यवसाय करने वालों को पर्यटन विभाग में पंजीकरण कराना होगा। व्यवसायियों तथा पर्यटकों के हित में दूरगामी निर्णय लेते हुए पर्यटन विभाग ने दो श्रेणियों में पंजीकरण के लिए शर्तें निर्धारित की हैं। यह पंजीकरण 1ए और 1बी श्रेणी में होगा। पर्यटन विभाग में पहले टूर एवं ट्रेवेल्स आपरेटर का विवरण नहीं था। इसलिए उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा था।

पंजीकरण के बाद पर्यटन नीति-2022 के तहत भविष्य में इन्हें आर्थिक लाभ भी प्राप्त होगा और दूसरे राज्यों और दूसरे देशों में पर्यटन के स्टालों पर अपना प्रचार प्रसार भी कर सकेंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि फिलहाल दो श्रेणियों 1ए और 1बी में रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। 1 ए में स्टार्टअप और 1बी में अनुभव श्रेणी में पंजीकरण की व्यवस्था है। स्टार्टअप में पंजीकरण के लिए टूर-ट्रेवेल आपरेटर या उनके स्टाफ के पास पर्यटन में डिग्री, डिप्लोमा या पर्यटन क्षेत्र में काम करने का दो वर्ष का अनुभव होना चाहिए। यूपी में जीएसटी रजिस्ट्रेशन होनी चाहिए। अगर कार्यालय है तो ठीक वर्ना घर से भी कार्य किया जा सकता है। इनकी पंजीकरण फीस एक हजार रुपये है। शर्तें पूरी होने पर उत्तर प्रदेश पर्यटन तीन वर्ष के लिए प्रमाण पत्र देगा। उत्तर प्रदेश पर्यटन के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण राज्य है। यहां टूर-ट्रेवेल का बड़ा व्यवसाय है। बड़ी संख्या में पर्यटक इस पर निर्भर हैं। पर्यटन विभाग में पहले इन आपरेटर्स का पंजीकरण नहीं था। असुविधाओं का सामना करना पड़ता था। इसी समस्या को दूर करने के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कराया गया है। अब तक 62 रजिस्ट्रेशन कराए जा चुके हैं। अनुभव श्रेणी में पंजीकरण के लिए प्रति वर्ष 10 लाख से ज्यादा का टर्नओवर, पर्यटन में डिग्री या डिप्लोमा, यूपी में जीएसटी रजिस्ट्रेशन और यूपी में कार्यालय होना चाहिए। ढाई हजार रुपये रजिस्ट्रेशन फीस देनी होगी। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा अनुभव श्रेणी में पांच वर्ष के लिए प्रमाण पत्र दिया जायेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटकों को सुरक्षा के साथ उच्च कोटि की सुविधाएं मिलेंगी, व्यवसायियों को भी विभाग की ओर से दिए जाने वाले लाभ प्राप्त होंगे। पर्यटकों की सुविधा को देखते हुए यह कदम उठाया गया है ताकि लोग उचित पैकेज दर पर सुरक्षित और आनंददायक भ्रमण कर सकें। खास बात यह कि पंजीकरण में आपरेटर्स की सुविधाओं का भी विशेष ख्याल रखा गया हैं। इसलिए दो श्रेणियों 1ए और 1बी में रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। इससे सबसे बड़ा लाभ जो व्यावसायियों को मिलेगा। विभाग में पंजीकरण हो जाएगा तो उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति के तहत वित्तीय लाभ मिलेगा, साथ ही देश-दुनिया में प्रचार-प्रसार का मौका मिलेगा।

**घोषणा** | होली के चलते 22 से 01 अप्रैल तक चलेंगी रोडवेज की अतिरिक्त बसें : परिवहन मंत्री

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को दी जाएगी प्रोत्साहन राशि

समृद्धि न्यूज





**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने होली के पर्व पर अत्यधिक बसों की व्यवस्था कराने एवं प्रोत्साहन योजना के संबंध में निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि होली पर्व से कुछ दिन पूर्व एवं इसके बाद तक देश एवं प्रदेश के अन्य हिस्सों से अपने घर लोग पर्व मनाने जाते हैं। 22 मार्च से 01 अप्रैल तक अतिरिक्त बसों की सुचारू व्यवस्था की जाए जिससे कि यात्रियों को होली पर्व के दौरान यात्रा में असुविधा न हो।परिवहन मंत्री ने कहा कि गाजियाबाद, दिल्ली एवं पश्चिमी क्षेत्रों से लोग ज्यादा यात्रा करते हैं, जिसके दृष्टिगत इन क्षेत्रों में बसों एवं कर्मचारियों की संख्या निर्धारित करते हुए पहले से ही तैयारी कर ली जाए। प्रारम्भिक प्वाइंट से 60 प्रतिशत यात्री लोड मिलता है तो सभी पूर्वी क्षेत्र के अधिकारी होली पर्व अवधि में अतिरिक्त सेवाओं के संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। शत-प्रतिशत निगम बसों को आनरोड किया जाए व निरन्तर चलाये जाने की व्यवस्था की जाए। पर्व अवधि में अनुबंधित बसों को अवकाश न दिया जाए। वाहन स्वामी वाहनों की मरम्मत कार्य कराकर संचालन के लिए अपनी बसें उपलब्ध करायें।

परिवहन मंत्री ने निर्देश दिये कि जाम, दुर्घटना के फलस्वरूप अवरूद्ध संचालन को क्षेत्रीय प्रबंधक सुचारू बनाये रखने की तैयारी कर लें और तत्काल यात्रा सुनिश्चित करायें, जिससे कि यात्रियों को कोई असुविधा न हो। प्रवर्तन दल निरन्तर क्षेत्र में ड्यूटी पर रहें और चालकों परिचालकों का ब्रेथ एनलाइजर टेस्ट किया जाए, जिससे कि यात्रियों को सुरक्षित यात्रा उपलब्ध हो। बसों के कल-पुर्जे, खिड़कियों के शीशे इत्यादि लगे होने के साथ सीटों की स्थिति अच्छी होनी चाहिए। साथ ही फायर सेफ्टी उपकरण भी बसों में मौजूद हो। पर्व अवधि में ऐसे चालकपरिचालक जिसमें संविदा तथा आउटसोर्सिंग के चालक परिचालक शामिल होंगे, को निर्धारित औसत किमी का संचालन करने पर 350 रूपये प्रति दिवस की दर से विशेष प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जायेगा। इन्हें प्रोत्साहन अवधि में औसतन 300 किमी प्रतिदिन संचालन करना होगा। यदि ऐसे कार्मिक 11 दिन की सम्पूर्ण प्रोत्साहन अवधि तक कुल ड्यूटी करते है और निर्धारित किमी के उपरोक्त मानक को पूर्ण करते हैं तो 400 रूपये प्रतिदिन की दर से प्रोत्साहन देय होगी।

इसके अतिरिक्त संविदा वाह्य स्रोत चालकों परिचालकों को प्रोत्साहन अवधि में उपरोक्त निर्धारित मानक से अधिक किमी अर्जित करने पर अतिरिक्त किमी पर प्रति किमी 55 पैसे का अतिरिक्त मानदेय दिया जायेगा। पर्व अवधि में 11 दिन लगातार ड्यूटी करने वाले डिपो कार्यशाला एवं क्षेत्रीय कार्यशाला में कार्यरत कार्मिक जिसमें आउटसोर्स कर्मी भी शामिल हैं को एक मुश्त 1800 रूपये प्रदान किया जायेगा तथा इस अवधि में 10 दिन की ड्यूटी करने वाले कार्मिकों को एक मुश्त 1500 रूपया प्रदान किया जायेगा। प्रोत्साहन अवधि में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों, उपाधिकारियों को क्षेत्रीय समिति की संस्तुति के अनुसार प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के लिए समस्त क्षेत्रीय प्रबंधकों को 10,000 हजार रूपये एवं सेवा प्रबंधकों को 5000 रूपये की राशि भी दी जायेगी। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक डिपो को 50 रूपये प्रति निगम एवं अनुबंधित बस के आधार पर आगणित धनराशि उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों, उपाधिकारियों में वितरित करेंगे।

# मात्र आठ माह नौ दिन में ही 2023 की चयन प्रक्रिया की पूरी : जायसवाल



▸ स्टांप मंत्री रविंद्र जायसवाल ने 19 नवचयनित उप निबंधकों को वितरित किए नियुक्ति पत्र

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रवींद्र जायसवाल ने गुरुवार को वाराणसी सर्किट हाउस सभागार में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा वर्ष 2023 में चयनित 19 उप निबंधक पद के अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया।

इनमें क्रमशः अनिल कुमार यादव, महिमा मिश्रा, राहुल वर्मा, प्रज्ञा यादव, शिवम द्विवेदी, वरुण सिंह, सुशील कुमार पांडेय, कादंबरी त्रिपाठी, दीप्ति सिंह, मुकेश कुमार, विवेक कुमार, अवंतिका देवी, भीमव्रत प्रताप सिंह, प्रिया, रोहित कुमार, मनीष परिहार, मुकेश चंद्रा, मुकेश त्रिपाठी तथा प्रह्लाद कुमार सरोज थे।

## मुख्यमंत्री ने गोंडा में 1689.46 करोड़ की 422 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास

# गोंडा से भी आए आवाज, फिर एक बार मोदी सरकार : सीएम

गोंडा, समृद्धि न्यूज़।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आपके एक वोट ने देश की तकदीर को बदल दिया। पहले आप जिन लोगों को वोट देते थे, उन्हें राम के नाम से भय होता था। राम का नाम लेने में संकोच होता था। आपका पर्व-त्योहार आता था तो वे कर्फ्यू लगा देते थे। अराजकता फैलाते थे, आस्था पर प्रहार करते थे। आपके वोट को आपके खिलाफ प्रयोग करते थे। सुरक्षा व नौजवानों के रोजगार में सेंध लगाते थे। आज सुबह ही लखनऊ में 100 नौजवानों को नियुक्ति पत्र दिया है। यूपी के नौजवान नियुक्ति पत्र प्राप्त कर अग्रणी सेवा में जा रहे हैं, क्योंकि सरकार संवेदनशील तरीके से उनके विकास के लिए कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने गोंडा के शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह थॉमसन इंटर कॉलेज ग्राउंड में 1689.46 करोड़ की 422 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। साथ ही स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय का उद्घाटन किया और देवी बख्श सिंह के नाम पर मेडिकल कॉलेज का नाम करने की घोषणा की। सीएम ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चाबी, चेक, प्रमाण पत्र आदि वितरित किया।



गोंडा के मेडिकल कॉलेज को किया स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजा देवी बख्श सिंह के नाम

गोंडा के विकास के लिए यहां के जनप्रतिनिधि मुझसे झगड़ा भी करते हैं

सीएम ने कहा कि 2017 के पहले गोंडा की स्थिति क्या थी। 2015-16 का सर्वे आया था तो गोंडा सबसे गंदा शहर था, तब मैंने प्रतीक भूषण से कहा था कि जनता ने आशीर्वाद दिया है, विधायक बने हैं तो गोंडा को स्वच्छ शहर के रूप में स्थापित करो। सीएम ने कहा कि डबल इंजन की सरकार नहीं होती तो क्या रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण हो पाता। आपकी आस्था को डबल इंजन की भाजपा सरकार सम्मान दे रही है। पूरे देश में एक ही आवाज है, फिर एक बार-मोदी सरकार। सीएम ने विश्वास जताया कि देश की आवाज के साथ गोंडा की आवाज भी मोदी सरकार के संकल्प के साथ बढ़ेगी।

### आज सबके मुंह से जयश्रीराम निकलता है

सीएम ने कहा कि पूरा गोंडा अयोध्या दर्शन करने चला गया है। अयोध्या में रामलला के विराजमान होने का सर्वाधिक लाभ गोंडा को मिल रहा है, राम मंदिर उन लोगों के लिए सपना था। कभी राम के नाम पर दंड बरसते थे और गोलियां चलती थीं पर आज सबके मुंह से जयश्रीराम की बोली निकलती है। आज रामभक्तों पर गोली नहीं, पुष्पवर्षा हो रही है। 22 जनवरी को श्रीरामलला विराजमान कार्यक्रम को पीएम बढ़ाकर पांच सदी का इंतजार समाप्त कर रहे थे तब भी हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा हो रही थी।

### देश बदल चुका है, हम नए भारत में रह रहे हैं

सीएम ने कहा कि हमारा देश बदल चुका है। हम नए भारत में रह रहे हैं, जिसने दुनिया में 140 करोड़ भारतवासियों का गौरव बढ़ाया है। आतंकवाद, नक्सलवाद समाप्त हो गया। देश सुरक्षा व समृद्धि के नित नए प्रतिमान को गढ़ता हुआ आगे बढ़ रहा है। मोदी जी को तीसरा कार्यकाल दीजिए, भारत उनके नेतृत्व में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। प्रधानमंत्री जी भी कहते हैं कि हमारा संकल्प विकसित भारत होना चाहिए। विकसित भारत के लिए विकसित उप्र और विकसित उप्र के लिए विकसित गोंडा भी आवश्यक है। विकसित गोंडा के लिए यहां की सड़कों को फोरलेन से जोड़ा जा रहा है। विकसित भारत के लिए गोंडा में मेडिकल कॉलेज दिया गया है। विकसित भारत के लिए आजादी के बाद डबल इंजन सरकार ने वनटांगिया समुदाय को पहली बार न्याय दिया। विकसित भारत के लिए बाढ़ की परियोजनाओं को पूरा करने आए हैं। श्रावस्ती वायुसेवा से जुड़ेगा। अयोध्या में इंटरनेशनल एयरपोर्ट बन चुका है। अयोध्या से गोंडा को फोरलेन की कनेक्टिविटी से जोड़ने की कार्रवाई हो रही है। 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर 8000 करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। सीएम ने घोषणा की कि 1857 के जिस योद्धा व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ने गोंडा में मोर्चा संभाला था, उन देवी बख्श सिंह के नाम पर गोंडा मेडिकल कॉलेज का नाम होगा। कॉलेज में उनकी प्रतिमा लगेगी। 1857 का उनका इतिहास लिखा जाएगा। आजादी के नायकों व भारत मां की सेवा करने वालों को भारत सम्मान देगा। इनके नाम पर मेडिकल कॉलेज, पॉलीटेक्निक, कॉलेज, हाइवे व एक्सप्रेसवे आदि होंगे। उन्हें सम्मानित कर भावी पीढ़ी प्रेरणा प्राप्त करती रहेगी।

# खनन निरीक्षक ने अवैध खनन में डंपर सीज कर कर्नलगंज पुलिस को सौंपा

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़

- कर्नलगंज कस्बा चौकी पुलिस ने रात में ही लेनदेन करके डंपर को छोड़ा

जिले के कर्नलगंज क्षेत्र में 13 मार्च की रात एक बजे खनन निरीक्षक ने अवैध खनन कर ले जा रहे डंपर को सीज कर पुलिस अभिरक्षा में दे दिया। नगर चौकी पुलिस ने लेनदेन कर कोतवाली पहुंचने से पहले ही डंपर को गायब कर दिया। पुलिस के इस गंभीर कारनामे को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है और खनन माफियाओं और पुलिस की गठजोड़ उजागर होने के साथ ही पुलिस प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

बताते चलें कि कर्नलगंज क्षेत्र में पुलिस और खनन कर्ताओं की मिलीभगत से खुलेआम दिन रात जमकर अवैध खनन हो रहा है। जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी भी खनन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं। भले ही इसका कारण कुछ भी हो सत्ता पक्ष के माननीयों का दबाव या सेटिंग गेटिंग पर इस मामले में बड़ा खेल हो रहा है। सूत्रों की तो कर्नलगंज कस्बा चौकी व कोतवाली के कुछ सिपाहियों व दरोगा की उच्चाधिकारियों से मिलीभगत होने से यह अवैध खनन जमकर हो रहा है। 13 मार्च की रात में खनन निरीक्षक द्वारा अवैध खनन कर ले जा रहे डंपर को सीज कर पुलिस अभिरक्षा में देने के बाद नगर चौकी पुलिस द्वारा लेनदेन कर कोतवाली पहुंचने से पहले ही डंपर को गायब कर दिए जाने से पुलिस के इस गंभीर कारनामे को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है और खनन माफियाओं और पुलिस की गठजोड़ उजागर होने के साथ ही पुलिस प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## डीएम की फेसबुक आईडी हैक होने के मामले में मुकदमा दर्ज

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** डीएम नेहा शर्मा की फेसबुक आईडी बुधवार को हैक हो गई। हैकर्स ने डीएम की आईडी से जब अश्लील कंटेंट शेयर करना शुरू किया तो इसकी जानकारी हुई। आईडी को तत्काल बंद कर दिया गया है और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। डीएम नेहा शर्मा ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट कर आईडी हैक होने की जानकारी साझा की है। डीएम ने सोशल एकाउंट एक्स पर लिखा कि उनकी फेसबुक आईडी किसी अनजान व्यक्ति द्वारा हैक किया गया। फिलहाल वह अकाउंट बंद कर दिया गया है। आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# दबंगों ने किया पीड़िता के घर पर कब्जा, पुलिस खामोश

कटरा बाजार /गोंडा ,समृद्धि न्यूज।

मामला थाना कटरा बाजार ग्राम धोबिया पुरवा वीरपुर का है जहां की निवासिनी गीता देवी पत्नी राजाराम ने एक प्रार्थना पत्र पुलिस अधीक्षक गोंडा को देते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी गुरूबचन अपने बैनामे की भूमि घाटा संख्या276 के भूमि के बगल गाटा संख्या 280 आबादी की भूमि जिस पर पीडिता व उसके ससुर कई वर्षों से टिन व छप्पर बनाकर आबादी की भूमि पर ही गुजर बसर कर रहे थे जिसे गाटा संख्या 276 के गुरु वचन पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम परसा महेशी जो समाजवादी पार्टी एक नेता के इशारे पर विपक्षिनी का



टीन छप्पर से निर्मित घर को जेसीबी से उजाड़ फेंका जिससे उसका परिवार बेघर होकर सड़क पर आ गया जिसकी सूचना जब प्रार्थिनी थाना अध्यक्ष कटरा बाजार को दी तो थाना अध्यक्ष ने मामले को सुनने से ही इंकार करते हुए थाने से ही भगा दिया। परेशान बेघर हुई पीड़िता ने प्रार्थना पत्र देकर पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार। जब इस प्रकरण पर थाना अध्यक्ष कटरा बाजार संजय गुप्ता से जानकारी मांगी गई तो उन्होंने बताया कि पुलिस के संज्ञान में आने के बाद निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया है।

# स्मार्टफोन पाकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

- पंडित दीन दीनदयाल उपाध्याय ग्रामोदय पीजी कॉलेज में स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम आयोजित

गोंडा, समृद्धि न्यूज़

स्थानीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामोदय पीजी कॉलेज बादलपुर बेलसर गोंडा में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत निशुल्क स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बीएड द्वितीय वर्ष और बीए तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक प्रेम नरायन पांडे, जन्मेजय सिंह प्रधान प्रतिनिधि एवं समाजसेवी और महाविद्यालय के प्रबंधक राम गनेश तिवारी द्वारा छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन प्रदान गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार छात्र-छात्राओं के हित में अनेक योजनाएं चला रही है इसी क्रम में स्मार्टफोन योजना एक ऐसी योजना है जिसके द्वारा सरकार छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा से जोड़ने का प्रयास कर रही है।

महाविद्यालय के प्रबंधक ने बताया कि इस वर्ष स्मार्टफोन योजना के अंतर्गत कुल 165 छात्र-छात्राएं लाभान्वित हुए हैं सभी छात्राओं को स्मार्टफोन प्रदान किया जा रहे हैं।

महाविद्यालय में अध्यनरत बीएड द्वितीय वर्ष एवं बीए तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं को जैसे ही स्मार्टफोन प्राप्त हुआ सभी के चेहरे खिल उठे छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने ढंग से सरकार का धन्यवाद किया इसी क्रम में बीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा शुचि पांडे ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए कहा - थैंक यू सीएम सर।

इस अवसर पर प्रबंधक राम गनेश तिवारी, दिलीप तिवारी जन्मेजय सिंह, समस्त स्टाफ एवं भारी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, मुकदमा दर्ज

**परसपुर/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम मधईपुर के मजरे गलिबहा निवासी वीरेंद्र सिंह ने अपने ही गांव की एक महिला सहित चार लोगों के विरुद्ध पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट गाली गलौज किये जाने तथा बचाने आये परिजनों के साथ भी मारपीट किये जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर उनके गांव निवासी महेन्द्र प्रताप सिंह, आयुष प्रताप सिंह, युवराज सिंह पुष्पा सिंह ने मंगलवार की शाम उनके सहन दरवाजे के सामने आकर उन्हें लाठी डंडा, सरिया से मारने लगे। शोर करने पर परिजन बचाने आये तो उन्हें भी मारा पीटा। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। शीघ्र ही पूरा मामला सामने आ जायेगा।

### सविता सुपर वूमेन अवार्ड से सम्मानित




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** महिला शक्ति के संदेश के साथ जयपुर में आयोजित सुपर वूमेन अवार्ड 2024 में बहराइच की रहने वाली शिक्षिका और समाज सेविका सविता वर्मा को बॉलीवुड अभिनेत्री भाग्यश्री के हाथो बेस्ट सोशल वर्कर बहराइच का अवार्ड दे कर सम्मानित किया गया है।राजस्थान के जयपुर में फॉरेवर स्टार इंडिया की तरफ से 10 मार्च को सुपर वूमेन अवार्ड 2024 सीज़न 5 का आयोजन किया गया था जिसमे बतौर गेस्ट पहुंची बॉलीवुड अभिनेत्री भाग्यश्री ने देशभर से आए 130 अचीवर्स को अवार्ड देकर सम्मानित किया है। इस अवार्ड सेरेमेनी में बहराइच की रहने वाली सविता वर्मा को ट्रॉफी,मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर बेस्ट सोशल वर्कर के अवार्ड से सम्मानित किया गया।सविता वर्मा को अवार्ड मिलने के बाद बहराइच पहुंची सविता वर्मा ने बताया के राजस्थान के जयपुर में पूरे भारत से आए 130 अचीवर्स को सम्मानित किया गया है जिसमे बहराइच से मुझे चुना गया। यह अवार्ड वूमेंस डे की थीम पर आयोजित किया गया था। शो के ऑर्गेनाइजर राजेश अग्रवाल और उनकी पूरी टीम ने भारत से अपने अपने क्षेत्र में अच्छा काम कर रही महिलाओं को एक मंच पर बुलाकर बॉलीवुड एक्ट्रेस भाग्यश्री और आर्मी ऑफिसर के हाथो सम्मानित कराया है। सविता वर्मा ने आगे बताया की इस अवार्ड सेरेमेनी का मक़सद एक मंच से हर अचीवर्स को ग्लोबल पहचान उपलब्ध कराना है।

### रोजा रखने से इंकार किया तो घर में घुस कर पीटा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र रसूलपुर सरैया गांव निवासी महिला ने तबियत ठीक न होने की बात कहते हुए रोजा नहीं रखा। इससे नाराज समाज के कुछ लोगों ने वृद्ध महिला की लाठी और डंडे से पिटाई कर दी। महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रमजान माह शुरू हो गया है। बुधवार को रमजान का दूसरा दिन था। कुछ लोग रोजा रख रहे हैं तो कुछ निजी समस्याओं से रोजा नहीं रख रहे हैं। इसका विरोध भी उन्हें उठाना पड़ रहा है। कुछ यही हाल कोतवाली देहात क्षेत्र ग्राम पंचायत रसूलपुर सरैया गांव में महिला के साथ देखने को मिला। गांव निवासी महिला दुखना पत्नी पुत्तन ने बताया कि बुखार होने के चलते उसने इस बार रोजा नहीं रखा है। इसकी जानकारी गांव निवासी मुसलीम, लेंगड़, बहीर और चुर्री ने लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। जिस महिला गंभीर रूप से घायल हो गई परिवार के लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया महिला ने कोतवाली देहात में तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक बीके मिश्रा ने बताया कि महिला का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है महिला की तहरीर पर केस दर्ज का जांच शुरू कर दी गई है।

# चकबंदी प्रक्रिया के विरोध में लामबंद हुए ग्रामीण

- विरोध की संख्या रही अधिक
- शुरू से ही ग्रामीण चकबंदी का करते आ रहे हैं विरोध

विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।

क्षेत्र के ग्राम पंचायत कांधभारी में 2009 से प्रचलित चकबंदी प्रक्रिया अब स्थगित होने के कगार पर पहुंच गई है। शुरू से ही ग्रामीण चकबंदी का विरोध करते आ रहे थे। गुरुवार को परिषदीय विद्यालय कांधभारी के कैंपस में उपजिलाधिकारी पयागपुर दिनेश चंद्र ने चकबंदी एस ओ सी सवेंद्र सिंह,नायब गया प्रसाद,राम कुमार के साथ गांव में पहुंचकर ग्रामीणों से रूबरू हुए।भीड़ को बेकाबू देखते हुए उपजिलाधिकारी को



पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था करनी पड़ी। थाना प्रभारी नवीन सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ स्थिति पर नियंत्रण रखा। उपजिलाधिकारी के सामने उपस्थित लगभग तीन सौ से अधिक ग्रामीणों में से 225 लोगों ने एक मत होकर चकबंदी प्रक्रिया स्थगित करने के लिए अपने हस्ताक्षर किए। मात्र 105 लोगों ने चकबंदी प्रक्रिया के पक्ष में अपनी इच्छा जाहिर की। उपजिलाधिकारी ने चकबंदी प्रक्रिया के संबंध में अपनी बाइट देने से मना कर दिया ।इस मौके पर मुख्य रूप से प्रधान पवन उर्फ पम्मू पाठक, जगदम्बा प्रसाद मिश्रा, राजेश पांडेय, कुंवर बहादुर पाठक, राम बहादुर उर्फ गुड्डू पाठक, सुनील मिश्रा, सहदेव शुक्ला, धनी राम वर्मा, देवी मिश्रा, रूप नारायण, पंकज पाठक, धनलाल पांडेय सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### चालक को झपकी आने से खड्ड में जा गिरी कार, चार घायल



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले में नानपारा बहराइच मार्ग से जा रहे कार चालक को झपकी आ गई तो कार खड्ड में जाकर पलट गई। हादसे में चार लोग घायल हुए हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से कार सवार लोग नानपारा की ओर रात में जा रहे थे। मटेरा थाना क्षेत्र के नानपारा बहराइच मार्ग पर गौरा धनौली मोड़ पर कार पहुंची, तभी चालक को झपकी आ गया। झपकी आने पर चालक कार अनियंत्रित होकर खड्ड में जाकर पलट गई। प्रभारी निरीक्षक परमानंद तिवारी ने बताया कि कार सवार सभी लोग नानपारा की ओर जा रहे थे। रात नौ बजे के आसपास हादसा हुआ है। सभी एक ही परिवार के थे। इनमें मां बेटा, बेटी और एक अन्य शामिल है। कार बेटा चला रहा था। सभी को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है।

# युवाओं में देश प्रेम व समाज सुरक्षा की भावना जगाता है सीमा जागरण मंच : प्रमोद आर्य



- न्याय पंचायत स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

भारत नेपाल सीमा पर स्थित मिहींपुरवा विकास खण्ड के न्याय पंचायत कारीकोट स्थित ग्राम बड़खड़िया में सीमा जागरण मंच द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

गांव में स्थित रेशमी देवी जवाहर लाल शिक्षण संस्थान के खेल मैदान में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारम्भ भाजपा प्रदेश परिषद सदस्य प्रमोद आर्य ने भारत मां के चित्र पर पुष्पर्जन व पूजन अर्जन के साथ किया। खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच बड़खड़िया व आनन्द नगर के बीच खेला गया। कबड्डी प्रतियोगिता में कारीकोट, सुजौली, चहलवा, बाजपुर बनकटी की टीमों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के अंत में विजेता टीमों के खिलाड़ियों को मेडल पहनकर तथा प्रशस्ति पत्र देकर व उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम समापन के अवसर पर उपस्थित खिलाड़ियों, छात्र- छात्राओं व क्षेत्रीय नागरिकों को संबोधित करते हुए सीमा जागरण मंच के प्रान्त संगठन मंत्री अमरनाथ ने सीमा जागरण मंच के कार्य व उद्देश्य के विषय में विस्तार से चर्चा की। इस दौरान खेल प्रतियोगिता की चर्चा करते हुए कहा कि गांव व क्षेत्र पर खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से ग्रामीण स्तर से अच्छे खिलाड़ी निकलते हैं जो आगे बढ़ाकर देश एवं क्षेत्र का नाम रोशन करते है । इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए सीमा जागरण मंच के जिला महामंत्री योगेन्द्र मौर्य उर्फ पिन्टू मौर्य ने बताया की सीमा जागरण मंच की ओर से खेल कूद प्रतियोगिता आयोजन का उद्देश्य सीमावर्ती गांव के लोगों और युवाओं में राष्ट्र व समाज प्रेम की भावना जगाना है। ग्रामीण स्तर पर खेलकूद की प्रतियोगिता होने से युवाओ के शारीरिक विकास होने के साथ-साथ उनमे आपसी सद्भावना बढ़ती है । इस अवसर सीमा जागरण मंच के प्रान्त संगठन मंत्री अमरनाथ, जिला महामन्त्री योगेन्द्र मौर्य उर्फ पिन्टू मौर्य, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अभिषेक राणा, हुकुम चन्द्र वर्मा, सह खण्ड कार्यवाह धनन्जय पाण्डेय, भाजपा प्रदेश परिषद सदस्य प्रमोद कुमार आर्य, विद्यालय के प्रबंधक अंकेक्षक सिंह , कविता सिंह, दीपक गुप्ता, जगदीश सिंह, सविता सिंह, रेखा पोरवाल, सुनीता सिंह, चंचल मौर्य, नीलम कश्यप, इंद्रजीत सिंह, उपेन्द्र पाल, रजनेश चौहान, अभय सिंह सहित काफी संख्या में क्षेत्री या नागरिक विद्यालय परिवार व प्रतिभागी प्रतिभागी खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# अन्नदाताओं के लिए कोई कदम नहीं उठा रही सरकार : राष्ट्रीय अध्यक्ष

- भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का हुआ स्वागत, नवाबगंज कार्यक्रम में पहुंचे

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृहस्पतिवार को लखीमपुर होते हुए नानपारा पहुंचे। यहां पर उनका पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि सरकार किसानों की मांग पर ध्यान नहीं दे रहा है। भारतीय किसान यूनियन भानु संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह बृहस्पतिवार को जिले में



पहुंचे।नानपारा टोल प्लाजा पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इसके बाद वार्ता करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए वह बहराइच पहुंचे हैं। उन्होंने किसान क्रांति दल को मजबूत करने की बात कही। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार हमारे किसानो की कोई बात नहीं मान रहा है और यह भी आरोप लगाते हुए कहा कि इस समय केवल केंद्र सरकार उद्योगपतियों का ध्यान रख रही है। उद्योगपतियों के हजारों करोड़ों रुपए माफ किए जा रहे हैं और जो किसान अन्नदाता है, उसके लिए कोई कदम नहीं उठा रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जो किसान की बात करेगा वही देश पर राज करेगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि जो अनुशासन में और संगठन का सम्मान करेगा वही संगठन में रहेगा और जो बात नहीं मानेगा तो हम हैं भानु कान पड़कर तानु यह कहते हुए वह नवाबगंज कार्यक्रम के लिए प्रस्थान हो गए। नवाबगंज विकास खंड के ग्राम तेजा फाटा में अनूप मिश्रा के यहां आयोजित कार्यक्रम में वह शामिल होंगे। इस दौरान काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# शिविर के तीसरे दिन स्वच्छता एवं महिलाओं को भ्रूण हत्या के प्रति किया जागरूक

- बेटा-बेटी के बीच न करें तुलना का दिया संदेश

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

गायत्री विद्यापीठ स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तीसरे दिन शिविरथियो द्वारा गांव में स्वच्छता एवं महिलाओं को भ्रूण हत्या के प्रति जागरूक कर शपथ दिलाया। उन्होंने बेटा और बेटी के बीच तुलना न करने को कहा। छात्र-छात्राओं ने सड़कों और गलियों को साफकर लोगों को भविष्य में गंदा न करने की सलाह दी। इस अवसर पर शिविरार्थी उपस्थित रहे। दूसरे चरण में छात्रों को साइबर क्राइम के



बारे में बताते हुए छात्रों को जागरूक किया। कार्यक्रमधिकारी प्रथम डॉ मुकेश चन्द श्रीवास्तव ने ग्रामीणों के प्रति आभार प्रकट किया और के सहयोग उनके सहयोग की सराहना की। इस अवसर पर महाविद्यालय से धर्मेंद्र श्रीवास्तव, रविंद्र श्रीवास्तव, रीकेस्वर विश्वकर्मा, बरसाती लाल एवं गांव के कई लोग उपस्थित रहे।

# कुत्ता सहित अन्य स्तनधारी जानवरों के काटने पर अवश्य लगवाएं एन्टी रैबीज का टीका

राहुल सोनी

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** कुत्ता, बंदर, बिल्ली या अन्य स्तनधारी जानवरों के काटने से रैबीज होने का खतरा रहता है । इससे बचने के लिए जानवर काटने वाले दिन ही एन्टी रैबीज का टीका लगवाना चाहिए। अभी तक यह टीके जिला मुख्यालय सहित ब्लॉक सीएचसी पर ही लगते थे। लेकिन अब इसकी सुविधा जनपद के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी की गयी है। यहां प्रतिदिन टीके उपलब्ध रहेंगे।

यह बातें सीएमओ सभागार में आयोजित चिकित्साधिकारी व स्वास्थ्य कर्मियों की दो दिवसीय रैबीज टीकाकारण प्रशिक्षण कार्यक्रम




- टीके से लैस होंगे सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र
- प्रतिदिन उपलब्ध रहेंगी टीका लगने की सेवाएं
- दो दिवसीय कार्यशाला में प्रशिक्षित हुए स्वास्थ्यकर्मी

के दौरान एसीएमओ डॉ संतोष राणा ने कही। उन्होंने बताया कि जानवर काटने के बाद घाव पर हल्दी, मिर्चा या चूना जैसी कोई भी चीज न लगाएँ । इससे रैबीज वायरस अधिक अंदर तक चले जाने का खतरा होता है । घाव वाली जगह को कस कर न बांधे और जितनी जल्दी हो सके एन्टी रैबीज का टीका लगवाएँ।

घाव अधिक होने पर एन्टी रैबीज क्लीनिक से इलाज करवाएँ। इसकी सुविधा जिला अस्पताल सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपलब्ध है।

सरकार का प्रयास है कि वर्ष 2030 तक जानवर के काटने से होने वाले रैबीज मृत्यु शून्य हो जाय ।

### जानवर के काटने के तुरंत बाद क्या करें



डॉ. निर्मेष श्रीवास्तव
डिस्ट्रिक्ट एपिडेमियोलॉजिस्ट

डिस्ट्रिक्ट एपिडेमियोलोजिस्ट डॉ निर्मेष श्रीवास्तव ने बताया कि सबसे पहले बहते हुए पानी से घाव को साबुन पानी की झाग से अच्छी तरह 15 मिनट तक धुलना चाहिए । इस दौरान यदि थोड़ा खून बह रहा है तो इसकी चिंता न करें । वयस्क होने की स्थिति में घाव को खुद ही धुलना चाहिए वहीं बच्चे की स्थिति में रबड़ के दस्ताने पहनकर घर का कोई भी सदस्य घाव धुल सकता है। उन्होंने बताया घाव धुलने के बाद उसी दिन एन्टी रैबीज का पहला टीका नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से लगवाना चाहिए। ऐसा करने से शत प्रतिशत रैबीज से बचा जा सकता है।

### लाइलाज है रैबीज अवश्य लगवाएं टीका

डॉ निर्मेष ने बताया कि घर की चुहिया को छोड़कर बाकी सभी चार पैर वाले स्तनधारी जानवर के काटने पर रैबीज होने का खतरा रहता है। आमतौर पर इसके लक्षण 3 से लेकर 10 दिन में प्रकट हो जाते हैं लेकिन कभी-कभी 6 से 14 साल तक का वक्त भी लग जाता है। इसलिए कुत्ता , बंदर, बिल्ली, गाय, भैंस, घोड़ा, गधा, कोई भी शाकाहारी या मांसाहारी जानवर चाहे वह स्वस्थ हो या पागल हो, काटने वाले दिन ही एन्टी रैबीज का पहला टीका अवश्य लगवाना चाहिए। क्योंकि एक बार रैबीज होने के बाद इसका कोई इलाज नहीं है ।

### जानवर का दूध पीने से नहीं होता रैबीज

डॉ निर्मेष ने बताया यदि किसी दुधारू जानवर को किसी पागल कुत्ते ने काट लिया है तो उस जानवर का दूध पीने से रैबीज नहीं फैलता। इसलिए ऐसे जानवर का दूध पीने के बाद टीका लगवाने की आवश्यकता नहीं होती।

# ..कौन है शोएब? सीधा कनेक्शन है बड़े साहब से इसलिए धड़ल्ले से बन रही है अवैध बिल्डिंग

- सरकार के राजस्व में चूना लगाने का किया जा रहा काम
- दुकान हो, मकान हो या हो कॉम्प्लेक्स मैनेजमेंट गुरु की भूमिका में रहता है आरडीए का दलाल
- मुख्यमंत्री जी, भ्रष्टाचार की गिरफ्त में है रायबरेली विकास प्राधिकरण




### एक प्राइवेट कर्मचारी कुछ अधिकारियों पर है भारी : मैनेजमेंट

प्राइवेट स्तर पर एक संस्थान मे काम करने वाला व्यक्ति आज पूरे आरडीए को चला रहा है ऐसे आरोप लग रहे हैं। यही नहीं सूत्रों की माने तो नक्शा पास कराने से लेकर बड़ी-बड़ी बिल्डिंगों को बनाने के भी ठेके लिए जाते हैं और कहा जाता है बड़े साहब को खुश कर दीजिए बाकी आप जाइए अपना काम करिए विभाग से कोई आपके पास पूछने नहीं आएगा। इस प्राइवेट कर्मचारी के द्वारा यहां पर सेतु को जोड़ने का काम किया जाता है। जब भी किसी भवन का निर्माण कराया जाता है तो सबसे पहले संबंधित विभाग से नक्शा पास कराया जाता है और इस नक्शा पास करने के बाद ही आप कोई भी निर्माण कर सकते है। नक्शा पास करने की प्रक्रिया में कुछ शुल्क का भी प्रावधान है जिससे सरकार को राजस्व प्राप्त होता है। इसके बाद आप अपना निर्माण कार्य शुरू करवा सकते हैं। यही नहीं रायबरेली विकास प्राधिकरण की एक और विडंबना है । प्राधिकरण कुछ ऐसे रिटायर्ड कर्मचारियों की गिरफ्त में है जिन्हें विभाग की हर गोपनीय बातें मालूम है और उनका एक कॉकस आरडीए में खुल के भ्रष्टाचार को जन्म दे रहा है क्योंकि वह जानते हैं सरकार की आंखों पर कैसे धूल झोंक कर अवैध रूप से संपत्ति बनाई जा सकती है और अवैध रूप से पैसे कमाए जा सकते हैं। आरडीए के पांडे जी भी इन्हीं कॉकस बाजों में एक हैं इन्हें मालूम है कि सरकार की आंखों में कैसे धूल झोंका जा सकता है।

**सुशील सिंह**

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के शासन का दूसरा कार्यकाल चल रहा है। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा इस राज्य को संभालने की जिम्मेदारी एक संत के कंधे पर दी गई थी और उस संत के द्वारा उत्तर प्रदेश में अमन चैन को स्थापित किया गया है। अपने शासनकाल में लगातार मुख्यमंत्री जी के द्वारा भ्रष्टाचार मुक्त और भय मुक्त शासन चलाने की बात हर पटल पर कहीं जा रही है। मुख्यमंत्री जी अपनी बात पर कायम रहते हुए लगातार उत्तर प्रदेश के सभी अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ते हैं और हर एक जिले की मॉनिटरिंग भी उनके द्वारा की जाती है।

यही नहीं उनके द्वारा हर पटल पर यही कहा जाता है कि उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर चल रहा है। उत्तर प्रदेश से भ्रष्टाचार को खत्म करके जीरो टॉलरेंस की नीति को अपनाया गया है। विडंबना है की पुरानी सरकारों के भ्रष्टाचारी और सिस्टमबाज अधिकारी आज भी कुर्सियों पर काबिज है और उनके संरक्षण में भ्रष्टाचार समाप्त होने का नाम नहीं ले पा रहा है। ऐसे भ्रष्टाचारियों के द्वारा एक कॉकस बना कर रखा गया है। जिस पर मुख्यमंत्री जी की निगाह नहीं पहुंच पा रही है यह उन्हें गुमराह करके रखा गया है।

# आबकारी विभाग की छापेमारी से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप

- 65 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद, 5 कुंतल लहन किया गया नष्ट, तीप अभियोग पंजीकृत



**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

रायबरेली में आबकारी आयुक्त के निर्देशन में आगामी त्यौहारों व लोकसभा आम चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी श्रीमती हर्षिता माथुर एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल के आदेशानुसार अवैध शराब के निर्माण , बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जिला आबकारी अधिकारी रविन्द्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में 14 मार्च 2024 को आबकारी निरीक्षक लालगंज संजीव सिंह व आबकारी निरीक्षक सदर अखिलेश कुमार द्वारा जनपदीय आबकारी स्टाफ के साथ थाना खीरो के अन्तर्गत ग्राम नन्दाखेड़ा व थाना सरैनी के अंतर्गत ग्राम पासिन का पुरवा में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों , आसपास के जंगलों , नदी के किनारे आदि स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान लगभग 65 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 500 किलोग्राम महुआ लहन मौके पर नष्ट किया गया । 3 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किए गए।

## खबरें एक नजर में

### सड़क हादसे में सात वर्षीय किशोर की मौत

**खीरों (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के लालगंज गुरबक्श गंज मुख्य मार्ग में मुन्ना चौराहे के पास ननिहाल से वापस आ रहे हैं 7 वर्षीय किशोर की ट्रक की टक्कर से मौके पर हुई दर्दनाक मौत। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने ट्रक चालक वा ट्रक को हिरासत में ले लिया। कमालपुर गांव निवासी रामू लोधी की पत्नी रूप रानी अपने दोनों बेटे विशाल उम्र (12) वर्ष व मोहित 7वर्ष के साथ गुरबक्श गंज थाना क्षेत्र के धर्म सिंह खेड़ा अपने मायके गई थी। गुरुवार को वह अपने मायके से दोनो बेटों के साथ वापस टेंपो से अपने घर कमाल पुर आ रही थी तभी लालगंज - गुरबक्श गंज मुख्य मार्ग पर समय करीब 12 बजे मुन्ना खेड़ा चौराहे पर उतरकर टेंपो चालक को पैसे दे रही थी तभी लालगंज की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक संख्या ह्रश्व 42 ष्ठञ्ज 1342 ने मोहित को टक्कर मार दी। जिससे मोहित मौके ही दर्दनाक मौत हो गई।इस घटना के बाद आस पास ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर पहुंची खीरों पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस घटना से पिता रामू, मां रूपरानी,भाई विशाल वा परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में खीरो थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह भदोरिया ने बताया है ट्रक चालक व ट्रक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### चौराहों पर घूम रहे निराश्रित गोवंश बन रहे दुर्घटना का सबब



**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** भले ही प्रदेश की योगी सरकार ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दे रखे हैं कि सड़कों पर निराश्रित मवेशी छुट्टा घूमते ना दिखाई पड़े लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के चलते आज भी लालगंज नगर के व्यस्त चौराहों पर आवारा पशु लड़ते झगड़ते अड्डा जमाए रहते हैं। दिन हो या रात हर समय चौराहों पर आवारा पशुओ का जमावड़ा बना रहता है।आए दिन पैदल राहगीर सहित अन्य लोग इन आवारा जानवरों के शिकार भी बनते हैं ।कृषि उत्पादन मंडी समिति लालगंज में सफाई कर्मी राजकमल उर्फ नाटू को आवारा सांड़ ने दौड़ा लिया और हमला कर घायल कर दिया। राजकमल का हाथ टूट गया है। लालगंज नगर के सबसे व्यस्ततम चौराहा गांधी चौराहा अटल चौक पर भी पशुओं का जमावड़ा बना रहता है। होटल मालिक रमाशंकर बाजपेई और किराना मर्चेंट व्यापारी रामकुमार गुप्ता सहित फल की ठेलिया लगाने वाले दुकानदारों ने बताया कि आवारा पशु हम लोगों का भारी नुकसान कर रहे हैं ।आवारा पशुओं की वजह से व्यापार चौपट होता है। साथ ही आवारा पशु आक्रामक होकर हमला भी बोल देते हैं। वास्तव में सरकार ने खंड विकास अधिकारी और नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दे रखे हैं कि आवारा घूम रहे जानवरों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जाए लेकिन अधिकारी सरकार के निर्देश को मानने को तैयार नहीं है जिसके कारण आवारा पशुओं की आक्रामकता का शिकार लोगों को बनना पड़ रहा है ।आवारा पशुओं की वजह से लोगों में भारी नाराजगी व्याप्त है।

### बाइक ने महिला को मारी टक्कर

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** बाइक ने महिला को मारी जोरदार टक्कर बाइक सवार व महिला गंभीर रूप से घायल। तेज रफ्तार बाइक सवार शारदा प्रसाद पुत्र राम फेर उम्र 25 वर्ष निवासी शेरगढ़ कठेरिया थाना शिवगढ़ बाइक सवार था पावर हॉउस के सामने महिला प्रीति 30 पत्नी जितेंद्र निवासी हलोर सड़क पार कर रही थी तभी तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दिया जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा उपचार किया जा रहा है।

### मानक विहीन इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण का विरोध



**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** मानक विहीन हो रहे इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने नाराजगी जाहिर की है ठेकेदार द्वारा मनमानी पूर्वक कराये जा रहे कार्य को लेकर ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए काम को रोकवा दिया है विकासखंड डलमऊ के जोहवा नटकी में लगभग 7.57 लाख की लागत से इंटरलॉकिंग व ह्यूम पाइप नाली निर्माण का कार्य कराया जा रहा है क्षेत्र पंचायत द्वारा कराए जा रहे कार्य में ठेकेदार द्वारा इस कदर मनमानी बरती जा रही है कि नाली निर्माण में टूटी हुई ह्यूम पाइप का प्रयोग किया जा रहा है साथ ही मानक विहीन सीमेंट मसाले का भी प्रयोग हो रहा है गुरुवार को ग्रामीण निशा हरिनाथ दीपमाला लाला कमल सहित दर्जनों ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए मनमानी का आरोप लगाकर चल रहे कार्य को रुकवा दिया है ग्रामीणों का कहना है कि कार्य में मनमानी बरती जा रही है धन का बंदर बांट किया जा रहा है मानक के अनुरूप कार्य नहीं हो पा रहा है कार्य से पहले ही टूटी हुई ह्यूम पाइप का प्रयोग किया जा रहा है एवं मसाला भी मानक विहीन लग रहा है इस संबंध में खंड विकास अधिकारी डलमऊ सत्यदेव यादव ने बताया कि यदि नाली निर्माण में कोताही भारती जा रही है तो मौके पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## भारी मात्रा में पड़ी मिली एक्सपायरी दवाइयां

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



विकास क्षेत्र के अंतर्गत हरदोई शारदा नहरपुल के पास गड्ढे में भारी संख्या में पड़ी हुई है एक्सपायरी दवाइयां ग्रामीणों में आक्रोश। मिली जानकारी के अनुसार बता दें हरदोई शारदा नहरपुल के पास दो गत्ते में भारी मात्रा में एक्सपायरी दवाइयां पड़ी हुई है। खुले में पड़ी ये दवाइयां के कारण जानवर बच्चों को खा लेने से जान का खतरा बना हुआ। वही जानवर चरा रहे कुछ लोगों ने बताया कि दवा एक्सपायरी हो गई थी तो मिट्टी में दबाकर नष्ट कर दी जाती यहां खुले में इस तरह फेंक देने से जानवर या कोई बच्चा उसे खा सकता है जिससे उसके जीवन पर संकट आ सकता है या उसकी मौत भी हो सकती है। प्रश्न उठता है आखिर में दो गत्तों में भरकर यह दवाइयां कब फेंकी गई है और यहां कौन यहां फेक गया है दवा के रैफर पर प्रिंट रेट भी पड़ा हुआ है 2023 एक्सपायरी भी लिखा हुआ है इससे एक बात स्पष्ट होती है यह दवा किसी मेडिकल स्टोर या किसी प्राइवेट संचालित अस्पताल की हो सकती हैं फोटो में आप स्पष्ट देख सकते हैं की दवा खुले में पड़ी हुई है। फिलहाल यह एक्सपायरी दवाइया कहां से आई किसने यहां फेंका यह एक रहस्य बना हुआ।

## आमने-सामने भिड़ी दो डंपर, दोनों चालक गंभीर रूप से घायल

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** रायबरेली में हुआ भीषण सड़क हादसा दो डंफ़रों में आमने-सामने की हुई जोरदार भिड़ंत दोनों गाड़ियों के चालक गंभीर रूप से हुए घायल मामला गुरुबक्सगंज थाना क्षेत्र के सोइठा गांव के पास का है जहां दो तेज रफ्तार डंपरों में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई जिसमें डंपर चालक प्रकाश उम्र 35 साल निवासी ललौली जिला फतेहपुर मौरंग लादकर रायबरेली जा रहे थे वहीं दूसरी तरफ से आ रहे पप्पू उपाध्याय उम्र 50 वर्ष निवासी कबरई से गिट्टी लादकर कर बस्ती जा रहे थे जिसमें दोनों चालक घायल हो गए, स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर में फंसे दोनों चालकों को बाहर निकाल कर इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया।

# त्योहारों को लेकर सक्रिय हुआ फूड विभाग

- फूड विभाग के द्वारा शुरू किया गया अभियान

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

### व्यवसाय करते हैं तो ले लें फूड लाइसेंस : सहायक आयुक्त



फूड विभाग के अधिकारियों के द्वारा लोगों से अपील भी की गई कि अगर आप व्यवसाय करते हैं फूड लाइसेंस बनवा ले क्योंकि यह अनिवार्य है अगर आपके द्वारा ऐसा नहीं किया गया और जांच के दौरान आप पकड़े गए तो आपके ऊपर कारवाई की जाएगी। इस दौरान जुर्माने की एक रकम तय है जो एक लाख से दस लाख रुपए तक है। आपके ऊपर लगाए जा सकते हैं इसके साथ ही सहायक खाद युक्त अजीत कुमार के द्वारा यह भी कहा गया कि मिलावट खोरी बंद करें सरकार मिलावट खोरों के ऊपर लगातार कार्रवाई कर रही है पकड़े जाने पर जुर्माने के साथ जेल भी जाना पड़ सकता है।

खाद्य विभाग सीधा लोगों की सेहत से जुड़ा हुआ है और बाजारों में आज कल फास्ट फूड वस्तुओं की भरमार है आज के व्यस्ततम जीवन शैली में लोग फास्ट फूड को काफी पसंद भी करते हैं। लोगों तक शुद्ध सामग्री पहुंचे इसकी जिम्मेदारी फूड विभाग के कंधों पर है।

उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा फूड विभाग को निर्देशित किया गया है कि बाजारों में मिलावट खोरी के मामले लगातार देखने को मिल रहे हैं जिसको लेकर रायबरेली फूड विभाग की तरफ से लगातार छापेमारी और कार्रवाई की जा रही है। फूड और औषधि प्रसंस्करण विभाग के द्वारा शहर की कई प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की गई सरकार के द्वारा जो गाइडलाइन जारी की गई उसके मानकों की जांच की गई और देखा गया कौन कौन से व्यावसाई सरकार के मानकों का पालन कर रहे हैं। छापेमारी के दौरान लोगों को हिदायत के साथ नोटिस भी पकड़ाई गई और तय समय के अंदर जवाब देने को भी कहा गया।

# ब्लॉक परिसर में निर्माणाधीन भवन की छत गिरने से तीन मजदूर घायल, ट्रामा सेंटर रेफर

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



खंड विकास अधिकारी कार्यालय में जर्जर भवन का कायाकल्प करने के लिए बिल्डिंग की दीवारों में मजदूर तोड़फोड़ कर रहे थे। तभी अचानक भवन की छत भरभरा गिर पड़ी। जिसके नीचे तीन मजदूर दब गए । हादसे में घायल मजदूरों को कड़ी मशक्कत के बाद मलबे से बाहर निकाला गया?, जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

ब्लॉक परिसर एक जर्जर भवन के कायाकल्प का काम कराया जा रहा था। गुरुवार शाम जब मजदूर दीवारों व छत का प्लास्टर तोड़ रहे थे। तो खम्भों में धमक लगने से भवन की छत भर भरभरा कर गिर पड़ी। तभी छत का प्लास्टर तोड़ रहे तीन मजदूर अचानक छत सहित नीचे गिर पड़े। तीनों मजदूर मलबे में दब गए।

हादसे में घायल राम सहाय पुत्र देवतादीन उम्र लगभग 50 वर्ष, रामकुमार पुत्र देवतादीन की उम्र लगभग 59 वर्ष व सहदेव पुत्र सुखई उम्र लगभग 35 वर्ष को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। थाना अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना मिली है घटनास्थल का मौका मुआयना किया गया है, तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी। विकासखंड परिसर की दुर्घटना की सूचना पाकर मौके पर उप जिलाधिकारी रामरजित गुप्ता व एडीएम प्रफुल्ल त्रिपाठी ने मौके पर जाकर घटना स्थल का मुआयना किया।

# विश्व किडनी दिवस पर एम्स रायबरेली में हुई बैठक

- नेफ्रोलॉजी विभाग में जल्द उपलब्ध होंगी चिकित्सीय सुविधायें

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




उत्तर प्रदेश में रायबरेली के मुंशीगंज स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में गुरुवार को विश्व किडनी दिवस के अवसर पर संस्थान के नेफ्रोलॉजी विभाग में नए चिकित्सक का समावेश किया गया है जिसके उपरांत अब जल्द ही इस क्षेत्र की चिकित्सा सुविधाएं आरम्भ की जाएगी।

एम्स के प्रवक्ता डॉ. सुयश ने आज गुरुवार को बताया कि 14 मार्च को विश्व किडनी दिवस के अवसर पर किडनी की समस्याओं ,उनसे बचाव और निदान पर चर्चा की गई। इस अवसर पर एम्स में नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ शिवम रॉय को शामिल किया गया है। डॉ रॉय ने चंडीगढ़ से एमडी और एसजीपीजीआई से डीएम किया है।

प्रवक्ता ने बताया कि अब आगामी सोमवार से एम्स का नेफ्रोलॉजी विभाग ओपीडी और आईपीडी की सेवाएं आरम्भ करने जा रहा है।आउटडोर और इंडोडोर चिकित्सा सुविधा व इलाज से उन किडनी के मरीजों का भी उपचार हो सकेगा जिन्हें अपने इलाज के लिए बाहर जाना पड़ता है।

## वूशु राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बैसवारा की तीन खिलाड़ी दिखाएंगी प्रतिभा



**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** वूशु की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लालगंज की तीन खिलाड़ी दिखाएंगी अपनी प्रतिभा का हुनर,साथ ही प्रदेश के सर्वोच्च खेल पुरस्कार रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार से सम्मानित डिम्पी तिवारी को उत्तर प्रदेश टीम का मैनेजर नियुक्ति करते हुए प्रदेश एसोसिएशन ने जिम्मेदारी सौंपी। जम्मू में 26 से 31 मार्च तक आयोजित होने वाली सब जूनियर वूशु की राष्ट्रीय प्रतियोगिता तथा खेलो इण्डिया की सब जुनियर और जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए उत्तर प्रदेश टीम का चयन लखनऊ के चौक स्टेडियम में किया गया जिसमे लालगंज रायबरेली की दिव्या कुमारी,दीक्षा जितेंद्र जाधव का खेलो इण्डिया की राष्ट्रीय प्रतियोगिता और महिमा सोनकर का फेडरेशन द्वारा आयोजित सब जूनियर वूशु की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। उक्त राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए उत्तर प्रदेश टीम की घोषणा वूशु एसोसिएशन के सचिव मनीष कक्कड़ ने की और साथ ही प्रदेश टीम की बागडोर डिम्पी तिवारी को सौंपते हुए टीम मैनेजर बनाए जाने की घोषणा किया। सभी खिलाड़ियों तथा टीम मैनेजर को पद्मश्री सुधा सिंह ने शुभ कामनाएं देते हुए नेशनल प्रतियोगिता में जीत के लिए प्रेरित किया। डिम्पी को टीम मैनेजर बनाए जाने पर पूनम यादव, डा० अताउर रहमान,प्रशांत शुक्ला,लक्ष्मीकांत शुक्ला,अजय सिंह चंदेल,संत लाल,महताब आलम,सलमान खान, अखण्ड दीप सोनकर,सुनील कुमार, चन्दर,जितेंद्र प्रजापति,अनुराग यादव आदि लोगो ने शुभकामनाएं दिया।

## पेड़ से गिरकर अधेड़ की मौत पारिवार में मचा कोहराम

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** बछरावां विकासखंड की कसरावां ग्राम सभा के मिहीखेड़ा में बृहस्पतिवार को पेड़ की छटाई करते समय अधेड़ की पेड़ से गिरकर मौत हो गई।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार राम हर्ष उम्र 50 वर्ष गांव में ही दिलीप कुमार के पेड़ की छटाई करने गए थे। तभी पेड़ से उतरते समय पांव फिसलने से नीचे गिर गए। नीचे गिरने से मौत हो गई दुर्घटना की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची बछरावां पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही प्रारंभ कर दी है।

# साहब की नाक के नीचे हो गया घोटाला

- दस वर्षों से जमे एपीओ का नहीं हो रहा तबादला

**महराजगंज रायबरेली**




### चर्चा का विषय बना मामला

मनरेगा का सक्षम अधिकारी ब्लॉक में एपीओ होता है जिस तरह ग्रामीण आरोप लगा रहे हैं रोजगार सेवक के ऊपर कहीं ना कहीं बगैर साहब की मर्जी के बगैर इतना बड़ा खेल आखिर ब्लॉक में कैसे हो गया और मनरेगा में जमकर रुपए निकाले गए तो इसका बंदरबांट भी हुआ होगा यह बात इस समय क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुआ है।

### जमकर मलाई काटने में मशगूल

तो क्या संविदा कर्मचारियों का नहीं होता है तबादला पिछले 10 वर्षों से जमे एपीओ राजीव त्यागी महराजगंज में अपनी सेवाएं दे रहे हैं आज तक इनका तबादला कहीं नहीं किया गया और यह लगातार महराजगंज ब्लॉक में तैनात होकर जमकर मलाई काटने में मशगूल है

साहब की नाक के नीचे हो गया घोटाला पिछले 10 वर्षों से जमे एपीओ कर रहे महराजगंज ब्लाक में गड़बड़झाला। महराजगंज ब्लॉक में तैनात एपीओ राजीव त्यागी कि अगर बात की जाए तो पिछले 10 वर्षों से अनवरत महराजगंज में अपनी सेवाएं दे रहे हैं ट्रांसफर नीति का इनके ऊपर कोई प्रभाव नहीं पड़ता क्योंकि साहब संविदा कर्मचारी हैं लेकिन सवाल यह उठता है कि जब सरकारी कर्मचारियों को इधर से उधर 3 वर्षों बाद कर दिया जाता है तो एपीओ साहब किसकी सरपरस्ती में लगातार 10 वर्षों से महराजगंज ब्लॉक में अपनी सेवाएं दे रहे हैं समाजवादी पार्टी की सरकार में साहब की नियुक्ति हुई थी और आज भाजपा सरकार में भी जमकर मलाई काट रहे हैं। मामला ताजुद्दीनपुर ग्राम पंचायत से संबंधित है जहां के ग्रामीणों ने रोजगार सेवक पर मनरेगा में भ्रष्टाचार के कई संगीन आरोप लगाए हैं और आरोप साबित भी हो रहे हैं लेकिन एपीओ साहब पर आंच नहीं आ रही है और वह लगातार ब्लॉक में बैठकर मलाई काटने में मशगूल हैं। एक तरफ योगी आदित्यनाथ सरकार और मोदी सरकार भ्रष्टाचार को खत्म करने की बात करती है तो वही हम महराजगंज ब्लॉक में अगर देखे तो भ्रष्टाचार तो छोड़िए यहां ट्रांसफर नीति का भी पालन होता दिखाई नहीं दे रहा है। ताजुद्दीनपुर रोजगार सेवक देवनाथ के ऊपर कई संगीन आरोप ग्रामीणों ने लगाए लेकिन बिना साहब की मर्जी के बगैर देवनाथ इतना बड़ा घोटाला नहीं कर सकते कहीं ना कहीं क्षेत्र में चर्चा का विषय है कि साहब भी इसमें संलिप्त तो नहीं है।

# सपा इंडिया गठबंधन के पीडीए जनसंवाद यात्रा में उमड़ी भीड़

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा. अखिलेश यादव जी के निर्देनुसार लखनऊ जनपद की 34- मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत गुरुवार को 168-मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन द्वारा पीडीए जनसंवाद यात्रा आयोजित की गयी। जनसंवाद यात्रा शीतला माता मन्दिर मोड़ काकोरी से प्रारम्भ होते समय प्रधान संघ अध्यक्ष आनंद यादव ने जनसंवाद यात्रा का भव्य स्वागत किया, इसके बाद यात्रा गोहरामऊ, बहरू, तिलसुआ, मलिहाबाद, रहिमाबाद, माल, कसमण्डी कला होते हुए जेहटा में समापन हुआ। जनसंवाद यात्रा में लगभग 500 गाड़ियों का काफिला रहा। जनसंवाद यात्रा के दौरान मोहनलालगंज लोकसभा प्रत्याशी आरके चौधरी का जगह-जगह पर कार्यकर्ताओं द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया। जनसंवाद यात्रा के दौरान मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त', प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव, नागेन्द्र सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष टीबी सिंह, विधानसभा अध्यक्ष सोनीश कुमार मौर्या, प्रदेश सचिव रूपनारायण यादव, रामगोपाल यादव, राशिद अली, फैसल



मकबूल खान, वसी अहमद खान, रामगोपाल यादव सरोज यादव, राष्ट्रीय सचिव यूथ ब्रिगेड नागेन्द्र सिंह,पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सीएल वर्मा, हरिपाल यादव, अजय सिंह चौहान, जिला पंचायत सदस्य पन्ना लाल रावत, जीत बहादुर 'जीतू', जितेन्द्र यादव 'गुड्डू', हरिशंकर यादव, हलीम खान, रईष अहमद 'एडवोकेट', रामसिंह यादव 'एडवोकेट', रामनाथ रावत, लाला रमीज, राजकुमार यादव, शिवम यादव 'गोलू', सुरेन्द्र यादव 'अमित', नजम मुस्तफा, भगमत मौर्या, चैधरी मुलतान, पिन्नू यादव, अनिल यादव इं. मनीष, चन्दन राठौर, संजय सिंह चैहान, लालबहादुर सविता, इन्द्रपाल सिंह, नवरंग सिंह, लालराम यादव के साथ हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता जनसंवाद यात्रा में शामिल रहे।

## अचानक बढ़ा गंगा का जलस्तर सैकड़ों बीघे फसल जलमग्न

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

नरौरा बांध से छोडे गये पानी के चलते गंगा नदी के जलस्तर में अचानक बढ़ोतरी होने तराई क्षेत्र की करीब सैकड़ो बीघा फसल जल मग्न हो गई जिसके चलते तरबूज खरबूजा खीरा ककड़ी साग सब्जी आदि की फसल जल मग्न होकर नष्ट हो गई है किसानों ने किसी तरह सूत पर पैसा लेकर फसल को तैयार करने में जी तोड़ मेहनत की थी लेकिन नरौरा बांध से अचानक छोड़े गए पानी से गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ गया जिसके चलते फसलें जल मग्न होकर नष्ट हो गई है केंद्रीय जल आयोग डलमऊ के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर बुधवार को सुबह 8 बजे 94.820 सेंटीमीटर था दोपहर एक बजे 94.860तक पहुंच गया है।

गंगा नदी का जलस्तर तेज रफ्तार से बढ़ रहा है गंगा का जलस्तर अचानक बढ़ने से कटरी क्षेत्र के जहांगीराबाद, चक मलिक भीटी, पूरे रेवती, लुक चांदपुर, कल्याणपुर बेंती, सहित दर्जनों गांव के किसानों की चिंताएं बढ़ गई है।

## अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान् उपजिलाधिकारी महोदय पुरवा जिला उन्नाव वाद संख्या 2382 सन् 2024 ई. विद्यावती पत्नी दीन दयाल निवासी ग्राम बेहसा वादी तहसील सरोजनी नगर जनपद, लखनऊ

**वादी**

**बनाम**

**प्रतिवादी**

सर्वेश कुमार आदि

बनाम सर्वेश कुमार आत्मज पराग साकिन चूंकि ऊपर नामांकित ग्राम खेरवा पो. मौरावां तहसील पुरवा उन्नाव में यह आवेदन किया है अतः एवं आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए तारीख 18 माह 03 सन् 2024 ई. को 10 बजे पूर्वाह्न में स्वयं या सम्यक कोण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

**न्यायालय**

## आसमान में सूराख कैसे करेगी कांग्रेस

कांग्रेस को अगर वाकई देश के लोकतंत्र को बचाना है तो उसे जनता को यह समझाना होगा कि छह दिसंबर 1992 को देश ने क्या खोया है। और इसमें केवल भाजपा की बुराई या श्री मोदी का मखौल उड़ाने से काम नहीं चलेगा। कांग्रेस को ये भी साबित करना होगा कि उसके शासन में अभी से बेहतर क्या हो सकता है। छह दिसंबर 1992 का दिन था, जब ऐतिहासिक बाबरी मस्जिद को तोड़कर, भाजपा की सत्ता की नींव देश में मजबूती से रख दी गई थी। अब उस जगह पर भव्य राम मंदिर बन कर लगभग तैयार है, जिसका उद्घाटन कर अगले कई दशकों तक भाजपा अपनी सत्ता को पक्का बना लेना चाहती है। 1956 के बाद 1992 को बाबा अंबेडकर की दोबारा मौत हुई थी। एक बार स्वाभाविक मृत्यु आने के बाद, दूसरी बार बाबा साहब के सपनों को कुचलकर मौत देने से उन्हें कितनी तकलीफहुई होगी, यह बताने के लिए वे भौतिक तौर पर उपस्थित नहीं हैं। लेकिन आसपास नजर उठाकर देख लीजिए, गैरबराबरी के शिकार लोगों की तकलीफें उसी पीड़ा को अभिव्यक्त करेंगी, जो डॉ.अंबेडकर और पूरी संविधान सभा के लोगों को हुई होगी। छह दिसंबर को बाबरी मस्जिद प्रत्यक्ष तौर पर तोड़ी गई थी, मगर उसके साथ-साथ संविधान को भी तहस-नहस किया गया था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, भाजपा और यहां तक कि कांग्रेस में भी बहुत से लोग होंगे, जो इस दिन को भारत के लिए गौरवशाली मानते होंगे, मगर आने वाली पीढ़ियां शायद इस बात को समझेंगी कि संवैधानिक मूल्यों को सहेज कर न रख पाने की कितनी बड़ी कीमत देश को चुकानी पड़ रही है। अभी पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव खत्म हुए हैं और इसके बाद आम चुनाव की चर्चा तेज हो गई है। पांच में से तीन राज्यों में जीत कर भाजपा अब हैट्रिक की बात करने लगी है। ये हैट्रिक तीन राज्यों की जीत की नहीं, बल्कि सत्ता में लगातार तीसरी बार आने के लिए कही जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने तो इस बार लालकिले से ही ऐलान कर दिया था कि मैं ही अगली बार भी झंडा फहराने आऊंगा। तब विधानसभा चुनाव होने वाले थे और उससे पहले कर्नाटक में भाजपा मात खा चुकी थी, फिर भी श्री मोदी इस तरह के दावे कर रहे थे और अब तो तीन जीतों के साथ यह दावा और पुख्ता हो गया है। हालांकि ये बात तब भी लोकतंत्र के खिलाफ थी और अब भी है कि बिना चुनाव हुए ही, किसी की जीत या सत्ता वापसी की मुनादी कर दी जाए। दरअसल अब चुनाव में प्रचार और रणनीतियां जमीनी तौर पर कम और दिमागी तौर पर अधिक असर करने वाली बनाई जाने लगी हैं। यह हिटलर के सहयोगी गोएबल्स का तरीका है कि किसी झूठ को सौ बार दोहराओ तो वो सच लगने लगता है।

# प्रधानमंत्री के सपने और देश की हकीकत

सर्वमित्रा सुरजन

सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरियाणा के गुरुग्राम में कहा कि मैं न छोटा सोच सकता हूं, न मैं मामूली सपने देखता हूं और न ही मैं मामूली संकल्प करता हूं। मुझे जो चाहिए... विराट चाहिए, विशाल चाहिए और तेज गति से चाहिए क्योंकि 2047 में मुझे देश को श्विकसित भारत के रूप में देखना है। बात बिल्कुल सही है कि श्री मोदी के सपने बिल्कुल मामूली नहीं हैं। उन्होंने तीन बार मुख्यमंत्री रह कर संतोष नहीं किया, देश से फिर अपने लिए 60 महीने मांगे। मांगने का कारण वही पुराना था कि उन्हें देश का विकास करना है। पांच साल यानी 60 महीने बाद फिर से पांच साल और मांगें, क्योंकि पहले पांच साल तो विकास की तैयारियों में ही लग गए और उन्हें देश का विकास अब भी करना था। इस तरह दस साल गुजर जाने के बाद अब नरेन्द्र मोदी के सपने इतने बड़े हो गए हैं कि उन्हें पांच साल का मामूली जनादेश नहीं चाहिए, वे अब 2029 तक की बात नहीं करते, सीधे 2047 की बात करते हैं। नरेन्द्र मोदी के नामामूली संकल्पों का ही नतीजा है कि लालकिले से उन्होंने ऐलान कर दिया था कि तीसरी बार भी वही यहां आकर झंडा फहराएंगे। अब तक के प्रधानमंत्रियों ने लोकतंत्र को लेकर जितना लिहाज बरता था, प्रधानमंत्री मोदी के विराट, विशाल और तेज गति वाले सपनों ने उन तमाम लिहाजों को रौंद दिया और बता दिया कि लोकतंत्र में अधिनायकतंत्र का सिक्का कैसे जमाया जाता है। जिस हरियाणा में सोमवार को श्री मोदी ने अपने सपनों और संकल्पों के बारे में जनता को बताया, वहां जनता से नहीं पूछा कि उनके सपने और आकांक्षाएं क्या हैं। प्रधानमंत्री मोदी हरियाणा क्या, किसी भी राज्य की जनता से कुछ पूछना जरूरी नहीं समझते। बस अपने मन की सुना देते हैं। जनता के साथ अब उन्होंने अपने नेताओं की बात भी संभवतः सुनना बंद कर दिया है। इसलिए अपने दौरे के अगले ही दिन मंगलवार को उनकी पार्टी की हरियाणा सरकार में बड़ा फेरबदल हो गया। भाजपा और जेजेपी के बीच का गठबंधन टूट गया, मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अपनी केबिनेट समेत इस्तीफा दे दिया और कुरुक्षेत्र के सांसद नायब सैनी मुख्यमंत्री बना दिए गए।



**भाजपा में अब यही चलन हो गया है। कभी भी किसी को उसके पद से हटाकर नए को लाकर बिठा दिया जाता है। गुजरात, कर्नाटक, उत्तराखंड में पहले यही प्रयोग हो चुका है कि अचानक मुख्यमंत्री बदल दिए गए। अनुशासन या अन्य कारणों की वजह से पद से हटाए गए नेता सवाल भी नहीं करते कि आखिर उनकी गलती क्या थी या फिर उन्हें बलि का बकरा क्यों बनाया जा रहा है। अब यह भाजपा का आंतरिक मसला है कि वह अपने नेताओं को सवाल पूछने की छूट दे या न दे। लेकिन जनता अगर सवाल पूछने की आदत भूल जाए, तो यह देश के लिए बहुत घातक साबित हो सकता है। जनता के सवाल लोकतंत्र में असली सेंगोल का काम करते हैं। आजादी के बाद से 2014 तक इस सेंगोल का दम देश ने देखा, लेकिन फिर जनता के सवाल कम हो गए और अब नए संसद भवन में सोने का सेंगोल स्थापित कर दिया गया है।**

भाजपा में अब यही चलन हो गया है। कभी भी किसी को उसके पद से हटाकर नए को लाकर बिठा दिया जाता है। गुजरात, कर्नाटक, उत्तराखंड में पहले यही प्रयोग हो चुका है कि अचानक मुख्यमंत्री बदल दिए गए। अनुशासन या अन्य कारणों की वजह से पद से हटाए गए नेता सवाल भी नहीं करते कि आखिर उनकी गलती क्या थी या फिर उन्हें बलि का बकरा क्यों बनाया जा रहा है। अब यह भाजपा का आंतरिक मसला है कि वह अपने नेताओं को सवाल पूछने की छूट दे या न दे। लेकिन जनता अगर सवाल पूछने की आदत भूल जाए, तो यह देश के लिए बहुत घातक साबित हो सकता है। जनता के सवाल लोकतंत्र में असली सेंगोल का काम करते हैं। आजादी के बाद से 2014 तक इस सेंगोल का दम देश ने देखा, लेकिन फिर जनता के सवाल कम हो गए और अब नए संसद भवन में सोने का सेंगोल स्थापित कर दिया गया है, जो उस सोने के हिरण की तरह प्रतीत होता है, जिसके पीछे राम भागते जाएंगे, लेकिन वो कभी हाथ नहीं आएगा। जनता को सवाल पूछने के लिए तैयार करने में अहम भूमिका शिक्षा संस्थानों, संवैधानिक संस्थाओं और मीडिया की रहती है। खेद है कि इस वक्त ये खुद सवाल पूछना भूल रही हैं। पढ़ाई के नाम पर बंधुआ मजदूरी तैयार करने वाला बड़ा वर्ग तैयार किया जा रहा है। वैज्ञानिक सोच, तर्क की आजादी, सवाल पूछने की हिम्मत ऐसे माहौल को देने वाले शिक्षा संस्थानों को किसी न किसी तरह बंद करने की कोशिशें हो रही हैं या फिर उन्हें इतना बदनाम किया जा रहा है, जिससे युवा वर्ग वहां जाना ही न चाहे। चुनाव से पहले जेएनयू नाम की फिल्म प्रदर्शित हो रही है, इसका एक पोस्टर आया है, जिसमें लिखा है जेएनयूरू जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी । पोस्टर पर भगवा रंग का भारत का नक्शा देखने को मिल रहा है, जिसे एक हाथ जकड़े हुए है, पोस्टर पर लिखा है, श्क्या एक एजुकेशनल यूनिवर्सिटी देश को तोड़ सकती है? बड़े शातिराना तरीके से जेएनयू यानी जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की छवि को बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है, यह इस फिल्म के पोस्टर से ही समझ आ रहा है। टुकड़े-टुकड़े गैंग जैसी शब्दावली पहले-पहल 2016 में जेएनयू में हुए विवाद के बाद ही प्रयोग में आई थी। जब कन्हैया कुमार को देशद्रोही कहा गया, लेकिन उन पर देशद्रोह का कोई मामला साबित नहीं हो सका। इसके बाद कई और विवाद जेएनयू को लेकर खड़े किए गए और अब श्री मोदी के बड़े सपनों की खातिर फिल्मों के सहारे चुनाव में इन विवादों को ताजा किया जा रहा है। जेएनयू से पहले आर्टिकल 370 भी प्रदर्शित हो चुकी है। मुख्यधारा के मीडिया में ये सवाल होने चाहिए कि चुनाव के वक्त ही ऐसी फिल्मों का प्रदर्शित होना क्या किसी बड़ी रणनीति का हिस्सा है। लेकिन इसकी जगह मीडिया में भाजपा के मास्टर स्ट्रोक दिखाए जा रहे हैं कि कैसे हरियाणा में एक सांसद को मुख्यमंत्री बना कर भाजपा ने कई समीकरण एक साथ-साध लिए।

मीडिया यह सवाल नहीं करता कि इसी हरियाणा में महिला पहलवानों और किसानों के साथ सरकार खड़ी नहीं हुई, क्या इस बात से जनता नाराज थी और क्या इसलिए श्री खट्टर को हटाकर भाजपा ने नुकसान को संभालने की कोशिश की है। इसी मीडिया ने महिला पहलवानों के संघर्ष में भी उनका साथ देते हुए कभी प्रधानमंत्री से सीधे सवाल नहीं किया कि क्या आपके सपनों में न्याय के लिए जगह है या नहीं। क्यों आपने ब्रजभूषण शरण सिंह को बाहुओं का दम दिखाने की छूट दी, क्यों उन्हें अपने परिवार का हिस्सा बनने दिया। बल्कि पेरिस ओलंपिक में भागीदारी के लिए राष्ट्रीय महिला कुश्ती ट्रायल में महिला पहलवान विनेश फोगाट 53 किग्रा वाली श्रेणी में हार गई, लेकिन 50 किग्रा वाली श्रेणी में जीत गई, तो इसे एक न्यूज चौनल ने विनेश फोगाट की करारी हार के तौर पर प्रस्तुत किया, मानो विनेश फोगाट की हार में मोदी सरकार की जीत छिपी है। यही शायद श्री मोदी के सपनों का सच है कि उनमें उत्पीड़ित, शोषित और वंचित लोग वैसे ही नजर नहीं आते, जैसे दरभंगा में एम्स की इमारत नहीं दिखती। राहुल गांधी अभी भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर निकले हुए हैं, पिछले दिनों जब वे मध्यप्रदेश में थे तो वहां बुंदेलखंड इलाके की दलित महिलाओं ने अपने जीवन की कड़वी सच्चाई बताई कि उन्हें ऊंची जाति के लोग चप्पल नहीं पहनने देते, कुएं से पानी नहीं लेने देते। एक महिला ने रोते हुए राहुल गांधी से कहा कि देश आजाद है लेकिन हम बहुत दुखी हैं।

विचार

# चुनाव आयोग के मामले पर घिरती केन्द्र सरकार

चुनाव आयोग के सदस्यों की नियुक्ति के मामले में केन्द्र सरकार की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका पर सुनवाई करने के लिये अपनी सहमति दे दी है जिसमें केन्द्रीय चुनाव आयोग अधिनियम, 2023 के प्रावधानों को चुनौती देते हुए मांग की गई है कि इस नियम के अंतर्गत चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति न होने दी जाये।

यह याचिका कांग्रेसी नेता जया ठाकुर की ओर से सोमवार को दाखिल की गई थी। इसके अलावा एडीआर ने भी मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों के चयन के लिए बनी समिति में भारत के मुख्य न्यायाधीश को शामिल नहीं किए जाने को चुनौती देने की याचिका दाखिल की थी। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना ने याचिकाकर्ता को सूचित किया कि मुख्य न्यायाधीश ने इसकी सुनवाई की मंजूरी दी है और शुक्रवार (15 मार्च) के लिये इसे सूचीबद्ध किया गया है। यानी उसी दिन इस पर सुनवाई होने जा रही है जिस दिन केन्द्रीय चुनाव आयोग को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से मिली इलेक्टोरल बॉन्डस की पूरी जानकारी अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करनी है। चुनाव के ऐन पहले नरेन्द्र मोदी सरकार ने जिस प्रकार से चुनाव आयोग को विवादास्पद बना दिया है, उम्मीद की जाये कि इस सुनवाई में शीर्ष न्यायालय केन्द्र को अनुकूल आदेश देकर आगामी लोकसभा चुनाव के निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से सम्पन्न होने का मार्ग प्रशस्त करेगा। इन चुनावों की घोषणा इसी हफ्ते कभी भी होने के अनुमान जताये जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि तीन सदस्यीय चुनाव आयोग में इस वक्त केवल मुख्य आयुक्त राजीव कुमार ही बचे हुए हैं। अनूप चंद्र पांडेय जहां फरवरी में सेवानिवृत्त हो गये वहीं दूसरे आयुक्त अरूण गोयल 8 मार्च को इस्तीफा देकर चलते बने हैं। जाहिर है कि एक विशाल तथा दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश होने का दावा करने वाले भारत का इतना महत्वपूर्ण आम चुनाव एक ही सदस्य के भरोसे नहीं किया जा सकता। भारत सरकार आनन-फानन में दो नये सदस्यों की नियुक्ति करने पर आमादा है लेकिन जिस प्रकार से आयोग के गठन के सारे अधिकार सरकार ने एक तरह से अपने हाथों में पहले से ले रखे हैं, उससे अंदेशा यही है कि जिन दो सदस्यों की नियुक्तियां होंगी वे सरकार के श्यस मेनश् की ही हो सकती हैं। वैसे भी पहले आयोग के सदस्यों की नियुक्ति का काम चार सदस्यीय कमेटी करती थी जिसमें प्रधानमंत्री, एक केन्द्रीय मंत्री, विपक्ष का नेता (मान्यता प्राप्त नेता प्रतिपक्ष न हो तो सबसे बड़े विरोधी दल का नेता) एवं भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) शामिल थे। पिछले वर्ष संशोधन अधिनियम लाकर मोदी सरकार ने सीजेआई को कमेटी से बाहर कर दिया है। इस तरह से कमेटी में सरकारी पक्ष का बहुमत हो चुका है। इसी के चलते पिछली एक बैठक में कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी ने यह कहकर कमेटी की बैठक में जाने से इंकार कर दिया था कि उसका कोई फायदा नहीं है। बहुमत के आधार पर सरकार जो फैसला लेना चाहे वह ले सकती है।

**भारत सरकार आनन-फानन में दो नये सदस्यों की नियुक्ति करने पर आमादा है लेकिन जिस प्रकार से आयोग के गठन के सारे अधिकार सरकार ने एक तरह से अपने हाथों में पहले से ले रखे हैं, उससे अंदेशा यही है कि जिन दो सदस्यों की नियुक्तियां होंगी वे सरकार के मेनश् की ही हो सकती हैं। वैसे भी पहले आयोग के सदस्यों की नियुक्ति का काम चार सदस्यीय कमेटी करती थी जिसमें प्रधानमंत्री, एक केन्द्रीय मंत्री, विपक्ष का नेता (मान्यता प्राप्त नेता प्रतिपक्ष न हो तो सबसे बड़े विरोधी दल का नेता) एवं भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) शामिल थे।**

बहरहाल, आयोग से पारदर्शी एवं निष्पक्ष चुनावों की आशा इसलिये नहीं की जा सकती क्योंकि जिन दो नये सदस्यों की नियुक्ति की प्रक्रिया सरकार द्वारा प्रारम्भ की गई है उसे लेकर सभी विरोधी दलों एवं सिविल सोसायटियों का मानना है कि मोदी के वफादार अधिकारियों की ही नियुक्तियां की जायेंगी। जैसा कि पहले भी होता आया है। न केवल चुनाव आयोग बल्कि जितनी भी संवैधानिक संस्थाएं हैं, सभी में जिस प्रकार से सरकार समर्थक अधिकारी बैठाये गये हैं, वैसा ही अब फिर से होगा- यह सभी का मानना है।

बात यहीं पर नहीं ठहरती। संशोधन के जरिये सरकार ने कई ऐसे नियम बनाये हैं जिनसे आयोग सरकार के हाथों की कठपुतली मात्र बनकर रह गया है। चुनाव आयुक्तों के वेतन, भत्तों, सुविधाओं आदि से सम्बन्धित बदलाव भी किये गये हैं। अभी उनके वेतन सुप्रीम कोर्ट के जजों के बराबर ही रखे गये हैं लेकिन उनके भत्तों व सुविधाओं को बढ़ाकर कैबिनेट सचिवों के बराबर कर दिया गया है। यानी प्रकारान्तर से वे जजों से ऊपर हो गये हैं। अधिक खतरनाक नियम यह बना दिया गया है कि चुनाव आयुक्त जो भी फैसले लेंगे उनके खिलाफ न तो प्राथमिकी दर्ज की जा सकेगी और न ही उन्हें कोर्ट में चुनौती दी जा सकेगी। यानी आयुक्त इतने ताकतवर हो जायेंगे कि उनके निर्णय अंतिम रहेंगे।

ऐसे में अगर वे सरकार की हां में हां मिलाने वाले हुए (जिसकी आशंका भी है), तो यह संस्था पूर्णतरू निरंकुश हो जायेगी। जया ठाकुर ने अपनी याचिका में बताया है कि उन्होंने मूल याचिका 12 जनवरी को दायर की थी परन्तु इस दौरान एक और आयुक्त ने इस्तीफा दे दिया है। इसके साथ ही, लोकसभा चुनाव कभी भी हो सकते हैं इसलिये सुप्रीम कोर्ट द्वारा इसकी तत्काल सुनवाई किये जाने की आवश्यकता है। एक बार फिर से जन अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए शीर्ष अदालत ने इस मामले की सुनवाई तय की है। पारदर्शी एवं निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की पहली शर्त है। जिस प्रकार से मोदी सरकार ने अपनी सत्ता को बनाये रखने के लिये सम्पूर्ण संवैधानिक प्रणाली को ही ध्वस्त कर दिया है।

## अरुणाचल पर वक्रदृष्टि

यह पहली बार नहीं है कि चीन ने अरुणाचल पर कुतर्कों का राग अलापा हो। गाहे-बगाहे जब भी भारत के विशिष्ट व्यक्ति अरुणाचल जाते हैं और भारत सामरिक बढ़त लेता दिखता है, चीन गीदड़ भभकियां देने लगता है। हालिया मामला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बीते शनिवार बेहद ऊंचाई पर स्थित सबसे लंबी सुरंग के उद्घाटन का है। जिसको लेकर चीन को बेचौनी हुई है। उसने प्रधानमंत्री की अरुणाचल यात्रा पर भारत से राजनयिक आपत्ति दर्ज करायी है। जिसका कोई औचित्य नहीं है। दरअसल, साम्राज्यवादी चीन धरातल पर सैन्य ताकत दिखाने के साथ ही मनोवैज्ञानिक स्तर पर युद्ध लड़कर भी दबाव बनाने की कुत्सित कोशिशें करता रहता है। दरअसल, प्रधानमंत्री ने अरुणाचल के तवांग को असम के तेजपुर से जोड़ने वाली महत्वाकांक्षी सेला सुरंग राष्ट्र को समर्पित की थी। इस सुरंग के काम करने से अब तमाम प्रतिकूल मौसम में भी सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण तवांग तक भारतीय सैनिकों की आवाजाही व हथियार-रसद की आपूर्ति सामान्य हो जाएगी। भारत की सामरिक बढ़त पर चीन का तिलमिलाना स्वाभाविक ही है। करीब तेरह हजार फीट पर बनी यह सुरंग इस ऊंचाई पर बनी सबसे लंबी सुरंगों में शुमार है। जाहिर है भारत की इस कामयाबी से चीन का तिलमिलाना स्वाभाविक ही था। दरअसल,चीन अरुणाचल पर अनावश्यक दबाव बनाते हुए इसे अपने कब्जाये हुए तिब्बत का दक्षिणी भाग बताता है। यह सर्वविदित है कि भारत-चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा को लेकर हुए समझौते में अरुणाचल को चीन ने भारत का अंग माना है। निस्संदेह, लोकतांत्रिक विश्व में अंतर्राष्ट्रीय सीमा की अनदेखी करके अपना अधिकार जताने का कोई औचित्य नहीं है। ऐसा नहीं हो सकता है कि कोई देश दूसरे देश के हिस्से पर अपनी काल्पनिक दावेदारी जताकर आंखें दिखाए। उल्लेखनीय है कि बीते साल भी चीन ने अपने एक विवादित नक्शे में न केवल अरुणाचल के कुछ हिस्सों पर अपनी दावेदारी जतायी थी बल्कि अपनी दादागीरी दिखाने को कुछ स्थानों के नाम भी बदल दिये थे। जिसको लेकर भी भारत ने तल्ख प्रतिक्रिया प्रकट की थी।

बहरहाल, अरुणाचल पर चीन की हालिया टिप्पणी पर भारत ने कड़ा प्रतिवाद किया है और इसे हमारी राष्ट्रीय संप्रभुता पर आंच आने वाले कृत्य के तौर पर देखा है। जाहिर बात है कि ताकतवर मुल्क यदि अन्य देशों के भौगोलिक इलाकों को लेकर ऐसा रवैया अपनाएंगे तो फिर अंतर्राष्ट्रीय सीमा का क्या औचित्य रह जाएगा। यही वजह है कि भारत ने चीन के खोखले दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। निस्संदेह, यह घटनाक्रम चीन के दोहरे चरित्र को ही दर्शाता है। एक तरफ तो बातचीत के लिये चीन टेबल पर आता है और दूसरी तरफ भड़काऊ गतिविधियों के जरिये संबंधों को पलीता लगाने की नापाक साजिशें भी करता रहता है। कई बार भारतीय खिलाड़ियों को चीन जाने पर स्टेपल वीजा देकर विवादों को हवा देता रहा है। जाहिर इस तरह के कृत्य से पहले ही जटिल होते दोनों देशों के संबंधों में सुधार की कोशिशों पर पानी ही फिरता है। दीर्घकाल में सीमा विवाद को सुलझाने के प्रयासों को भी झटका ही लगता है। वहीं दूसरी ओर अरुणाचल की सीमा पर अस्थिरता पैदा करने की चीन की साजिशें जगजाहिर हैं। उसने अरुणाचल सीमा के पास तमाम स्थायी सैन्य व संरचनात्मक विकास किया है। इधर राजग सरकार के दौरान वास्तविक नियंत्रण रेखा के आसपास सड़कों,पुलों,सुरंग व सैन्य हवाई पट्टियों का निर्माण बहुत तेजी से किया गया है। 'नहले पे दहला' की भारतीय कोशिशों को चीन पचा नहीं पा रहा है। जिसकी प्रतिक्रिया में वह गाहे-बगाहे अरुणाचल पर थोथी दावेदारी करता रहा है। चीन भूल रहा है कि भारत अब 1962 के दौर से बहुत आगे निकल गया है। मजबूत थल, जल व वायु सेना उसके हर हमले का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। हाल ही में भारत द्वारा सफलतापूर्वक प्रक्षेपित उन्नत मिसाइल चीन के हर इलाके में कहर बरपाने में सक्षम है। अब चीन का भविष्य भी सहअस्तित्व के सिद्धांत को स्वीकारने में ही है।



## राशिफल

**मेषः**- स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**वृषभः**- हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुनः**- परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा।

**कर्कः**- भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा।

**सिंहः**- पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति भी ध्यान दें।

**कन्याः**- निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**तुलाः**- समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें।

**वृश्चिकः**- कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

**धनुः**-महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

**मकरः**- बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**कुंभः**- शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मीनः**- किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्मित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

# उम्मीदवारों की घोषणा के बाद टीएमसी को अभियान में शुरुआती बढ़त

तीर्थंकर मित्र

दस्ताने उतर गए हैं और चुनावी पंजे बाहर आ गये हैं। कांग्रेस के साथ चुनावी गठबंधन की संभावनाओं को खारिज करते हुए, तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए अपनी पार्टी के सभी 42 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की, जिससे भाजपा, सीपीआई (एम) और कांग्रेस, सभी राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों पर बढ़त हासिल कर ली गई।

अप्रत्याशित काम करके सुर्खियों में रहने की अपनी आदत के लिए मशहूर बनर्जी ने रविवार को कोलकाता के ब्रिगेड परेड मैदान में 42 महिलाओं और पुरुषों के साथ रैंपवॉक किया, जिसमें सौगत रॉय और सुदीप बंदोपाध्याय जैसे दिग्गज और यूसुफ पठान और रचना बनर्जी जैसे ग्रीनहॉर्न शामिल थे। पास ही एक मंच पर उनके भतीजे डायमंड हार्बर लोकसभा सीट के उम्मीदवार अभिषेक बनर्जी ने उन नामों की घोषणा की, जिन पर संभावित उम्मीदवार और उनके समर्थक उत्सुक थे। दोनों नेताओं के बीच भूमिगत मतभेदों को पाटने का प्रयास स्पष्ट था। यह उम्मीदवार घोषणा रैली का एक अंश था। सच कहें तो, उम्मीदवारों की सूची की घोषणा ने बनर्जी के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को असंतुलित कर दिया है। यह ऐसे समय में आया है जब विपक्ष संदेशखाली के ताकतवर नेता शेख शाहजहां की जमीन पर कब्जा करने और कु छ स्थानीय महिलाओं के यौन शोषण के आरोप में उसके कुछ गुर्गो के साथ कथित तौर पर संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तारी के बारे में सोचकर अपनी पीठ थपथपा रहा था। कोलकात्ता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय के इस्तीफे और उनके भाजपा में शामिल होने के बाद की कार्रवाई को लेकर भाजपा नेता उत्साहित थे। गंगोपाध्याय, जिनका नाम तमलुक में संभावित भाजपा उम्मीदवार के रूप में लिखा जा रहा है, उनका मुकाबला टीएमसी के देबांगशु भट्टाचार्य से होगा। वाकयुद्ध की आशंका जताई जा रही है क्योंकि पार्टी प्रवक्ता भट्टाचार्य अक्सर टेलीविजन टॉक शो में गंगोपाध्याय के फैसले की तीखी आलोचना करते रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवारों की सूची पर सरसरी नजर डालने से पता चलता है कि यह वास्तव में टीएमसी नेतृत्व के लिए एक विचार-मंथन सत्र था।

**बंदोपाध्याय के सबसे मुखर आलोचकों में से एक और कोलकाता उत्तर से नामांकन के इच्छुक बारानगर विधायक तापस रॉय ने भाजपा में शामिल होने के लिए टीएमसी छोड़ दिया। पार्टी के नये चेहरे और टीएमसी सुप्रीमो के भतीजे अभिषेक बनर्जी की इच्छाओं का प्रकटीकरण भी असंदिग्ध था। सय्योनी घोष, पार्थ भौमिक, शाहनाज अली रेहान, देबांगशु भट्टाचार्य उनकी पसंद के प्रमुख उम्मीदवारों में से हैं। भौमिक को बैरकपुर निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है, जो 2019 के चुनाव विजेता अर्जुन सिंह की जगह लेंगे, जो अपनी पुरानी पार्टी में लौटने के लिए भाजपा में शामिल हो गये थे। बैरकपुर एक परेशानी का स्थान रहा है और सिंह पर पार्टी के भीतर झड़पें भड़काने का आरोप लगाया गया था, जिसके कारण कानून और व्यवस्था की समस्याएं पैदा हो गईं। तृणमूल नेतृत्व ने कई पूर्व भाजपा नेताओं को लोकसभा चुनाव के उम्मीदवार के रूप में चुना है।**

जिसमें इसे सामने लाने के लिए युवाओं और अनुभव के विवेकपूर्ण संयोजन समय की मांग थी। यदि टीएमसी 90 के दशक के अंत में ममता बनर्जी की कांग्रेस से अलग होने की इच्छा से विकसित हुई, तो 2024 के लोकसभा चुनाव के उम्मीदवारों की सूची पर भी उनकी स्वीकृति की मुहर है। वरिष्ठों को डेडवुड करार देने के कानाफूसी अभियान को खारिज करते हुए सौगत रॉय, सुदीप बंदोपाध्याय, माला रॉय, कल्याण बंदोपाध्याय और काकली घोष दस्तीदार को उम्मीदवारों की सूची में शामिल किया गया है। उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र की उम्मीदवारी बरकरार रखी जहां से वे पिछले साल विजयी हुए थे। सौगत रॉय और सुदीप बंदोपाध्याय दोनों ही अभिषेक बनर्जी के समर्थकों के निशाने पर रहे हैं। बंदोपाध्याय के सबसे मुखर आलोचकों में से एक और कोलकाता उत्तर से नामांकन के इच्छुक बारानगर विधायक तापस रॉय ने भाजपा में शामिल होने के लिए टीएमसी छोड़ दिया। पार्टी के नये चेहरे और टीएमसी सुप्रीमो के भतीजे अभिषेक बनर्जी की इच्छाओं का प्रकटीकरण भी असंदिग्ध था। सय्योनी घोष, पार्थ भौमिक, शाहनाज अली रेहान, देबांगशु भट्टाचार्य उनकी पसंद के प्रमुख उम्मीदवारों में से हैं। भौमिक को बैरकपुर निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है, जो 2019 के चुनाव विजेता अर्जुन सिंह की जगह लेंगे, जो अपनी पुरानी पार्टी में लौटने के लिए भाजपा में शामिल हो गये थे। बैरकपुर एक परेशानी का स्थान रहा है और सिंह पर पार्टी के भीतर झड़पें भड़काने का आरोप लगाया गया था, जिसके कारण कानून और व्यवस्था की समस्याएं पैदा हो गई। तृणमूल नेतृत्व ने कई पूर्व भाजपा नेताओं को लोकसभा चुनाव के उम्मीदवार के रूप में चुना है। वे हैं शत्रुघ्न सिन्हा जो पटना साहिब से जीते, कीर्ति आजाद जो दरभंगा से जीते, रायगंज विधायक कृष्णा कल्याणी, राणाघाट से मुकुटमणि अधिकारी और सुजाता मंडल बिष्णुपुर के मौजूदा सांसद अपने पति सौमित्र खान से मुकाबला करेंगी बड़े पैमाने पर गैर-बंगाली वोट बैंक को लुभाने के लिए आसनसोल दुर्गापुर बेल्ट में सिन्हा और आजाद दोनों को मैदान में उतारना, क्योंकि दोनों बिहार से हैं, टीएमसी नेतृत्व की ओर से एक स्मार्ट कदम है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# सूखे बुंदेलखंड को रेगिस्तान बनाने में जुटे लकड़ी माफिया





**चरखारी ( महोबा ), समृद्धि न्यूज।**

वर्षों तक सूखे की विभीषिका झेल चुके क्षेत्र पर इस समय लकड़ी के माफियाओं की नजर गढ़ चुकी है जो समूचे जिले में फ्यूल वुड के नाम पर संरक्षित प्रजाति के वृक्ष भी कटवा रहे हैं। चरखारी के रुपनगर वार्ड में लंबे समय से लकड़ी माफिया द्वारा अवैध रूप से लकड़ी का डंप चलाया जा रहा है जहां प्रतिदिन दर्जनों ट्रकों में संरक्षित व गैर संरक्षित लकड़ी लखनऊ ,कानपुर सहित बड़े शहरों सहित हरियाणा व दिल्ली के लकड़ी कारोबारियों एंव ईंट भट्ठा मालिकों के पास पहुँचायी जा रही है एवं लकड़ी के अवैध कारोबार से करोडों की काली कमाई की जा रही है जबकि चरखारी के जिम्मेदार अधिकारियों के कानों में जूँ तक नहीं रेंग रही है, चरखारी क्षेत्र के किसानों को बरगालाकर लकड़ी माफिया उनके खेत-खलिहानों से कम दाम पर लकड़ी खरीदकर बड़े शहरों में ऊँचे दाम पर बेंच रहे हैं। नगर के समाजसेवियों का कहना है कि लगातार कई महीनों से क्षेत्र में पेडों की हो रही अबैध कटाई से क्षेत्र में वाटर लेवल गिर जायेगा जिससे भीषण जलसंकट पैदा हो जायेगा और सूखे की स्थिति पैदा होगी इस मामले पर वनक्षेत्राधिकारी श्रीराम निरंजन ने कहा कि लकड़ी के डंप का रजिस्ट्रेशन नहीं होता है यदि संरक्षित प्रजाति के वृक्ष काटे जा रहे तो यह अवैध है मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# बेहरमी से मारपीट कर किया घायल

**पीड़ित महिला की शिकायत पर बकेवर थाना पुलिस ने शुरु की तहकीकात**

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** थाना बकेवर क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम निवाड़ी कला में मां की मारपीट कर रहे नामजद पांच लोगों से बचाने आए बेटा को बेहरमी से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तहकीकात शुरु कर दी।

प्रेम देवी पत्नी छोटेलाल निवासी निवाड़ी कला थाना बकेवर ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया है। कि सुबह की भोर बिना बजह बड़ा बेटा और उसकी पत्नी व बच्चे पांच लोग गाली गलौच करने लगे। जब मना किया तो मारपीट कर दी। जब छोटा बेटा संतोष बचाने आया तो उसके साथ बेहरमी से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया हैं। पीड़ित महिला की शिकायत पर बकेवर थाना पुलिस ने तहकीकात शुरु कर दी है।

# स्कूल के प्रधानाध्यापकों को बूथ में मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त करने के आयुक्त ने दिए निर्देश

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी ने जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, एवं अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व रामप्रकाश के साथ विधान सभा महोबा के अंतर्गत आने वाले मतदेय स्थल प्राथमिक विद्यालय अलीपुरा, राजकीय इंटर कॉलेज महोबा, प्राथमिक विद्यालय कांसीराम कालोनी महोबा तथा विधान सभा चरखारी के अंतर्गत आने वाले मतदेय स्थल प्राथमिक विद्यालय अतरपठा, उच्च प्राथमिक विद्यालय लाडपुर, जूनियर हाई स्कूल बम्होरी खुर्द, पूर्व प्राथमिक विद्यालय सूपा, प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट सूपा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम ग्राम अलीपुरा के बूथ केंद्र का निरीक्षण किया गया, इसके पश्चात् राजकीय इंटर कॉलेज महोबा, प्राथमिक विद्यालय अतरपठा, प्राथमिक विद्यालय लाडपुर, जूनियर हाई स्कूल बम्होरी खुर्द, प्राथमिक विद्यालय सूपा, पूर्व प्राथमिक विद्यालय सूपा कमपोजिट मतदेय स्थलों का जायजा लिया ।इस दौरान आयुक्त महोदय ने समस्त बूथों मे मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली तथा प्रत्येक केंद्र में बूथ लेवल अधिकारियों से दिव्यांग वोटरों तथा 80 वर्ष से अधिक आयु के वृद्ध लोगों की जानकारी ली तथा उनके बूथ तक पहुँचने के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक को बूथ में मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त करने हेतु निर्देशित किया।इस दौरान मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारी नें पूर्व माध्यमिक विद्यालय सूपा में संचालित स्मार्ट क्लास में बच्चों से पढ़ाई के बारे में जानकारी ली तथा सवाल पूंछे। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता, एसडीएम सदर जितेंद्र सिंह, एसडीएम कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### खान सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम की बैठक आयोजित

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता की उपस्थिति में खान सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुयी। जिसमें जनपद के खनिज पट्टा धारक, क्रेशर व्यवसायी और जनपद के समस्त अधिकारियों को गाजियाबाद क्षेत्र के खान सुरक्षा डायरेक्टर ए.राम बाबू ने खान सुरक्षा से संबंधित आवश्यक गाइडलाइंस व दिशा -निर्देशों को बताते हुए कड़ाई से पालन करने हेतु प्रशिक्षित करते हुए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षित खान संचालन के लिए माइंस एक्ट 1952, धात्विक खान विनियम 1961, माइन्स रूल्स 1955 के निम्नलिखित सेक्शन, विनियमों एवं नियमों का पालन करना है।

### उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने किया एमपी सिंह को सम्मानित

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा का कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिला संरक्षक एमपी सिंह तोमर का व्यापारी नेताओं ने फूल मालाओं से लादकर कर स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर एमपी सिंह तोमर ने कहा कि देश में सिर्फ भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी सरकार है जो वास्तव में किसानों की हितसी है अब तक तो जो लोग भी सरकार में रहे उन्होंने सिर्फ किसानों का शोषण किया है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर एके शर्मा जिला संरक्षक हरि गोपाल शुक्ला जिला प्रभारी शिव भूषण सिंह चौहान जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष बीके वर्मा जिला उपाध्यक्ष गोरखनाथ वर्मा देवेंद्र सिंह चौहान मुन्नाउस्मेश चंद्र वर्मा सुनीता कुशवाहा जिला महामंत्री सुनीत सिंह चौहान नगर महामंत्री रमेश यादव युवा नगर अध्यक्ष अजय गुप्ता नगर महामंत्री राघव यादव अंकुर शाक्य अवधेश कुमार दुबे धर्मेंद्र भदोरिया विनीत कुमार चौहान अभय तोमर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### देश में अमनचैन की मांगी दुआ

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** कटरा शमशेर खां नई बस्ती में सूफी शहाबुद्दीन साहब के मकान पर ख्वाजा सूफी शमसुद्दीन साहब का 19 वॉ सालाना उर्से बड़ी शानो शौकत वा धूमधाम से मनाया गया जिसमें प्रदेश के सभी जनपदों से आए लोगों ने भाग लिया। फिरोजाबाद से आए कव्वाल शाहिद प्यारे निजामी ने कलाम पढ़कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया यह तेरा करम है शमसी मुझे मिल गई तेरी गुलामी मैं किस्मत वाला हो गया। उर्स के बाद कुल शरीफ हुआ कुल शरीफ के बाद में अमन और चैन की दुआ की गई कुल के बाद वहां पर आए सभी लोगों ने लंगर खाया इस मौके पर निजामुद्दीन मोइनुद्दीन, रफीक, नसरुद्दीन शाहिद, मोहम्मद इस्लाम, फहीम अजीज, एजाज, गुड्डू मंसूरी जेके ट्रेलर, वरिष्ठ पत्रकार मसूद तैमूरी, इन्तिजार अहमद खान आदि लोग मौजूद रहे।

### शिविर के दूसरे दिन कराया गया योगाभ्यास

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बांगरमऊ के इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित विशेष शिविर के द्वितीय दिवस कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 धर्मेन्द्र कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में प्रथम सत्र के दौरान नगर के मोहल्ला सैय्यदवाड़ा के युवकों को योगासन पद्मासन, हलासन, श्वास आसन, अनुलोम-विलोम व कपाल भांति आदि आसनों के साथ ही योगा भी कराया गया। बाद में सभी स्वयं सेवियों ने टोली बनाकर मोहल्ले के करीब 250 घरों में पारिवारिक विवरण, आधारकार्ड, आयुष्मान कार्ड व बचत खाता आदि मूलभूत सुविधाओं का सर्वे किया। द्वितीय सत्र में स्थानीय भारतीय स्टेट बैंक शाखा से शुभम श्रीवास्तव ने नागरिकों को किसान क्रेडिट कार्ड और कैश क्रेडिट, एनईएफटी, आरटीजीएस, आईएमपीएस, पेटीएम व फोन-पे की जानकारी देने के अलावा शैक्षिक लोन, पर्सनल लोन व होम लोन प्राप्त करने की प्रक्रिया तथा ब्याज की दर की भी जानकारी दी। घर-घर सर्वे के दौरान महाविद्यालय की प्राध्यापिका सविता राजन, डॉ अभय राजपूत, डॉ ब्रजकिशोर गुप्ता व कर्मचारी कन्हैया लाल मौजूद रहे।


### एक्सप्रेस-वे पर बाइक से डिवाइडर पर गिरा युवक, मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर अचानक झपकी आ जाने से बाइक पर पीछे बैठा युवक नीचे डिवाइडर पर आ गिरा। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक चालक की सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम घायल को अपनी एंबुलेंस से यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। जिला आजमगढ़ के थाना तरवा अंतर्गत ग्राम गतवा निवासी राहुल दुबे पुत्र रविप्रकाश दुबे और उसके साले शिवम मिश्रा पुत्र राजेन्द्र मिश्रा निवासी ग्राम रियाव थाना मोहम्मदाबाद जिला मऊ दोनों के परिवार मौजूदा समय में आगरा में रहकर काम-धंधा करते हैं। शिवम मिश्रा 20 वर्ष नोएडा स्थित एक महाविद्यालय में बीए प्रथम वर्ष का छात्र था। दोनों साले-बहनोई अपने गांवों से वापस बाइक के जरिए आगरा जा रहे थे। बाइक बहनोई राहुल दुबे (28) चला रहा था तभी रास्ते में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर ग्राम सादीपुर के सामने गुरुवार की दोपहर बाइक पर पीछे बैठे छात्र शिवम मिश्रा को अचानक झपकी आ जाने से वह नीचे डिवाइडर पर आ गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा होते ही चालक राहुल दुबे की सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम आनन-फानन अपनी एंबुलेंस से घायल शिवम मिश्रा को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने शिवम मिश्रा को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची बेहटा पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया और घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी। शिवम मिश्रा की सगी बहन साधना बाइक चालक राहुल दुबे को ब्याही है। मौत की खबर मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक शिवम मिश्रा दो विवाहित सगी बहनों साधना और प्रिया के बीच इकलौता अविवाहित भाई था।

### कच्ची शराब सहित महिला गिरफ्तार

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** होली और अन्य त्योहारों को देखते हुए बुधवार को आबकारी निरीक्षक ज्योति अग्रवाल पुलिसबल के साथ माखी के बाबूखेड़ा व सरांय थोक नटपुरवा पहुंची जहां उन्होंने रिंकी के घर में छापेमारी की जिसमे बोतलों व डब्बे में छुपाकर रखी हुई लगभग 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। बरामद शराब को जब्त करते हुए रिंकी पत्नी सोनू को गिरफ्तार करते हुए आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत विधिक कार्रवाई की। इस संबंध में आबकारी निरीक्षक ज्योति अग्रवाल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर कार्रवाई की गई है।

# रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष जिला संचालन समिति की बैठक आयोजित



**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

उ.प्र. रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष की जिला संचालन समिति की बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार आहूत की गयी। बैठक में 90 पीड़िताओं की क्षतिपूर्ति की धनराशि स्वीकृत किए जाने हेतु विचार विमर्श किया गया।

उक्त बैठक में समिति की सर्वसम्मिति से 22 पीड़िताओं को क्षतिपूर्ति की धनराशि स्वीकृत की गयी, 06 पीड़िताओं के संबंध में पुनः स्पष्ट आख्या प्राप्त होने पर निर्णय लिया जायेगा। शेष पीड़िताओं का आवेदन मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर अस्वीकृत कर दिया गया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से समय से रिपोर्ट लगाई जाने के निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि पीड़ितों को योजनाओं का लाभ समय से दिया जाए । बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, एसपी क्राइम सुबोध गौतम, जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह ,जिला समाज कल्याण अधिकारी रविंद्र कुमार शशि ,जिला दिव्यांग जन कल्याण अधिकारी प्रदीप कुमार तिवारी सहित समस्त अधिकारी उपस्थित रहे।

# लोकसभा चुनाव के आहट होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने की बैठक

**चरखारी ग्रामीण, समृद्धि न्यूज।**



चरखारी ब्लॉक के ग्राम सुपा में चरखारी ग्रामीण मंडल की बैठक सूपा कार्यालय में हुई बैठक के मुख्य अतिथि सुनील सेंगर ने कार्यकर्ताओं को लाभार्थी संपर्क अभियान में तेजी लाने को कहा एवं समस्त लाभार्थियों को सरल अप के माध्यम से सत्यापन करना है आने वाले लोकसभा चुनाव में सेक्टर प्रभारियों को पन्ना प्रमुख सूचना प्रमुख पोलिंग एजेंट बनाने की प्रक्रिया पूर्ण करनी है सभी कार्यकर्ताओं को आम जनमानस भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों से अवगत कराना है क्योंकि हमारी डबल इंजन की सरकारभारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित राजनीतिक दल है। यह किसी परिवार, जाति या वर्ग विशेष की पार्टी नहीं है। भाजपा कार्यकर्ताओं को जोड़ने वाला सूत्र है--भारत के सांस्कृतिक मूल्य, हमारी निष्ठाएं और भारत के परम वैभव को प्राप्त करने का संकल्प; और साथ ही यह आत्मविश्वास कि अपने पुरुषार्थ से हम इन्हें प्राप्त करेंगे।

भाजपा की विचारधारा को एक पंक्ति में कहना हो तो वह है 'भारत माता की जय'। भारत का अर्थ है 'अपना देश'। देश जो हिमालय से कन्याकुमारी तक फैला है और जिसे प्रकृति ने एक अखंड भूभाग के रूप में हमें दिया है। यह हमारी माता है और हम सभी भारतवासी उसकी संतान हैं। एक मां की संतान होने के नाते सभी भारतवासी सहोदर यानि भाई-बहन हैं। भारत माता कहने से एक भूमि और एक जन के साथ हमारी एक संस्कृति का भी ध्यान बना रहता है। इस माता की जय में हमारा संकल्प घोषित होता है और परम वैभव में है मां की सभी संतानों का सुख और अपनी संस्कृति के आधार पर विश्व में शांति व सौख्य की स्थापना। यही है ' इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुनील सेंगर, मंडल अध्यक्ष पंकज शुक्ला, मंडल मीडिया प्रभारी /क्षेत्र पंचायत सदस्य देवी सिंह राजावत, सेक्टर संयोजक सौरभ मिश्रा रामबाबू गुरुदेव देवेंद्र प्रजापति रानू सिंह चौहान कालीचरण दीक्षित सुरेंद्र त्रिपाठी सहित भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल के समस्त कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे

# अधिष्ठापन समारोह में वरिष्ठ जायण्ट्स सम्मानित

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



सौहार्द संस्कार सेवा आत्मि दलक सुखानुभूति को मूल मंत्र मानते हुए समाज सेवार्थ समर्पित भारतीय मूल की अंतर्राष्ट्रीय संस्था- जायण्ट्स वैलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 5 की यूनिट 1 में संचालित जायण्ट्स ग्रुप आफ दतावली की अध्यक्ष संगीता तिवारी, पिलुआ महावीर के अध्यक्ष शमशुद्दीन शम्स,, सैफई के अध्यक्ष राज कुमार कुशवाह, नवोदिता की अध्यक्ष अर्चना सिंह, पिलुआ महावीर स्टार के अध्यक्ष तिलक सिंह कुशवाहा एवं सिलसिला समूह की अध्यक्ष सीमा यादव के संयुक्त संयोजकत्व में यूनिट 1 के समूहों का संयुक्त अधिष्ठापन समारोह, प्रथम यूनिट काउन्सिल मीट में आरियेण्टेसन आतिथि फ़ूड विलेज इटावा में सम्पन्न हुआ।

समारोह में सभी समूहों के अध्यक्ष एवं उनके नव निर्वाचित निदेशक मंडल को यूनिट निदेशक आशा अवस्थी ने शपथ ग्रहण करायी। फेडरेशन कोआर्डिनेटर राम सजीवन सिंह ने वित्त निदेशकों को दायित्व बोध कराया। आर के अग्रवाल ने उपाध्यक्षों का दायित्व बोध कराया। निवर्तमान फेडरेशन अध्यक्ष ऊषा यादव ने नवीन जायण्टस सदस्यों को शपथ ग्रहण कराते हुए समूह अध्यक्ष के पद दायित्व बोध कराया। बहजोई सम्भल से आये फेडरेशन अध्यक्ष डॉ उमेश अग्रवाल ने प्रशासनिक निदेशक गण को दायित्व बोध कराते हुए आयोजन मंडल की मुक्त कंठ से प्रशंसा की?। अति विशिष्ट अतिथि डॉ शिवराज सिंह यादव सदस्य केन्द्रीय समिति ने नव अधिष्ठापित अध्यक्ष गण निदेशक मंडल एवं नवीन जायण्टस सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए आयोजन के लिए समर्पित आयोजन मंडल की तारीफ की। चिकित्सा के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान हेतु इटावा के प्रख्यात ओर्थोपैडिक सर्जन डॉ राजीव यादव एवं न्याय के क्षेत्र में अद्वितीय एवं अनुकरणीय योगदान करने वाले एडवोकेट अजीत सिंह को मुख्य अतिथि एस पी चतुर्वेदी विश्व उपाध्यक्ष द्वारा ÷इटावा रत्न से अलंकृत किया गया। कार्य क्रम का मनोहारी सन्चालन फेडरेशन आफीसर साधना शर्मा एवं पूर्व फेडरेशन आफीसर ललित सक्सैना ने किया। फेडरेशन आफीसर राजदा खातून ने आयोजन को सफल बनाने में सराहनीय योगदान हेतु मुख्य अतिथि एस पी चतुर्वेदी, विश्व उपाध्यक्ष, डॉ शिवराज सिंह यादव, सदस्य केन्द्रीय समिति।आर के अग्रवाल पूर्व सदस्य विशेष समिति, श्रीमती ऊषा यादव निवर्तमान अध्यक्ष, फेडरेशन अध्यक्ष डॉ उमेश अग्रवाल, अधिष्ठापन अधिकारी श्रीमती आशा अवस्थी ने जायण्ट्स ग्रुप आफ दतावली की अध्यक्ष संगीता तिवारी, पिलुआ महावीर के अध्यक्ष शमशुद्दीन शम्स, सैफई के अध्यक्ष राजकुमार कुशवाहा, नवोदिता की अध्यक्ष अर्चना सिंह, पिलुआ महावीर स्टार के अध्यक्ष तिलक सिंह कुशवाहा, एवं सिलसिला की अध्यक्ष सीमा यादव, निवर्तमान अध्यक्ष नीलम भदौरिया आदि का आभार ब्यक्त किया।

# कोटा डीलर के विरुद्ध कार्रवाई

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** अहेरीपुर ग्राम पंचायत के कोटा डीलर के स्टॉक में जनवरी-फरवरी व मार्च महीने का राशन का गल्ला न मिलने पर पूर्ति निरीक्षक ने अहेरीपुर कोटा डीलर के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया है। तथा कोटा राशन की दुकान को निलंबित कर पास के ही ग्राम पंचायत वीरपुर कोटा डीलर से सम्बद्ध कर दिया है पूर्ति निरीक्षक ने ग्रामीणों की शिकायत पर कोटा डीलर की शिकायत की जांच की थी।
भरथना तहसील के पूर्ति निरीक्षक शैलेंद्र सागर ने बकेवर थाने में अहेरीपुर कोटा डीलर शीला देवी के विरुद्ध दर्ज कराये मामले में बताया कि वह ग्रामीणों के फोन से की गई शिकायत की अहेरी पुर कोटा डीलर अंगूठा लगवा कर ग्रामीणों को गल्ला नहीं दे रहा है। शिकायत पर उन्होंने 7 मार्च को मौके पर जाकर जांच की थी। साथ ही हरिपुर कोटा डीलर शीला देवी से इस मामले में पूछताछ भी की थी परंतु कोटा डीलर शीला देवी कोई संतुष्ट पूर्ण उत्तर नहीं दे सकी यही नहीं कोटा डीलर की दुकान के स्टॉक में को चेक किया गया तो उसमें जनवरी-फरवरी माह अवशेष स्टॉक व मार्च महीने के ग्रामीणों को दिया जाने वाला उठान का गल्ला उपलब्ध नहीं मिला जो 70.97 किलो गेहूं, 135.77 कुंतल चावल 59.96 कुंतल बाजरा, 16 किलो मक्का व 48 किलो चीनी उपलब्ध नहीं मिली। इस स्टॉक के न मिलने के संबंध में कोटा डीलर शीला देवी से पूछताछ कर जानकारी मांगी गई परंतु वह कोई संतुष्ट पूर्ण उत्तर नहीं दे सकी। पूर्ति निरीक्षक ने बताया अहेरी पुर कोटा डीलर के यहां राशन कोटा का गल्ला उपलब्ध न मिलने पर उन्होंने इस संबंध में अपनी पूरी रिपोर्ट एसडीएम भरथना को भेजी थी। जिलाधिकारी के निर्देश पर कोटा डीलर अहेरीपुर शीला देवी के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा के तहत मामला दर्ज कराया गया है। तथा कोटा की दुकान को फिलहाल निलंबित कर दिया गया है अहेरीपुर के कोटा का राशन वीरपुर के कोटा डीलर से सम्बद्ध कर दिया गया है। अहेरी पुर के ग्रामीणों को अगले आदेश तक वीरपुर कोटा डीलर से राशन कोटा का अनाज गला मिला करेगा।

# विश्व किडनी दिवस पर डायलिसिस वार्ड में कुलपति ने मरीजों से पूछा कुशल-क्षेम

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**




हर वर्ष मार्च महीने के दूसरे गुरुवार को ÷विश्व किडनी दिवस÷ मनाया जाता है इसी क्रम में गुरुवार 14 मार्च को यूपीयूएमएस सैंफई में विश्व किडनी दिवस मनाया गया। इस दिवस के अवसर पर कुलपति प्रो. डॉ. प्रभात कुमार सिंह ने 15 बेडेड डायलिसिस वार्ड जाकर मरीजों से कुशल क्षेम पूछा और उनका हाल-चाल जाना। उन्होंने सभी मरीजों से संवाद करते हुए कहा कि आप सभी स्वस्थ जीवन शैली अपनाते हुए बेहतर खान-पान और योगा और व्यायाम प्रतिदिन करें।

विश्व किडनी दिवस के उपलक्ष में यूपीयूएमएस सैंफई में संगोष्ठी का भी आयोजन कुलपति की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि इस वर्ष की थीम ÷किडनी हेल्थ फॉर ऑल है÷ जिसका उद्देश्य है किडनी को हेल्दी बनाए रखना व किडनी रोगों के प्रति लोगों को जागरूक बनाया जाए जिससे लोग जागरूक हों और स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाएं। नेफ्रोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ शालिनी प्रिया ने किडनी के रोगों के सामान्य लक्षणों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी और बताया थकावट होना, भूख कम लगना, सोने में समस्या, मांसपेशियों में खिंचाव पर, बार-बार मूत्र जाना, सीने में दर्द, उच्च रक्तचाप जैसे लक्षण किडनी की समस्या के सामान्य लक्षण है यदि यह लक्षण दिखाई दे तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें और चेकअप करवाएं। यूरोलॉजी विभाग के डॉ. अंकित सचान ने भी किडनी की गंभीर बीमारियों के संदर्भ में अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया और महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। कार्यक्रम के अंत में यूरोलॉजी के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. एम.ए. खान ने सभी अतिथियों को आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रति कुलपति प्रो. डॉ. रमाकांत, कुल सचिव डॉ चंद्रवीर सिंह ,चिकित्सा अधीक्षक डॉ एसपी सिंह, संकाय अध्यक्ष आदेश कुमार, डायलिसिस इंचार्ज ऑफिसर तेजवान, न्यूरोलॉजी यूरोलॉजी विभाग के समस्त डॉक्टर्स व मेडिकल छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पुलिस ने दो आरोपियों को तमंचों के साथ पकड़ा

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना भरथना एवं थाना सैफई पुलिस ने अवैध तमंचा कारतूस सहित दो आरोपी गिरफ्तार किये।

थाना भरथना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत कृष्णानगर ओवरब्रिज चौराहे पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि एक व्यक्ति तुरैया बंबे पर नगला गनू की पुलिया के पास खडा है, जिसके पास अवैध असलहा है, कोई अप्रिय घटना कारित कर सकता है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना भरथना पुलिस टीम द्वारा गुलशन कुमार पुत्र अरविन्द सिंह निवासी नगला गनू थाना भरथना इटावा को अवैध तमंचा 315 बोर व 2 जिंदा कारतूस 315 बोर सहित तुरैया बम्बे पर नगला गनू की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। इसी क्रम मे थाना सैफई पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील रहकर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर लवकुश पुत्र रामकिशोर निवासी बरौली खुर्द थाना सैफई इटावा को अवैध तमन्चा व जिन्दा कारतूस सहित बरौली खुर्द तिराहे से गिरफ्तार किया गया। इस सफलता में प्रभारी निरीक्षक भरथना देवेन्द्र सिंह, उ.नि. प्रेम चन्द्र, हे.का. अजीत सिंह व बलराम मिश्रा प्रभारी थाना सैफई मय टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# तीन दिवसीय सत्संग समारोह का मनोहारी कथाओं के साथ समापन

**सफीपुर-उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के मिर्जापुर गांव में चल रहे तीन दिवसीय सनातन धर्म सत्संग समारोह के अंतिम गुरुवार को वक्ताओं ने भक्तों के मंगलमय भविष्य की कामना करते हुए भगवान की मनोहारी कथाओं का रसपान कराया। आयोजन में शाहजहापुर, सीतापुर, नैमिषारण्य, कानपुर, वृंदावन, यशोदानगर आदि स्थानों से पधारे रामायणी मनीषियों ने भागवत कथा के माध्यम से निष्काम कर्मयोग में निरत रहने का संदेश दिया।

महन्त रामस्वरुप ब्रम्हचारी ने समाज में हो रहे चरित्र की गिरावट पर सचेत करते हुए कहा कि जीवन में चरित्र ही समाज को अमरता प्रदन करता है। चरित्र नष्ट हो जाने पर कुछ भी शेष नहीं रहता। फ़िर अपने देश में तो अनेक महापुरुषों, विद्वानों ने जन्म लेकर इस धरती का श्रृंगार किया है। किंतु उनके आदर्शों पर न चलने से पैदा हुआ कलुषित वातावरण आज दुखदायी बन चुका है।उन्होंने कहा कि राम का कृतित्व उनके आदर्श चरित्र के बल पर ही हमें प्रेरणा दे रहा है। आचार्य माधवाश्रम व रामाश्रम जी ने सत्संगति की महत्ता पर प्रकाश डाला और कहा कि सत्संग ही मानव की बुद्धि का परिष्कार करता है।



उन्होंने कहा कि कर्म ही प्रधान है किंतु वह निष्काम भाव से किया जाए तो जीवन सफल हो जाएगा। प्रहलाद मिश्र ,मानस महारथी प्रवीण तिवारी आदि वक्ताओं ने धर्म की व्याख्या की। श्रोताओं से अपेक्षा करते हुए कहा कि श्रोता इसी के अनुसार आचरण करके एक स्वस्थ समाज की रचना करेंगे। आयोजक सोनेलाल पाल ने सभी संत मनीषियों का सत्कार किया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत हैदराबाद विकास खण्ड कुम्भी गोला खीरी**

पत्रांक /टेन्डर/2023-24 दिनांक 14/03/2024

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हैदरबाद में निम्नलिखित कार्यों पर सामग्री (ईट, रोड़ा, इण्टरलॉक, बालू, मौरंग, गिट्टी, सीमेन्ट आदि) की आवश्यकता है इच्छुक फर्म दिनांक 15.03.2024 से 21.03.2024 तक अपना टेन्डर ग्राम पंचायत में समय 11.00 बजे तक उपलब्ध करा सकते हैं। दिनांक 21.03.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे ग्राम पंचायत हैदराबाद में समिति के समक्ष खोला जायेगा टेन्डर के सम्बन्ध में जानकारी प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी हैदराबाद से किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | स्वीकृति ल0 | स्वीकृति धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1 | हबीब के घर से गंगासागर के घर तक इण्टरलॉक व नाली निर्माण कार्य | 100 मी0 | 733195.00 |

(आजाद अली)
प्रधान
ग्रा0 पं0- हैदराबाद
वि0ख0- कुम्भी गोला खीरी

(श्रीमती शैल्वी बाजपेई)
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्रा0 पं0- हैदराबाद
वि0ख0- कुम्भी गोला खीरी

# निर्माणाधीन परियोजना के धीमी प्रगति पर डीएम की फटकार

**कार्यदायी संस्था को दिये 31 मार्च तक कार्य पूर्ण करने के दिये निर्देश, निर्माणाधीन गौशाला के चारों तरफ समतलीकरण कर तार फेंसिंग करने के दिये निर्देश**

उरई,जालौन। समृद्धि न्यूज

गुरुवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने निर्माणाधीन जुगराजपुर गौशाला, प्राथमिक विद्यालय व पोलिंग बूथ, आंगनवाड़ी केंद्र जुगराजपुर, खण्ड विकास कार्यालय कुठौंद व निर्माणाधीन जलाधारित परियोजना रायपुरा का औचक निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन गौशाला जुगराजपुर का निरीक्षण के दौरान यूपीआरएनएसएस कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि 31 मार्च 2024 तक सभी कार्य पूर्ण करते हुए गौवंशों को संरक्षित किए जाएं। निर्माणाधीन गौशाला के चारों तरफ समतलीकरण कर तार फेंसिंग के निर्देश दिए। इसके उपरांत प्राथमिक विद्यालय में पोलिंग बूथ का जायजा लिया।

प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति कम होने पर नाराजगी प्रकट करते हुए प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया कि छात्रों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए साथ ही छात्राओं के अभिभावकों को प्रेरित करते हुए बच्चों को यूनिफॉर्म में ही स्कूल भेजने हेतु प्रेरित करें। मिड डे मील में बच्चों को रोस्टर अनुसार भोजन न मिलने पर कड़ी फटकार लगाई साथ ही निर्देशित किया कि रोस्टर अनुसार ही बच्चों को भोजन दिया जाए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। विद्यालय के परिसर का फर्श, प्रधानाध्यापक कक्ष व आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर होने पर संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि एस्टीमेट बनाकर सही कराया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, उप जिलाधिकारी जालौन अतुल कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी निर्मल कुमार खंड विकास विकास अधिकारी आदि सहित अधिकारी मौजूद रहे।



निर्माणाधीन जलाधारित परियोजना रायपुरा का निरीक्षण करते जिलाधिकारी।

## जिलाधिकारी ने वरिष्ठ सहायक के कार्यों की सराहना की

**कुठौंद।** जिलाधिकारी राजेश पांडेय गुरुवार को विकासखंड कुठौंद कार्यालय का निरीक्षण किया जहां पर उन्होंने आइजीआरएस जनसुनवाई प्राप्त शिकायत के निस्तारण के संबंध में जानकारी प्राप्त की। साथ ही निर्देशित किया कि किसी भी शिकायतकर्ता की शिकायत लंबित न रहे समय सीमा के अंतर्गत शिकायतों का अधिकारी निस्तारण करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने ग्राम विकास अधिकारी व अन्य कर्मचारियों की जीपीएफपासबुक का अवलोकन किया, जिसमें सभी कर्मचारियों की जीपीएफपास बुक अपडेट मिली, जिस पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि वरिष्ठ सहायक अर्चना मिश्रा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाए। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना आदि योजनाओं के लंबित आवेदनों को स्वयं परीक्षण कर पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करें।

# दो नामजदों सहित चार के विरुद्ध मारपीट, बंधक बनाने का मामला दर्ज

कालपी,जालौन। समृद्धि न्यूज

पुलिस ने दो नामजदों सहित चार लोगों के खिलाफमारपीट, चोरी व बंधक बनाये रखने का मामला दर्ज किया है। आरोपी मुन्ना फुलपाबर चौराहा से उसके पुत्र को चकमा देकर उसे ले गए थे और दो दिन बाद छोड़ा था। सूत्रों के अनुसार आटा थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरांय निवासी युवक सुमित पुत्र इन्द्रकुमार गत 4 फरवरी को गांव से ही अपनी मां के साथ राजू नामक व्यक्ति की बुलेरो में बैठकर कानपुर देहात के लिए निकला था लेकिन कालपी स्थित मुन्ना फुलपावर चौराहा पर पहुंच कर वह पान मसाला लेने के लिए निकला था लेकिन वह फिर से बुलेरो तक पहुंचा उससे पहले राजू तथा राम अवतार पुत्र मनसुख निवासी देवपुरा थाना कालपी दो अन्य साथियों के साथ माँ को लेकर चले गए थे। युवक ने इस मामले की शिकायत पुलिस से भी की थी लेकिन दो दिनों बाद उक्त लोग माँ को जोल्हूपुर मोड़ पर छोड़कर भाग निकले थे और जैसे तैसे घर पर पहुंच कर उन्होंने आपबीती सुनाई थी जिसमे उक्त लोगो ने मारपीट कर जेवर आदि सामान भी छीन लिया था। पुलिस द्वारा की गई जाँच में मामला सही निकला था जिसके चलते गुरुवार देरशाम एसपी डा. देवेन्द्र पचौरी के निर्देश पर पुलिस ने दो नामजदों समेत चार लोगों के खिलाफ धारा 323, 379, 365 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी कामता प्रसाद के अनुसार मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# तकनीकी टीम ने मंडी का किया निरीक्षण



मंडी में चल रहे कार्यों का निरीक्षण करते डिप्टी डायरेक्टर।

उरई,जालौन। समृद्धि न्यूज

बंगरा मार्ग पर स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति व थोक सब्जी मंडी में प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए 17 लाख लागत से काम कराया जा रहा है।

मंडी परिसर में चल रहे कार्य का निरीक्षण करने के लिए डिप्टी डायरेक्टर के साथ तकनीकी टीम ने मौके पर पहुंच निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिये। कृषि उत्पादन मंडी समिति के डिप्टी डायरेक्टर मो. कमाल इरफान के साथ सहायक अभियंता हर्ष श्रीवास्तव, अवर अभियंता गिरिश वर्मा की टीम ने स्थानीय कृषि उत्पादन मंडी समिति व थोक सब्जी मंडी में चल रहे विद्युतीकरण के कार्य को देखा। मंडी परिसर में 17 लाख की विद्युतीकरण का काम फतेहपुर की संस्था प्रदेश लाइट हाउस द्वारा कराया जा रहा है। विद्युतीकरण के चल रहे कार्य को देखने आयी प्रयागराज की टीम ने बिजली पोल की गुणवत्ता के साथ उनको जमीन में लगाने समेत विभिन्न कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। टीम ने विद्युतीकरण के लिए कार्यदायी संस्था द्वारा क्रय किये सामान को चौक किया तथा विभागीय मानकों से मेल किया तथा चल रहे काम को संतोषजनक पाया। निरीक्षण के बाद डिप्टी डायरेक्टर ने संस्था प्रमुख को सख्त निर्देश दिए कि वह पूरा काम निर्धारित इसी माह की समय सीमा में पूरा कर दे तथा गुणवत्ता से कोई समझौता न करें।

समय समय पर टीम निरीक्षण करेगी अगर खामियां मिली तो कार्रवाई भी की जायेगी। इस मौके पर मंडी सचिव वीरेंद्र कुमार, राघवेंद्र गुर्जर, निखिल श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

# कब्रिस्तान की जमीन को बेचने का प्रयास, लोगों ने किया विफल

**एसडीएम कार्यालय पहुंचे लोगों ने फर्जीवाड़े की बतायी हकीकत**

रामपुरा,जालौन। समृद्धि न्यूज

नगर के होली मोड़ पचोखरा रोड़ पर स्थित नगर के मुस्लिम समुदाय के लोगों के कब्रिस्तान की जगह की बिक्री को लेकर नगर के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर रोक लगा दी है। रियासत काल से नगर के मरघट व कब्रिस्तान फकीरो व जोशियों के संरक्षण दिया जाता था। चकबंदी के दौरान कुछ लोगों ने इस जमीन को अपने नाम पर दर्ज करा लिया। जिसकी बिक्री को लेकर बुधवार को रजिस्ट्रार कार्यालय पहुंचकर बैनामा कराने का प्रयास किया जा रहा था। जब नगर के मुस्लिम समुदाय के लोगों को इस बात की जानकारी लगी कि कब्रिस्तान की जमीन जिसकी गाटर संख्या 2324 जिसका रकवा 0.591 हेक्टेयर भूमि बेंची जा रही हैं। जिसके बाद सभी लोग तहसील माधौगढ़ पहुंचकर रजिस्ट्री ऑफिस जाकर उक्त जमीन की बिक्री पर रोक लगाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया।

जिसके पश्चात एसडीएम से मुलाकात कर उक्त भूमि के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 100 वर्षो से अधिक समय से उक्त भूमि पर उनके पुरखे दफ्न हैं। वर्तमान में भी वहां कब्रिस्तान मौजूद हैं। लेकिन कुछ लोगों द्वारा गलत तरीके से उक्त भूमि को बेचना चाहते हैं।

# राशन सामग्री मांगने पर परिवारीजनों ने की मारपीट

**कोंच,जालौन।** कोतवाली के मुहल्ला गांधी नगर हाल निवास कांशीराम कालोनी निवासी छुट्टन पुत्र विजय ड्राइवर कुचवदिया ने कोतवाली में एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि हमारे घर में एक ही मुखिया के नाम से राशन कार्ड बना है जिसमें हम सभी भाई व परिवारीजन दर्ज है जब मैं राशन कार्ड की सामग्री से अपना हिस्सा परिवारीजनों से मांगता हूं तो वह लड़ाई झगड़ा कर मारपीट कर देते हैं जब मैंने पुनः राशन सामग्री मांगी तो मेरे भाई राज कुमार मक्कू सलीम चच्चा आदि ने मिलकर मेरी मारपीट कर दी और राशन सामग्री देने से इनकार कर दिया छुट्टन ने पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की है जिस पर पुलिस मामले का संज्ञान लेते हुए जांच में जुट गई है।

# राशनकार्ड धारकों को पहले मिलेगा खाद्यान्न बाद में लगेगी फिंगर

कालपी,जालौन। समृद्धि न्यूज

अब मार्च माह से उचित दर विक्रेता घटतौली नही कर सकेंगे। नई वितरण व्यवस्था में विभाग ने पहले खाद्यान्न बाद में फिंगर लगाने का फण्डा तैयार किया है और यह व्यवस्था शुक्रवार से लागू हो जाएगी।

शासन ने काफी बर्षो पहले गरीब जनता को सस्ते दर पर खाद्यान्न तथा अन्य जरूरत का सामान देने के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली की शुरुआत की थी। जिसके चलते पहले कागज से शुरू हुई यह व्यवस्था अब फिंगर से भी आगे निकल गई है। समाजसेवी दिव्य गोपाल श्रीवास्तव के अनुसार उचित दर विक्रेता पहले एक माह का राशन हजम कर जाते थे जिसकी शिकायत शासन तक पहुंची तो व्यवस्था में बदलाव कर प्रतिमाह वितरण के लिए सुपरवाईजरों को तैनात किया जाने लगा था और उनकी रिपोर्ट के बाद ही वितरण माना जाता था लेकिन यह व्यवस्था भी राशन कार्ड धारकों का भला नही कर सकी थी जिसके चलते विभाग ने वितरण व्यवस्था आनलाईन कर दी थी और पांस मशीन में अंगूठा लगाने के बाद ही राशन वितरण माना जाता था लेकिन यह व्यवस्था भी राशन वितरण में गड़बड़ी नही रोक सकी और उचित दर विक्रेताओं पर आरोप लग रहे थे कि वह प्रति यूनिट एक किलो कम खाद्यान्न दे रहे हैं लेकिन विभाग ने इस व्यवस्था में फिर सुधार किया है।

**धर्मगुरुओं के साथ की गयी शान्ति समिति की बैठक**

**कोन।** स्थानीय थाना परिसर में क्षेत्राधिकारी ओबरा डॉ चारू द्विवेदी द्वारा आगामी त्यौहार होली रमजान ईद व के दृष्टिगत थाना कोन क्षेत्र के विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं/सम्भ्रान्त व्यक्तियों, ग्राम प्रधानों, पत्रकार बन्धु, डीजे संचालकों के साथ शान्ति समिति/पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान बैठक में उपस्थित विभिन्न धर्मगुरुओं, सम्भ्रान्त व्यक्तियों एवं पत्रकार बन्धु से वार्ता कर उपरोक्त त्योहार को सौहार्द एवं शांतिपूर्ण तरीके से एवं लोकतन्त्र के पर्व को शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण से मनाने की अपील की गयी साथ ही सभी से अपील की गयी कि अराजक तत्वों के सम्बंध में पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करें। इसके अतिरिक्त बैठक में उपस्थित अधिकारी/कर्मचारीगण को भी थाना क्षेत्र में सतर्क दृष्टि रखते हुए आगामी त्यौहार को सकुशल व शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया।

## खबरें एक नजर में

### चुनाव के मद्देनजर 3287 लोगो को किया पाबंद

**उतरौला,बलरामपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सभी एहतियाती कदम उठाना शुरू कर दिया है। उतरौला तहसील क्षेत्र के पांच थाना पुलिस ने 3287 लोगों के खिलाफ चालानी रिपोर्ट एसडीएम उतरौला न्यायालय पर दी है। एसडीएम उतरौला अवधेश कुमार ने पुलिस की रिपोर्ट पर पक्षों को न्यायालय पर तलब करके एक लाख रुपए के मुचलके पर पाबन्द कराने का निर्देश दिया है। तहसील उतरौला के थाना श्रीदत्तगंज, कोतवाली उतरौला, थाना रेहरा बाजार, थाना गैडास बुजुर्ग, थाना सादुल्लह नगर की पुलिस ने लोकसभा चुनाव में उपद्रव फैलाने अथवा शान्ति भंग की आंशका जाहिर की है।

### स्लोगन के साथ मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

**उतरौला,बलरामपुर।** आपका वोट आपका भविष्य के स्लोगन के साथ चुनाव आयोग ने मतदाताओं को ईवीएम मशीन से मतदान करने के लिए जागरूक कर रहा है। इसके लिए प्रचार वाहन के साथ एल ई डी से फिल्म गांव गांव में दिखाया जा रहा है। सहायक निर्वाचन अधिकारी उतरौला अवधेश कुमार ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान ईवीएम मशीन से कराने के लिए चुनाव आयोग मतदाताओं को गांव गांव में जाकर जागरूक कर रहा है। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एल ई डी से गांव के सार्वजनिक स्थलों पर फिल्म दिखाकर मतदाताओं को मतदान के तरीके, मतदान की आवश्यकता पर जागरूक किया जा रहा है। तहसील मुख्यालय पर स्थाई रूप से ई वी एम लगा दिया गया है। इस पर तैनात कर्मचारी तहसील में किसी काम से आए मतदाताओं को उनके सामने ईवीएम मशीन से मतदान कराकर उसके परिणाम को दिखाया जाता है।

### दुकान निर्माण कराने पर मिल रही जानमाल की धमकी

**जालौन (उरई)।** युवक खरीदी गयी दुकान का निर्माण करा था। परिवार के लोगों ने मौके पर दुकान का निर्माण नहीं होने दिया तथा गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है। कोतवाली क्षेत्र चिमनदुवे निवासी रजा अहमद ने बताया कि उन्होंने जब्बार शाह से 2 लाख रुपए में दुकान खरीदी थी जिसका बैनामा कराया था। अब वह कच्ची दुकान को पक्का बना रहा था किन्तु उनके परिवार के हामिद शाह व इनके लड़के राजु, वसीम, जीशान निर्माण नहीं करने दे रहे हैं। पीड़ित का आरोप कि वह बराबर धमकी दे रहे हैं कि अगर दुकान का निर्माण कराया तो उसे अधमरा कर देंगे। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत भेजकर दबंग आरोपितों के खिलाफकार्रवाई की मांग की है।

### दो पक्षों में हुये विवाद में युवक पर शांतिभंग की कार्रवाई

**जालौन (उरई)।** मकान के सामने गिट्टी को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पकड़े गए युवक के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है। कोतवाली पुलिस ने मकान के सामने गिट्टी बालू डालने को लेकर हुए विवाद में नीरज दोहरे पुत्र छोटेलाल निवासी चिमनदुवे को पकड़ लिया है। पुलिस ने झगड़ा करने के मामले में पकड़े युवक के खिलाफ शांति भंग करने की कार्रवाई की है।

# मारपीट व जान से मारने की धमकी में पुलिस ने लिखा मुकदमा

**कोंच,नदीगांव।** थाना नदीगांव के ग्राम सलैया खुर्द निवासी आशु पुत्र प्रह्लाद ठाकुर ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि घटना दिनांक 13 मार्च 2024 की है जब मैं अपनी बहन के साथ गृह कार्य मे व्यस्त था तभी हाकिम सिंह पुत्र खचेरे आदि निवासी ग्राम सलैया खुर्द आदि आये और मुझे व मेरी बहिन के साथ भद्दी भद्दी गालियां देने लगे जिसका मैने विरोध किया तो उक्त लोगों ने मेरी बहिन व मेरे साथ मारपीट करने लगे हो हल्ला सुनकर ग्रामीणजन आ गए और उक्त लोगोंको ललकारा तो वह जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये आशु की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चोरों ने डेढ़ किलोमीटर की चलती बिजली की लाइन को उड़ाया

**जालौन।** चोरों के हौंसले बुलंद चलती लाइन से उतारे 33केवी के डेढ़ किलो मीटर के तार।अवर अभियंता ने इसकी सूचना स्थानीय कोतवाली में की। अवर अभियंता अमित शर्मा ने कोतवाली में आकर सूचना दी कि बुधवार की रात कमसेरा से लेकर अमखेड़ा तक की 33 के वी डॉग लाइन को अज्ञात चोरों ने चलती लाइन से उतार लिया । बड़े ताजुब की बात तो यह है कि चोरों ने चलती लाइन में चोरी का कारनामा कर न सिर्फ आम लोगों को अचरज में डाल दिया बल्कि पुलिस की भी नींद उडा दी। उक्त लाइन डेढ़ किलोमीटर की थी जो कुंतलों के हिसाब से चोरी हुई है इसकी कीमत भी लाखों में आंकी जा रही है।

# विधायक प्रतिनिधि ने सड़क का किया शुभारंभ

**ग्रामीण अभियंत्रण विभाग प्रखंड जालौन करायेगी सड़क व नाली का निर्माण**



नवनिर्मित सड़क का शुभारंभ करते विधायक प्रतिनिधि।

उरई,जालौन। समृद्धि न्यूज

चुनावी वर्ष में विकास कार्यो के उद्घाटन की सिलसिला लगातार चल रहा है।

गुरुवार को कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी के प्रतिनिधि आशीष चतुर्वेदी ने ग्राम दहगुवां में 67 लाख की लागत से बन रही सड़क का पूजन कर शुभारंभ किया। उत्तर प्रदेश की सरकार द्वारा संचालित त्वरित विकास योजना के तहत ग्राम दहगुवां में सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। राम सेवक प्रजापति के दरवाजे से राजीव गुर्जर के दरवाजे तक 500 मीटर सी सी सड़क व नाली का निर्माण कराया जा रहा है। 67 लाख की लागत सड़क व नाली का निर्माण ग्रामीण अभियंत्रण विभाग प्रखंड जालौन द्वारा कराया जाना हैं। इस काम को करने का दायित्व ठेकेदार सोमसिंह को मिला है। गुरुवार खो कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी के प्रतिनिधि आशीष चतुर्वेदी ने विधि विधान से सी सी सड़क व नाली निर्माण के कार्य का शुभारंभ किया तथा ग्रामीणों की जानकारी के लिए सूचना पट लगवाया। इस मौके पर बोलते हुए विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि गांव की इस गली में गंदगी रहती थी। कीचड़ के साथ जलभराव के रहता था जिससे लोगों को बहुत दिक्कत होती थी। सड़क व नाली निर्माण होने के बाद लोगों को आराम हो जायेगा।

# निर्धन परिवारों को निःशुल्क उपचार सुविधा दिलाने की मांग

**पूर्व सैनिक ने केंद्रीय मंत्री पत्र भेजकर बतायी हकीकत**

उरई,जालौन। समृद्धि न्यूज

निर्धन परिवारों को निःशुल्क उपचार के लिए आयुष्मान कार्ड शुरू की गयी थी। इस योजना के चालू होने के बाद छोटे गरीब परिवार इसके लाभ से वंचित रह गये हैं।

पूर्व सैनिक ने केन्द्रीय मंत्री को मांग पत्र भेजकर छोटे निर्धन परिवारों को योजना का लाभ दिलाने की मांग की है। पैसे के अभाव में गंभीर रोगों से ग्रस्त लोगों की उपचार के अभाव में मौत हो जाती थी। उपचार के अभाव में किसी की मौत न हो इसके लिए सरकार आयुष्मान कार्ड योजना लेकर आयी थी। इस योजना में 5 लाख तक का मुफ्त इलाज की व्यवस्था है। चुनाव से पूर्व सरकार ने आयुष्मान योजना को विस्तार देते हुए 6 परिवार वाले सदस्यों को जोड़ने का आदेश दिया था। सरकार इस निर्णय के बाद लोगों ने सरकार के इस निर्णय पर अपने ढंग से व्याख्या शुरू कर दी थी। पूर्व सैनिक आर एस जौहरी ने गृह मंत्री भारत सरकार को मांग पत्र भेजा कर कहा है कि पूर्व तमाम परिवारों ने परिवार नियोजन अपनाया था जिससे उनके परिवार छोटे हो गये थे। परिवार छोटे होने के कारण तमाम निर्धन छोटे परिवारों को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# दस पूर्व गायब युवती को पुलिस ने किया बरामद

**जालौन (उरई)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम से 10 दिन पूर्व युवती गायब हो गयी थी। दस दिनों से गायब युवती को पुलिस ने बरामद कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गांव से 4 मार्च को युवती घर से गायब हो गयी थी। परिजन युवती की तलाश कर रहे थे तथा युवती के गायब होने की सूचना पुलिस को दी थी। पुलिस भी युवती की तलाश कर रही थी। गुरुवार को कोतवाली पुलिस ने घर से गायब युवती को बरामद कर लिया है तथा उसे पूछताछ कर रही है। पुलिस की पूछताछ में युवती उस युवक का नाम बताया है। युवती की निशानदेही पर पुलिस आरोपित युवक की तलाश कर रही है।


## सूचना

मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम भूलवश भूमिका शाक्य व जन्मतिथि 20/11/2023 अंकित हो गयी है, जबकि मेरे हाईस्कूल प्रमाण पत्र में मेरा नाम एकता शाक्य व जन्मतिथि 16/02/2002 दर्ज है जो सही है। जिसे मेरे आधार कार्ड में अंकित किया जाये, साथ ही मेरा विवाह होने के बाद मेरे पति का नाम अनुराग कुशवाहा व ससुराल का पता-म0नं0-4/13बी हाता सरदार खां रेलवे रोड मऊदरवाजा अंकित किया जाये।

**एकता शाक्य पत्नी अनुराग कुशवाहा निवासी-म0नं0-4/13बी हाता सरदार खां रेलवे रोड मऊदरवाजा, फर्रुखाबाद।**

## INFORMATION

I ,No 3001192X/HAV Hariom Singh R/O 25 Rajput Rajput regiment centre Fatehgarh, (UP) has declared that my daughter's Name Sapna Kumari & DOB 17.08.2004 & Kumari Kajal ,DOB 08.03.2006 is Wrongly written in my service records .Her correct name is Sapana &DOB 07.08.2004 .and Kajal DOB is 08.03.2008


# नवसूत्री मांगों को लेकर एडीएम को सौपा पत्र बुलंद की आवाज

**कलेक्ट्रेट परिसर में पीएम नामित ज्ञापन देकर जताई सहमति**

सोनभद्र। समृद्धि न्यूज

कलेक्ट्रेट परिसर में गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन पूर्वांचल एक प्रतिनिधि मंडल द्वारा प्रधानमंत्री नामित पत्र एडीएम को देखकर बुलंद की आवाज जताई सहमति जिलाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि वर्तमान समय में किस संगठन दिल्ली बॉर्डर पर जगह-जगह पर अपनी समस्याओं समाधान हेतु धरना प्रदर्शन संघर्ष कर रहा है ऐसी परिस्थितियों में भारतीय किसान यूनियन पूर्वांचल किसान समस्याओं के समाधान हेतु निम्नलिखित मांगों को लेकर बुलंद की आवाज श्री अध्यक्ष ने बताया किसान आयोग का गठन किया जाए फसलों को न्यूनतम मूल्य की जगह अधिकतम मूल्य निर्धारण किया जाए छोटा पशुओं एवं जंगली जानवरों फसलों को बचाने हेतु घेराबंदी कराया जाए विगत सरकार की गलत नीतियों के कारण किसान कर्ज में दबाकर आत्महत्या कर रहे हैं सारे किसानों का कर्ज माफ किया जाए फसलों के उत्पादन में अधिक लागत को काम करते हुए किसानों को संसाधन का ध्यान में रखते हुए जीएसटी से मुक्त डीजल पेट्रोल हेतु कार्ड बनाकर वितरण कराया जाए।

# केंद्रीय राज्यमंत्री ने केयर बोर्ड शोरूम का किया भूमि पूजन



कोंच,जालौन। समृद्धि न्यूज

भारत सरकार के सूक्ष्म एवं लघु उद्योग मंत्रालय द्वारा नगर में केयर बोर्ड शोरूम व सेल्स डिपो बनाये जाने के लिए प्रस्ताव दिया है जिसके लिए दिन गुरुवार को नदीगांव रोड स्थित दयाल काम्प्लेक्स में केंद्रीय राज्य मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ने भूमि पूजन कर मार्ग प्रशस्त किया इस दौरान कंयर बोर्ड के प्रबंधक ए एन पांडेय ने बताया कि दक्षिण भारत में इसके विभिन्न शोरूम स्थापित हैं और इनके द्वारा हजारों लोगों को रोजगार मुहैया कराया जा रहा है।

जब भारत में कयर उद्योग समेत कयर एवं कयर उत्पादों के निर्यात के बाजारों का विकास करने के लिए संसद के अधिनियम 1953 का 45 के अंतर्गत भारत सरकार ने बर्ष 1954 में कयर बोर्ड का गठन किया था इसका उद्देश्य रोजगार सृजन एवं आय अर्जन करने के माध्यम से कयर उद्योग की वृद्धि एवं विकास का सम्वर्धन होता है। इस अवसर पर कयर बोर्ड निदेशक पी जी तोड़कर विपणन कयर बोर्ड भारत सरकार पालिकाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता भाग पा नगर अध्यक्ष सुनील लोहिया राजेन्द्र प्रसाद सोनी अधिवक्ता हरीसिंह निरंजन जिला मंत्री अंजू अग्रवाल महिला नेत्री राजेश्वरी यादव पवन झा हिमांशु मिश्रा बाबूराम पाल अवध यादव सभाषद बिनोद सोनी अमित उपाध्याय सुशील दूरवार छत्र मिरकू महाराज अनिरुद्ध कुमार मिश्रा सहित तमाम भाजपाई मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बिरसिंहपुर वि0ख0 राजेपुर, फर्रुखाबाद

पत्रांकःमीमो/ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां केंद्रीय वित्त योजनान्तर्गत टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2023-24 दिनांक 12/03/2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/15वां केंद्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में वर्ष 2023-24 अन्तर्गत ग्राम पंचायत बिरसिंहपुर की स्वीकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 13/03/2024 से दिनांक 18/03/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 18/03/2024 शाम 04 बजे निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्रं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | ग्राम पंचायत कार्यालय में शौचालय निर्माण कार्य | ईंट, मौरम, सीमेन्ट, बालू आदि | 2,65000 लाख | 2 प्रतिशत | 500 | 7 दिन |

**नियम व शर्तेः-** निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

**प्रधान-(श्यामू) ग्रा0पं0 बिरसिंहपुर, राजेपुर सचिव- (मोहित यादव)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत अचरिया वाकरपुर वि0ख0 नवाबगंज, फर्रु0

पत्रांकः ग्रा0पं0/पंचायती राज विभाग/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2023-2024 दिनांक 14/03/2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

पंचायती राज विभाग/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अचरिया वाकरपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 15/03/2024 से 21/03/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 21/03/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव व निविदादाता की मौजूदगी में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 100 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | उचित दर दुकान एवं जन सुविधा केंद्र का निर्माण कार्य | 8.46 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**(दुर्वेश गंगवार) प्रधान, अचरिया वाकरपुर, नवाबगंज**
**(कुलदीप सिंह) सचिव, अचरिया वाकरपुर, नवाबगंज**

## कार्यालय ग्राम पंचायत गठवाया वि0ख0 नवाबगंज, फर्रु0

पत्रांकः ग्रा0पं0/एसबीएम/राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2023-2024 दिनांक 14/03/2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

एसबीएम/राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत गठवाया द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 15/03/2024 से 21/03/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 21/03/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव व निविदादाता की मौजूदगी में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 100 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | आर0आर0सी0 सेंटर निर्माण कार्य | 4.68 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**(गुड्डी देवी) प्रधान, गठवाया, नवाबगंज**
**(कुलदीप सिंह) सचिव, गठवाया, नवाबगंज**

## कार्यालय ग्राम पंचायत शिवरई मठ वि0ख0 नवाबगंज, फर्रु0

पत्रांकः ग्रा0पं0/एसबीएम/राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2023-2024 दिनांक 14/03/2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

एसबीएम/राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत शिवरई मठ द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 15/03/2024 से 21/03/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 21/03/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव व निविदादाता की मौजूदगी में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 100 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | आर0आर0सी0 सेंटर निर्माण कार्य | 4.61 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |
| 2- | गुड्डू के घर से मुनेश्वर के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 2.20 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**(ललिता) प्रधान, शिवरई मठ, नवाबगंज**
**(कुलदीप सिंह) सचिव, शिवरई मठ, नवाबगंज**

## कार्यालय ग्रा0पं0 अमरापुर मजरा मकोड़ा वि0ख0 नवाबगंज, फर्रु0

पत्रांकः ग्रा0पं0/एसबीएम/राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2023-2024 दिनांक 14/03/2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

एसबीएम/राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अमरापुर मजरा मकोड़ा द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 15/03/2024 से 21/03/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 21/03/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव व निविदादाता की मौजूदगी में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 100 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | आर0आर0सी0 सेंटर निर्माण कार्य | 4.61 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |
| 2- | उचित दर की दुकान एवं जन सुविधा केंद्र का निर्माण कार्य | 8.46 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |
| 3- | छोटेलाल के घर से गोपाल के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 2.91 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान- (रामनिवास राजपूत) ग्रा0पं0 अमरापुर मजरा मकोड़ा, नवाबगंज सचिव- (कुलदीप सिंह)**

# राजस्व कार्यों व कर-करेत्तर की समीक्षा बैठक में डीएम के दिखे सख्त तेवर

- राजस्व वसूली में खराब प्रगति पाये जाने पर डीएम ने जताई नाराजगी, वसूली के कार्यों में गति लायी जाने के दिये निर्देश
- अवैध शराब, ड्रग्स आदि के खिलाफविशेष अभियान चलाये जाने एवं टैक्स रेवेन्यू पर फोकस करने के निर्देश दिये



कन्नौज, समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी शुभ्रान्त** कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में अफसरों के साथ बैठक कर राजस्व कार्यों एवं कर-करेत्तर की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने स्टाम्प निबन्धन विभाग, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, खाद्य एवं प्रशासन विभाग की राजस्व वसूली में खराब प्रगति पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की। समीक्षा बैठक में डीएम ने निर्देश दिये कि तेजी लाकर लक्ष्य के अनुसार शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करें। उन्होंने आबकारी अधिकारी को निर्देश दिये कि आगामी पर्वो को दृष्टिगत रखते हुये अवैध शराब, ड्रग्स आदि के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाए। कहा कि एक प्लान बनाकर राजस्व वसूली को बढ़ाया जाये। टैक्स रेवेन्यू पर फोकस किया जाये। उन्होंनें कहा कि राजस्व वसूली के कार्यों में गति लायी जाये, लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत वसूली होनी चाहिए। कहा कि समाधान दिवस, आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन तथा जनता दर्शन में जो शिकायतें प्राप्त हो रही है, टीम बनाकर उसका ससमय निस्तारित किया जाये। श्री शुक्ल ने निर्देश दिये कि राजस्व न्यायालयों में योजित/निस्तारण वादों को निर्धारित मानक के अनुसार वादो का निस्तारण समय से किया जाये। कहा कि नियम कानून के अनुसार ही कार्य किया जाये। कोर्ट की प्रोसीडिंग के अनुसार ही कोर्ट चलायें। उन्होंने धारा-24, धारा-34, धारा-80 के लंबित वादों की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि निर्धारित समय से पूर्व ही वादों का निस्तारण करायें। दाखिल खारिज, बटवारा, पैमाइश आदि के केसों को शीर्ष प्राथमिकता से निस्तारण करें। सभी अधिकारी व्यक्तिगत रूचि लेते हुये मुकदमों को निस्तारण कराने के साथ ही पोर्टल पर भी फीडिंग सुनिश्चित करायें। उन्होने कहा कि राजस्व वादो का निस्तारण कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में से एक है। शासन के निर्देशानुसार अभियान चलाकर वादों का निस्तारण सुनिश्चित करायें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। उन्होने निर्देश दिये कि सीसीए एग्री पोर्टल पर, डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य पूर्ण करते हुये फीडिंग में तेजी लाकर कार्य को पूरा किया जाये। कहा कि गेंहू खरीद केन्द्र हेतु केन्द्रों का चयन कर अभी से सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सदर अविनाश कुमार गौतम, तिर्वा एसडीएम अशोक कुमार, छिबरामऊ एसडीएम उमाकांत तिवारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सहित समस्त तहसीलदार तथा सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# 416 लख रुपए की लागत से बनी सड़कों का पूर्व राज्य मंत्री ने किया लोकार्पण

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**पूर्व राज्य मंत्री** विधायक का श्रीमती आश्रम पांडे ने क्षेत्र में संपर्क मार्गो का किया लोकार्पण

छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र में बने संपर्क मार्गो का लोकार्पण पूर्व राज्य मंत्री विधायक श्रीमती अर्चना पांडे ने सिलपट विमोचन कर किया महमूदपुर खास से नारायणपुर की पुलिया तक 2 किलोमीटर लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित सड़क का लोकार्पण सिलापट से पर्दा हटाकर कर किया बेटा खास से खानपुर कसावा तक 127.38 करोड़ की लागत से बनी सड़क का लोकार्पण किया कासव से पलिया भोजपुरी संपर्क मार्ग 144.97 लख रुपए की लागत से बनी सड़क का लोकार्पण किया लॉकर पढ़ते समय अधिशासी अभियंता लोक निर्माण



खंड एक संजीव कुमार सहायक अभियंता मंदिर वर्मा आशुतोष गौड़ जे ई रमाकांत दाल गुंजन सिंह राजेश भदौरिया हेमंत तिवारी पुष्पेंद्र सिंह शहीद दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे ग्रामीणों ने पूर्व राज्य मंत्री का पुष्प गुछ देकर स्वागत किया ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पूर्व राज्य मंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा अन्याकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है जिसका लाभ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता लाभार्थियों तक पहुंचने में कर्मचारियों की मदद करें।

# सड़क पर निर्माण व विध्वंस सामग्री को लगाने पर होगी कार्रवाई

- ईओ ने एनजीटी की गाइडलाइन का हवाला देते हुये चेताया

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

**अपने निर्धारित** रोस्टर के अनुसार ईओ अनिल पंडित ने पालिका कर्मियों के साथ नगर के वार्ड संख्या 07 में पैदल भ्रमण कर जहां एकओर स्वच्छता एवं जलकल व्यवस्था निरीक्षण किया वही दूसरी ओर सीएण्डडी वेस्ट (कन्स्ट्रसन एण्ड डिमोलिषन वेस्ट) को रोड पर रखने वालों को चेताया।

गुरूवार को मोहल्ला अफसरी के वार्ड नं0-07 अम्बेडकर नगर में अधिषासी अधिकारी अनिल पंडित ने निरीक्षण किया। इससे पूर्व बुधवार को जिला स्तर पर आयोजित जिला पर्यावरण समिति में जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देषों के अनुपालन में निरीक्षण का प्रमुख बिन्दु सड़क पर रखे हुये निर्माण एवं विध्वंस सामग्री को निर्धारित किया गया था। निरीक्षण दौरान तीन स्थलों पर निर्माण/विध्वंस वेस्ट पाया गया। ईओ द्वारा सम्बन्धित भवन स्वामी को एनजीटी की गाइडलाइन के अनुसार 50 हजार तक का जुर्माना व सामग्री जब्त किये जाने की चेतावनी दी। बताया कि पालिका द्वारा सीएण्डडी वेस्ट कलेक्शन वाहन लगाया गया है एवं मोहल्ला रामकृष्ण नगर में सीएण्डडी संग्रहण सेण्टर भी बनाया गया है जहां पर पालिका समय-समय पर सीएण्डडी वेस्ट को जब्त कर जमा करती है। जिसका प्रयोग पालिका द्वारा बनाई जा रही सड़कों के निर्माण एवं गढ्ढामुक्ति में किया जाता है। निरीक्षण दौरान प्रधान लिपिक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, संजीव सिंह, प्रसन्नजीत मिश्रा, मनोज तिवारी, अशोक शर्मा, शिवशंकर तिवारी, अशोक बाल्मीकि, जीशान आलम, पूरन सिंह, आकाश सक्सेना मौजूद रहे।



वार्ड नम्बर 7 में निरीक्षण करते ईओ व अन्य — समृद्धि न्यूज

# शव गांव आते ही परिजनों में मचा कोहराम, ग्रामीणों की आंखें हुई नम

- फर्रूखाबाद के कमालगंज में बुधवार को हुआ था हादसा
- गुरूवार को गांव पहुंचे दोनों युवकों के शव

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

**फर्रूखाबाद से** दवा लेकर वापस घर आ रहे इंदरगढ़ क्षेत्र के निवासी दो युवकों की कमालगंज के पास सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई थी। गुरूवार को दोनो युवकों के शव गांव पहुंचे। युवकों के शव आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जिसने भी घटना को सुना उसके आंखो में आंसू आ गए।

इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के मढ़पुरा गांव निवासी कुबेर मिश्रा (25) पुत्र बृज किशोर मिश्रा बुधवार को अपने दोस्त कचाटीपुर गांव निवासी प्रदीप कटियार के साथ दवा लेने के लिए फर्रूखाबाद गए थे। प्रदीप कुमार की आंखो में दिक्कत थी। उसी की दवा लेने दोनो दोस्त गए थे। फर्रूखाबाद से दवा लेकर वापस आते समय रास्ते में कमालगंज के निकट उनकी बाइक में पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। हादसे में दोनो युपकों की मौत हो गई थी। गुरूवार को दोनो के शव घर पहुंचे। युवकों के शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शव आने की जानकारी मिलने पर क्षेत्र के सैकड़ो ग्रामीण भी मौके पर आ गए। कुबेर के मिश्रा के परिजनों ने बताया कि वह परिवार का इकलौता पुत्र था। दो बर्ष पूर्व उसकी शादी हुई थी। उसकी मौत हो जाने से उनके परिवार का चिराग बुझ गया।

# खबरें चलते-चलते

## दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट, चार घायल

**तिर्वा, समृद्धि न्यज।** ठठिया थाना क्षेत्र के मलगई गांव में बुधवार की सुबह दबंगो ने रंजिश के चलते घर में घुसकर चार लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां उनका उपचार किया जा रहा है। उधर मामले का एक सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। ठठिया थाना क्षेत्र के मलगई गांव निवासी फकरूल के घर में सुबह गांव के कुछ दबंग घुस आए। उक्त दबंग गाली गलौज करने लगे। जब फकरूल ने विरोध किया, तो उक्त दबंग मारपीट करने लगे। बीच बचाव करने आए परिवार के सरताज, आमिर व इरफान को भी उक्त दबंगो ने लाठी डंडो से मारापीटा। मारपीट से चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने चारों घायलों को एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। यहां चारों का उपचार चल रहा है। उधर इस मामले की एक सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। पूरे मामले को लेकर ठठिया थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। जल्द मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## होमगार्ड के खेत को दबंगों ने ट्रैक्टर से रौंदा, किया कब्जा

**तिर्वा, समृद्धि न्यज।** ठठिया थाना क्षेत्र के चंदौली गांव में दबंगो ने एक होमगार्ड के मक्का के बोए गए खेत को टैक्टर से रौंद डाला। इसको लेकर होमगार्ड के भतीजे ठठिया थाने में दबंगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं खेत को कब्जा मुक्त कराने के लिए एसडीएम तिर्वा को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। ठठिया थाना क्षेत्र के चंदौली गांव निवासी भानू प्रताप तिर्वा कोतवाली में होमगार्ड के पद पर तैनात है। उनके भतीजे राघव तिवारी पुत्र रामप्रकाश तिवारी ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि बीते दो दिन पहले उसने अपने एक एकड़ खेत में मक्का की फसल बोई थी। जिसपर टैक्टर निकालने को लेकर गांव के कुछ लोगों से कहासुनी हो गई। जिसपर दबंगो ने पूरे खेत को टैक्टर से रौंद दिया। जिससे पूरी फसल बर्बाद हो गई है। मामले में ठठिया थाना पुलिस ने बड़कू, सुनील पुत्र रामकरन आदि के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने सुनील को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उधर एसडीएम तिर्वा ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। लेखपाल की रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## गंगेश्वर नाथ मंदिर में भंडारे का स्वाद हजारों लोगों ने चखा

छिबरामऊ कन्नौज। शहर के गंगेश्वर नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा आज भोले बाबा की शादी के बाद भंडारे का आयोजन किया गया शहर के गंगेश्वर नाथ मंदिर शिवरात्रि पर भोले बाबा की शादी के बाद आज भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने भंडारे का स्वाद चखा।

## ब्लॉक प्रमुख व बीडीओ ने सरकारी खाद्यान्न भंडार का किया शुभारंभ

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** गुगरापुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत इस्माइलपुर डिगन के नौरंगपुर गांव में अन्नपूर्णा योजना के अंतर्गत फेयर प्राइस शॉप एवं जन सुविधा केंद्र का शुभारंभ एवं शिलान्यास ब्लॉक प्रमुख संदीप चतुर्वेदी व खंड विकास अधिकारी उमाशंकर साहू ने संयुक्त रूप से किया। खंड विकास अधिकारी उमाशंकर साहू ने बताया यह दुकान मनरेगा योजना के अंतर्गत निर्मित है। जिसमें गांव का सरकारी राशन का भंडारण किया जाएगा। इसके अलावा जन सुविधा केंद्र की भी व्यवस्था रखी जाएगी। इस दौरान पंचायत सचिव दीपक यादव, ग्राम प्रधान सुनील यादव समेत कोटेदार सहित आदि रहे।

# रहमतों व बरकतों का महीना है रमज़ान: रोजेदार



**समधन, समृद्धि न्यूज़।** रमज़ान मुबारक पाक महीना शुरू होते ही मस्जिदें नमाजियों से खचाखच भरने लगी जैसे ही रमज़ान मुबारक महीने का चांद का दीदार हुआ बैसे ही मस्जिदों व घरों में तरावीही को पढ़ने और सुनने का सिलसिला शुरू हो गया

बीता बुधवार दूसरा रोज़ा इफ्तार के वक्त मौलाना मुफ्ती रिज़वान ने बताया कि इस रमज़ान मुबारक के पाक व बरकत महीने की हम सभी लोग अच्छे से कद्र करें। रोज़ा की हालत में गुनाहों से बचें आंख की हिफाजत करे और जितना भी समय मिले इबादत में ही गुजारे गरीबों मजलूमों को रोज़ा इफ्तार में ज्यादा से ज्यादा शरीक करें। मो0 सादाब शेख कन्नौजी ने बताया कि अल्लाह का शुक्र और एहसान है कि उसने हम सब को यह रहमतों व बरकतों का महीना अता फरमाया आगे बताया कि रोजा गुनाहों से बचाकर नेक रास्ते पर लें जानें का रास्ता दिखाता है। गुनाहों से बचने का संदेश देता है रोज़ा मो0 मुस्तकीम शेख़ ने बताया कि रमजान मुबारक महीने का पहला असरा शुरू हुआ है रोज़ा नमाज़, तिलावत के साथ-साथ तरावीही को पढ़ने और सुनने का सिलसिला चल रहा है तों हम सभी लोग इस पहले असरे को जाया न होने दें पूरे महीने रोज़ा नमाज़ तिलावत और तरावीही को पड़ते रहें। हाफिज अब्दुल गनी ने बताया कि हम सभी रोजेदार इस पूरे महीने रोज़ा नमाज़ तिलावत अच्छे से करे। सदका और जकात और इमदाद निकाले क्योंकि अल्लाह ताला ने इस महीने में एक के सत्तर देने का बादा किया है।

# निर्विरोध निर्वाचित बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर किया गया जोरदार स्वागत





छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**बार एसोसिएशन** छिबरामऊ के वार्षिक चुनाव के लिए नामांकन पत्रों के वापसी के अध्यक्ष पद के लिए एक नामांकन वापस हुआ। वर्ष 2024 25 वार्षिक चुनाव बारएसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी मैदान में बच्चे एक प्रत्याशी ने नामांकन वापस लिया महासचिव पद पर तीन प्रत्याशी उपाध्यक्ष पद दो पर प्रत्याशी तीन प्रत्याशी कोषाध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी प्रशासनिक सदस्य के लिए 6 प्रत्याशी मैदान में आज बार एसोसिएशन छिबरामऊ के नामांकन पत्र वापसी के दौरान जो प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए वह है वरिष्ठ उपाध्यक्ष पर बादम सिह शाक्य, उपाध्यक्ष प्रथम पर कृष्णकांत चतुर्वेदी,व कुलदीप यादव संयुक्त सचिव प्रशासन पर रवि मिश्रा व संयुक्त सचिव पुस्तकालय पर सुमन लता शाक्य व संयुक्त सचिव प्रसारण पर अभिषेक दुबे व प्रशासनिक सदस्य वरिष्ठ पर मुकेश पाण्डेय, अरूण शेखर तिवारी,निखिल कुमार तिवारी, बालेश्वर चन्द्र चतुर्वेदी, जितेन्द्र कुमार शाक्य, नेम सिह यादव सहित निर्वाचित हुये है। निर्वाचित होने पर साथियों का फूल माला से अधिवक्ताओं द्वारा स्वागत किया गया।

# आपसी सद्भाव एवं भाईचारे के साथ मनायें त्यौहार: जेपी शर्मा



शांति कमेटी की बैठक में मौजूद कोतवाल व नागरिक — समृद्धि न्यूज

- प्रभारी निरीक्षक ने पीस कमेटी की बैठक में की अपील

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

**होली त्यौहार** व माहे रमजान को नगर व क्षेत्र के नागरिक आपसी सद्भाव एवं भाईचारे के साथ मनाएं। होली त्योहार पर जागरूक नागरिक बच्चों द्वारा की जा रही छोटी मोटी हरकतों पर नजर रखें तथा उन्हें समझाने का कार्य करें। कहा कि त्योहार पर अराजकता फैलाने वाले लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। यह बात गुरूवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा ने कही। कहा कि सभ्रात नागरिक अपने आसपास होने बाले गैरकानूनी कार्यों की सूचना देकर पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। उन्होनें कहा कि किसी भी समस्या के लिए नागरिक मुझ से सीधा संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर निरीक्षक जयंती प्रसाद गंगवार, कस्वा प्रभारी रोबिन सिंह, उपनिरीक्षक राजेश प्रताप सिंह, आनन्द मिश्रा, विनय शर्मा एवं राममंदिर के महंत पं. राकेश चन्द्र दुवे, शहर काजी हाफिज जुम्मन, विहिप नेता नीरज मिश्रा, व्यापारी नेता विजय दुवे, अखिल भारतीय व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शिवम राज वर्मा, आयुस पंडित, व्यापारी नेता परवेज अहमद चंदन, मुनीर कुरेशी, सभासद प्रतिनिधि आजम सिद्दीकी, धर्मेन्द्र गुप्ता उर्फ बडे, आजाद चक, व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अतुल गुप्ता, उमाकान्त सैनी, सुगम दुवे, भूरा कठेरिया, राकेश कौशल, प्रधान प्रतिनिधि मो. इरफान उर्फ राजू, सभासद चरणजीत, परमजीत सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

निरीक्षण | वृद्धाश्रम के कमरों में जले हुए बीड़ी के दुकड़ों को देखकर जताई नाराजगी

# प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने वृद्धाश्रम का किया निरीक्षण

- वृद्धाश्रम में लगाया गया विधिक एवं साक्षरता शिविर, वृद्धजनों को दी गई कानूनी जानकारी

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**अपर जिला** जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने गुरुवार को पुलिस लाइन रोड स्थित वृद्धा आश्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान यहां वृद्धजनों को विधिक जानकारी देने के उद्देश्य से विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का भी आयोजन किया गया।

वृद्धा आश्रम के निरीक्षण के दौरान सचिव को कक्ष संख्या एक में जली हुई बीडी के कई टुकडे मिले, जिस पर उन्होने संस्था प्रभारी से इस सम्बन्ध में पूछा तो बताया गया कि कुछ वृद्धजन बार बार मना किये जाने बावजूद नशे का सेवन नहीं छोड़ रहे है, इस पर सचिव ने केयर टेकर अंकित को निर्देशित किया कि जो भी वृद्धजन नशे के आदी हैं उनका नाम व विवरण संबंधित अधिकारी को प्रेषित कर ऐसे वृद्धजन को संस्था से निष्कारित कराये जाने हेतु अनुरोध पत्र प्रेषित करें। निरीक्षण के दौरान यहां लगे सीसीटीवी कैमरे कार्य करते हुए पाये गये। रसोई कक्ष की गैस व तेल मसालो की झार आने से खाँसी आदि होने की समस्या बतायी गई। इस संबंध में सचिव ने केयर टेकर को निर्देशित किया कि नीचे के कमरों में रह रहे स्वस्थ पुरूष वृद्धो को संस्था के ऊपरी तल पर बने कमरों में शिफ्ट किया जाये एवं रसोई के साथ वाले कमरे की महिला वृद्धजनों को नीचे तल के दूसरे कमरे में रखा जाये। निरीक्षण के दौरान सभी पंजीकाएं दुरूस्त एवं प्रविष्टि अद्यतन पायी गयी। स्टाफनर्स ललिता द्वारा बताया गया कि जिला अस्पताल से एक फिजीशियन प्रत्येक माह वृद्धजन के चिकित्सीय परीक्षण हेतु आता है। निरीक्षण के दौरान दो वृद्धजन द्वारा न्यायालय में अपने मामले चलने एवं उनके शीघ्र निस्तारण कराये जाने का अनुरोध किया गया। इस संबध में अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि उक्त दोनो वृद्धजन के वाद का संपूर्ण विवरण सचिव प्राधिकरण के समक्ष प्रेषित करना सुनिश्चित करे जिससे संबंधित न्यायालय में उनके मामलों के शीघ्र निस्तारण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया जा सके। उन्होने वृद्धजनों से उनके खानपान, एवं स्वस्थ्य चिकित्सा के संबंध में जानकारी ली एवं उनकी समस्याओं को सुनकर निराकरण हेतु प्रबन्धक को आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के पश्चात उन्होने यहां आयोजित विधिक एवं जागरुकता शिविर में वृद्धजनों को कानूनी जानकारी दी। उन्होंने माता पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण एवं रख रखाव तथा कल्याण अधिनियम 2007 के प्रावधानों के विषय में विस्तार से बताया। साथ ही जिन वृद्धजनों के किसी भी प्रकार के मुकदमें लंबे समय से न्यायालय में लंबित है और उनका शीघ्र निस्तारण नहीं हो पा रहा है जिससे संबंधित न्यायालयों से आवश्यक पत्राचार कर वरिष्ठ नागरिक एवं वृद्धजनों के वादो को शीघ्र निस्तारण करने का प्रयास किया जा सके इसके बारे में जानकारी दी। बताया कि यदि वृद्धजनों की संपति पर किसी ने अतिक्रमण या कब्जा कर लिया है जो वृद्धजन पैसों की कमी के कारण अपना अधिकार नहीं प्राप्त कर पा रहे है तो वह निःशुल्क विधिक सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित होकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। वृद्धावस्था पेंशन आवेदन हेतु भी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय अथवा पराविधिक स्वयं सेवकों से सम्पर्क कर सकते है। निरीक्षण के दौरान प्रबन्धक अंकित कुमार, एवं कार्यालय लिपिक बसन्त राम मौजूद रहे।



# ईट राईट क्रियेटिविटी चैलेंस फेज-4 के अंतर्गत हुईं विभिन्न प्रतियोगितायें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**एफ0एस0डी0ए0** द्वारा ईट राईट क्रियेटिविटी चैलेंस फेज-4 के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं एवं वाकाथान का आयोजन किया गया।

सुबह 08 बजे वाकाथान जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह व अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सुभाषचंद्र प्रजापति के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। वाकाथान स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ से प्रारम्भ होकर जिला जेल चौराहा, पुलिस लाइन, कलेक्ट्रेट होते हुए स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ पर सम्पन्न हुआ। वाकाथान में सी0ओ0 मोहम्मदाबाद अरुण कुमार, प्रधानाचार्य ओमप्रकाश शुक्ला, आचार्य सत्यप्रकाश, प्रांजल के नेतृत्व में सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र अपने स्कूल के बैण्ड के साथ

**डीएम ने प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं नकद धनराशि देकर किया पुरस्कृत**

लेफ्टिनेंट/एन.सी.सी. आफिसर गिरिजा शंकर के नेतृत्व में 12 यू0पी0 बटालियन (कर्नल रोमिल शर्मा, कमाण्डिंग आफिसर) के एन0सी0सी0 कैडेट्स डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट डी0एन0 सिंह के नेतृत्व में होमगाड्र्स स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में प्रशिक्षणरत खिलाड़ी एवं कोच तथा डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर माध्यमिक सिक्षा मानवेंद्र मिश्रा, बेसिक एवं माध्यमिक सिक्षा विभाग द्वारा संचालित विद्यालयों के छात्र एवं छात्राएं, जनपद के अनेक अधिकारी, व्यापार मंडल फर्रुखाबाद के पदाधिकारी एवं जनपद फर्रुखाबाद के प्रबुद्ध नागरिकगण सम्मिलित हुए।


झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते डीएम समृद्धि न्यूज


सम्मानित विजेता बच्चे व डीएम व एडीएम आदि समृद्धि न्यूज

उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की प्रतियोगितायें सुबह 11.00 बजे से दोपहर 02.30 बजे तक रखा बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़ में आयोजित की गयी। जिसमें जिलाधिकारी के निर्देशानुसार सम्पूर्ण जपद में बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित ब्लाक स्तर पर सम्पन्न हुई समान प्रतियोगिताओं के विजेताओं ने प्रतिभागी के तौर पर प्रतिभाग किया। बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रत्येक प्रतियोगिता हेतु 03 संबंधित विषय के अध्यापकगण का निर्णायक मंडल उपलब्ध कराया गया। निर्णायक मंडलों ने जांच कर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार की घोषणा की। पेटिंग/पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार विद्यालय अहरौड़ा की दीपिका, द्वितीय पुरस्कार प्रा0वि0 जवाहर लाल मान्टेसरी स्कूल की आरोही तथा तृतीय पुरस्कार प्रा0वि0 पतौंजा की गायत्री ने पाया। डिबेट प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार कम्पोजिट विद्यालय नूरपुर की खुशी शाक्य, द्वितीय पुरस्कार उच्च प्रा0वि0 अताईपुर जदीद की वर्तिका तथा तृतीय पुरस्कार उच्च प्रा0वि0 रजीपुर की रिया ने प्राप्त किया। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार राजकीय बालिका इंटर कालेज राजेपुर की आराध्या, द्वितीय पुरस्कार मदन मोहन कानोडिया बालिका इंटर कालेज की चेतना तथा तृतीय पुरस्कार गंगापार महात्मा गांधी इंटर कालेज राजेपुर की वैष्णो देवी को मिला तथा भाषण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार आर0पी0 इंटर कालेज कमालगंज के श्याम दुबे, द्वितीय पुरस्कार मेजर शव दयाल सिंह इंटर कालेज मोहम्मदाबाद के अनुज बाबू तथा तृतीय पुरस्कार पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय इंटर कालेज रोशनाबाद की साल्वी गंगवार को मिला। प्रतियोगिता में डीएम द्वारा विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं नकद धनराशि देकर पुरस्कृत किया गया।

## खबरें चलते-चलते

### चार निरीक्षकों की तैनाती में फेरबदल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा चुनाव से पूर्व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने चार निरीक्षकों की तैनाती में फेरबदल किया है। जानकारी के अनुसार निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला को प्रभारी थाना कादरीगेट से प्रभारी न्यायालय सुरक्षा में भेजा गया। निरीक्षक अवध नारायण पांडेय को न्यायालय सुरक्षा से प्रभारी थानाध्यक्ष कादरीगेट बनाया गया है। वहीं भोलेंद्र चतुर्वेदी प्रभारी निरीक्षक थाना फर्रुखाबाद को प्रभारी थानाध्यक्ष जहानगंज बनाया गया है तथा उपनिरीक्षक जयप्रकाश शर्मा को थानाध्यक्ष जहानगंज से फर्रुखाबाद कोतवाली का प्रभारी बनाया गया है। वही पुलिस अधीक्षक ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर फेरबदल किया गया है।

### पाइप के ऊपर से गाड़ी निकालने पर दबंगों ने पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकन्दरपुर कोला निवासी देवेन्द्र उम्र 22 वर्षीय पुत्र विश्राम सिह ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि वह अपनी फोर व्हीलर गाडी लेकर घर पर आ रहा था। जैसे ही वह नरेश के घर के निकट पहूँचा तो बीच रास्ते में पानी का पाइप पड़ा हुआ था। जिसे हमने हटाने को कहा। किसी ने नही सुनी। जब हमने अपनी गाड़ी पाइप के ऊपर से निकाली, उसी समय नरेश अपने बेटे अजय सहित तीन अन्य लोगों के साथ आये और आते ही हमारी गाड़ी की चाबी निकाल ली और हमारे साथ मारपीट करने लगे। हमें पिटता देख बीच बचाव के लिए आये हमारे चचेरे भाई अमित पुत्र बेचेलाल तथा अमित पुत्र हन्सराम को भी उक्त लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर पीड़ित देवेंद्र. अमित, अमित का मेडीकल परीक्षण करवाया।

### न्यायालय ने थानाध्यक्ष फतेहगढ़ को स्पष्टीकरण सहित किया तलब

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार-1 ने थानाध्यक्ष कोतवाली फतेहगढ़ को जारी नोटिस में कहा है कि वाद संख्या-2014/99 राज्य बनाम रामलड़ैते आदि, वाद संख्या-6182/1994 राज्य बनाम चक्रेश कुमार तथा वाद संख्या-3317 सन 2023 राज्य बनाम हरनाम सिंह आदि प्रकरण अनावश्यक रुप से लम्बित हैं। न्यायालय द्वारा अभियुक्तगण के विरुद्ध अनेकों बार गैर जमानतीय अधिपत्र/एन0एस0 निर्गत किये गये, किन्तु पुलिस थाना कोतवाली फतेहगढ़ द्वारा न तो अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया और न ही निर्गत आदेशिकायें तामीलशुदा या अदम तामील न्यायालय मे पेश किये गये जो अत्यन्त आपत्तिजनक हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि पुलिस थाना कोतवाली फतेहगढ़ न्यायालय के कार्य के प्रति उदासीन है तथा न्यायालय के कार्यों में रुचि नहीं ले रही है। उपरोक्त प्रकरण 2000 से पूर्व के काफी प्राचीन है। जिनका निस्तारण उच्च न्यायालय इलाहाबाद के दिशा निर्देशों के अनुपालन मे अतिशीघ्र किया जाना है। इसलिए आपको नोटिस के माध्यम से आदेशित किया जाता है कि आप दिनांक 18 मार्च तक अपना स्पष्टीकरण दाखिल करना सुनिश्चित करें।

### तारीख पर आयी बहू को सास ने पीटा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** न्यायालय में दहेज उत्पीड़न के मुकदमे की तारीख करने आयी महिला को सास ने मारापीटा। पीड़िता ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी है। शालू पुत्री रावेन्द्र सिंह निवासी नगला वलिया ने फतेहगढ़ कोतवाली में दी तहरीर में दर्शाया कि दहेज प्रथा के मामले में उसके पति शैलेन्द्र निवासी जय नायरान वर्मा रोड से मुकदमेवाजी चल रही है। 22 अप्रैल 2016 को शैलेन्द्र के साथ विवाह हुआ था। उसके कुछ समय बाद दहेज की मांग को लेकर उत्पीड़न शुरु कर दिया। जिसका मुकदमा चल रहा है। न्यायालय में मुकदमे की तारीख करने आयी थी, तभी मेरी सास मुन्नीदेवी ने मुझे बुरा भला कहा। जिसका मैने विरोध किया। इस दौरान कर्मचारियों ने बाहर कर दिया। मैं अपने वकील को घटना बताकर घर जा रही थी, तभी रास्ते में मेरी सास ने लात-घूसों से मारा पीटा व जान से मारने की नियत से मेरी गर्दन दबा दी। पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कराकर न्याय की गुहार लगायी।

# नगर पालिका बोर्ड की बैठक में सर्वसम्मति से पास हो गया 99.38 करोड़ का बजट

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**नगर पालिका** बोर्ड की बैठक में विरोध पक्ष के सभासदों ने बजट प्रस्ताव का विरोध कर बैठक का भी बहिष्कार कर दिया, जबकि सत्ता पक्ष के सभासदों ने करोड़ों का बजट पास कर दिया। तहसील सदर के सभागार में नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल एवं अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार की देखरेख में बोर्ड की बैठक 4.10 बजे शुरू हुई। वर्ष 2024-25 के लिए 99 करोड़ 38 लाख बजट का 70 नम्बर प्रस्ताव शरद वाजपेई ने पढ़ा। प्रस्ताव में बजट के व्यय का विस्तृत विवरण न होने के कारण विरोध पक्ष के सभासद अतुल शंकर दुबे, अनिल तिवारी, विश्वनाथ राजपूत आदि ने विरोध कर खर्चे के संबंध में जानकारी मांगी, तभी सत्ता पक्ष के सभासद असलम अंसारी, रफीक अंसारी, धर्मेंद्र कन्नौजिया आदि ने प्रस्ताव को स्वीकार करने की रट

**तीन सभासदों ने बैठक का किया बहिष्कार, बोले आगे भी जारी रहेगा मेरा विरोध**

लगा दी। दोनों पक्षों के बीच हंगामा होने के दौरान सभासदों को बजट के व्यय की जानकारी नहीं दी गई। इसी बात से गुस्साए सभासद एसोसिएशन के प्रदेश सचिव अतुल शंकर दुबे, विश्वनाथ राजपूत, कृष्ण मोहन उर्फ नन्हें पंडित आदि सभासदों ने बैठक का बहिष्कार कर सभागार से बाहर चले गए।

सभासद एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अनिल तिवारी आदि बैठक में डटे रहे। उन्होंने सत्ता पक्ष के सभासदों द्वारा आनन-फानन में प्रस्ताव स्वीकार किए जाने का काफी विरोध किया और अकेले पड़ जाने के कारण शांत हो गए। पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल के पति मनोज अग्रवाल बैठक स्थल पर गए थे। उन्होंने सत्ता


प्रस्ताव पढ़ते शरद बाजपेयी व मौजूद अध्यक्ष व सभासद आदि समृद्धि न्यूज

पक्ष के सभासदों को एक साथ बैठाया दूसरी ओर विरोध पक्ष के सभासद बैठे। बैठक शुरू होने से पूर्व श्री अग्रवाल सभागार से बाहर चले गए और अंत तक वहीं डटे रहे। मालूम हो कि बोर्ड की बैठक 9 माह बाद बुलाई गई है। सभासद विकास समिति की समितियों के गठन की काफी समय से मांग कर रहे हैं। कई मांगों को लेकर अध्यक्ष एवं ईओ विरुद्ध प्रदेश स्तर तक शिकायतें की गई। चौक बाजार में धरना भी दिया गया। वहीं भाजपा के सभासद विश्वनाथ राजपूत ने विकास कार्य के लिए आये पैसे का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि दो सालों से मेरे वार्ड रेलवे रोड पर दोनों और नाला बनाकर सड़क नहीं बनाई जा रही है। सभासद संगठन के नेता अतुल शंकर दुबे ने बजट प्रस्ताव के बहिष्कार के दौरान कहा कि 7 सेकेंड में प्रस्ताव को कैसे देखा जा सकता है। सभासदों ने कहा कि नगर पालिका की मनमानी का निरंतर विरोध किया जाएगा। अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि 9982.12 करोड़ रुपये की शासन से मांग की गयी थी। जिसमें 5378.00 करोड़ रुपया वेतन में व्यय होगा। शेष 4412.00 करोड़ रुपया विकास कार्यों में खर्च किया जायेगा। इस मौके पर अधिशाषी अधिकारी विनोद कुमार, कर निर्धारण अधिकारी जगजीवनराम, सहायक अभियंता आर.के.चतुर्वेदी, कर अधीक्षक राम नरायन समेत कई कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक का संचालन शरद बाजपेयी ने किया।

# ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत


घटनास्थल पर मौजूद भीड़ समृद्धि न्यूज


**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** वृद्ध की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गयी। सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार विश्राम सिंह यादव 15 से 20 साल पहले भोजपुर गांव में रहते थे। इसके बाद वह फर्रुखाबाद में आकर रहने लगे। बीती रात वह कमालगंज अपने गांव भोजपुर गये थे। शेखपुर गुमटी के पास अलखिया मंदिर के सामने ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मृत्यु हो गई। सुबह शौचक्रिया करने गये ग्रामीणों ने शव पड़ा देख घटना की सूचना रेलवे के गेटमैन को दी। जिससे वहां पर काफी भीड़ एकत्रित हो गयी। रेलवे गेटमैन ने मौके पर पहुंचकर घटना की सूचना स्टेशन मास्टर को दी। स्टेशन मास्टर ने मौके पर जीआरपी पुलिस बुलाकर आसपास के ग्रामीणों से शव की पहचान करने के लिए कहा, तो कुछ लोगों ने विश्राम सिंह निवासी भोजपुर के रूप में शिनाख्त की। जिसके बाद में पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा परिवार वालों को सूचना दी।

# भाजपा प्रत्याशी ने युवा नेता विकास राजपूत से मांगा समर्थन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**भाजपा के** युवा नेता एवं समाजसेवी विकास राजपूत से मिलकर भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत ने समर्थन मांगा और उन्हें सम्मानित किया। जिस पर युवा नेता ने सांसद को अपना पूरा समर्थन देने की बात कही।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत भाजपा के युवा नेता विकास राजपूत के घर पहुंचे। जहां सांसद ने पटुका पहनाकर उनका सम्मान किया और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। साथ ही युवा नेता से जनसमर्थन देने की बात कही।


युवा नेता का सम्मान करते सांसद मुकेश राजपूत समृद्धि न्यूज

जिस पर युवा नेता विकास राजपूत ने कहा उनका पूरा समर्थन आपके साथ है। सांसद ने युवा नेता को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। युवा नेता ने कहा कि आपकी जीत पक्की है। उसे कोई रोक नहीं सकता है। इस दौरान सांसद ने उनसे चुनाव को लेकर चर्चा की तथा आगे चुनाव कैसे लड़ा जायेगा, इस पर रणनीति बनायी।

# चोरों ने 25 के0वी0 विद्युत ट्रांसफार्मर से तेल व उपकरण किये चोरी

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

**शमशाबाद क्षेत्र** में अज्ञात चोरों के हौसले बुलंद है वह आये दिन क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। शमसाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कुइयांखेड़ा निवासी सुगंध गंगवार का खेत है। जो गांव से कुछ दूरी पर स्थित है। जहां फसलों की सिंचाई के लिए समर लगाई गई और समर संचालित करने के लिए बिजली विभाग द्वारा एक 25 के0वी0ए0 का विद्युत ट्रांसफार्मर लगाया गया था। बीते दिवस की रात्रि अज्ञात चोरों ने विद्युत ट्रांसफार्मर को नीचे उतारा और तोड़फोड़ कर ट्रांसफार्मर का तेल तथा आवश्यक उपकरण चोरी कर लिए। घटना की जानकारी उस वक्त हुई जब सुबह के वक्त ग्रामीण शौचक्रिया के लिए निकले। जब लोगों ने जमीन पर विद्युत ट्रांसफार्मर को पड़ा देखा उनके होश उड़ गए। घटना की सूचना नलकूप स्वामी को दी गई। सूचना के बाद नलकूप स्वामी का पुत्र मौके पर पहुंचा। सूचना शमसाबाद पुलिस


जमीन पर पड़ा ट्रांसफार्मर समृद्धि न्यूज

तथा विद्युत उपकेंद्र शमासाबाद को दी गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे संविदा कर्मी नानकराम तथा धीरू ने बताया अज्ञात चोर उक्त ट्रांसफार्मर से बिजली का तेल तथा आंतरिक उपकरण चुरा ले गए। घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी गयी है। बताते चलें कि बीते दिन कायमगंज में चोरों ने उपरोक्त घटना को अंजाम दिया था। इसी तरह ग्राम कुद्दीपुर में भी विगत दिनों पूर्व एक 25 के0वी0ए0 के ट्रांसफार्मर से अज्ञात चोरों द्वारा बिजली का तेल चोरी कर लिया गया था। लगातार जारी चोरी की घटनाओं से नलकूप संचालकों में दहशत का माहौल देखा गया।

राजनीति

**पंचायत में विधायक व अधिकारियों की कार्यशैली पर जताया रोष**

# मोदी सरकार देश का लोकतंत्र खत्म करना चाहती है: भाकियू

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

**भारतीय किसान** यूनियन (भानू) की पंचायत प्रताप सिंह गंगवार की अध्यक्षता में मुन्नालाल सक्सेना के आवास मोहल्ला जवाहरगंज कायमगंज में हुई। जिसका संचालन विनीत कुमार द्वारा किया गया। पंचायत में सर्वसम्मति से कहा गया कि योगी, मोदी सरकार में किसानों की समस्या सुनने वाला कोई नहीं है। भाकियू (भानू गुट) ने हरिहरपुर मढ़ी अमृतपुर में 26 फरवरी से 8 मार्च तक अनिश्चितकालीन पंचायत की गई। स्थानीय विधायक सुशील शाक्य द्वारा आश्वासन दिया कि धरना समाप्त कर दो मुख्यमंत्री से तीन दिन में वार्ता करा दी जाएगी। समय व्यतीत होने के बाद भी बात नहीं कराई गयी। मुख्यमंत्री का जब जनपद में आगमन हुआ तो सांसद, विधायकों ने घर पर पुलिस का पहरा बैठा दिया। भारतीय किसान यूनियन (भानू गुट) इन सांसद विधायकों के कृत्य की निंदा करता है। मोदी सरकार देश का लोकतंत्र खत्म करना चाहती है। जिस



पंचायत के दौरान मौजूद किसान नेता समृद्धि न्यूज

तरह से नगर पालिका का चुनाव मोदी सरकार को जीतने नहीं दिया। इस तरह यदि ईवीएम से चुनाव नहीं हुआ और बैलेट पेपर से होता है तो मोदी सरकार का सांसद फर्रुखाबाद से जीतने नहीं देंगे। हमारी समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कुछ प्रमुख मांगें इस प्रकार है। गंगा के दोनों किनारो पर बांध बनाकर गंगा को गहरा किया जाए। जिला मुख्यालय, तहसील, खंड विकास कार्यालय में बगैर रिश्वत के काम किसानों, आम जनमानस के नहीं हो रहे हैं। देवरामपुर में ओवरब्रिज बनवाया जाए, आवारा जानवरों से निजात दिलाई जाए, मोहम्मदाबाद में हवाई पट्टी को हवाई अड्डा बनाया जाए, भू-माफियाओं पर कार्यवाही की जाए, इंतखाब में छेड़छाड़ ना की जाए, अलग-अलग नंबरों के इंतखाब निकलवाने पर किसानों को धनहानि होती है। वर्तमान में भारती कृषक एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार दुबे पुत्र शम्भू दयाल निवासी गुरऊ शादीनगर पखना व 10 अन्य पदाधिकारियों पर थाना मेरापुर पुलिस द्वारा 107/16 की कार्यवाही की गयी। जिसे तत्काल समाप्त किया जाए। जिला प्रभारी मुन्नालाल सक्सेना ने कहा आगामी समय चुनाव 2024 सांसदी क्षेत्र के होने हैं पर जनप्रतिनिधियों ने चीनी मिल कायमगंज की पेराई क्षमता का विस्तार नहीं होने दिया। आलू आधारित उद्योगों की स्थापना नहीं होनी दी। सहारा का पैसा किसानों को नहीं मिल रहा है। पुलिस विभाग किसानों की समस्याओं को संज्ञान में नहीं लेते हैं। पंचायत में जिला संगठन सचिव प्रताप सिंह गंगवार, जिला प्रभारी मुन्नालाल सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष रागिब हुसैन खां, जिला संगठन और प्रचार मंत्री अमरीश शुक्ला, नगर अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार गुप्ता, मीडिया प्रभारी विनीत कुमार, तहसील महासचिव श्योराज शाक्य, तहसील अध्यक्ष विजय शाक्य, जिला सचिव रामवीर, राजेश शर्मा, रक्षपाल आदि कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एनसीसी कैडेट्सों ने खाद्य सुरक्षा जन जागरुकता निकाली रैली

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



रैली में भाग लेते एनसीसी कैडेट्स समृद्धि न्यूज

**12 यूपी** बटालियन एनसीसी के कैडेट्स द्वारा खाद्य सुरक्षा जन जागरूकता रैली निकाली गई। जिला प्रशासन तथा 12 यूपी बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रोमिल शर्मा के दिशा निर्देशन में खाद्य विभाग-2 के सहायक आयुक्त सैय्यद शाहनवाज हैदर आबिदी के द्वारा फतेहगढ़ स्थित स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम से बड़ा चौराहा, छोटी जेल चौराहा, पुलिस लाइन, कचहरी से होते हुए स्टेडियम तक सभी युवाओं, छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स को जागरूक करने तथा मिलेट्स का प्रयोग करने तली भुनी खाद्य सामग्री, जंक फूड न खाने हेतु खाद्य सुरक्षा रैली का आयोजन किया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त सैय्यद शाहनवाज हैदर आबिदी तथा एमआईसी के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट की गिरिजा शंकर के द्वारा 12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के लगभग 50 एनसीसी कैडेट्स के साथ खाद्य सुरक्षा को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाते हुए रैली का आयोजन किया गया। रैली में सभी एनसीसी कैडेट तथा छात्र-छात्राएं खाद्य सुरक्षा से संबंधित लिखी हुई पट्टिकाएं लेकर चल रहे थे। रैली का शुभारंभ जिलाधिकारी वीके सिंह तथा अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली का मुख्य उद्देश्य समाज में युवाओं, छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स को जंक फूड न सेवन करने, मिलेट्स का प्रयोग करने, तली भुनी खाद्य सामग्री को ना खाने तथा रेगुलर पानी का सेवन करने जैसी तमाम संदेशों को दिया गया। म्युनिसिपल इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य तथा एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर ने संदेश दिया कि नमक, तेल आदि का कम से कम खाने में प्रयोग करें, हरी तथा ताजी सब्जियों का अधिक से अधिक प्रयोग करें। जिससे आम जनमानस का स्वास्थ्य सही रहे। कम से कम बीमारियां लगे। आज हम देख रहे हैं कि लोगों के खाने पीने का तरीका बदलने के कारण पेट से संबंधित कई बीमारियां उत्पन्न हो रही है। रैली में बटालियन के सूबेदार रंजीत, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से जिला समन्वयक मनेंद्र मिश्रा, खाद्य सुरक्षा विभाग से आशुतोष राय (मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी) विजेंद्र कुमार, शैलेंद्र रावत, अरुण कुमार, विमल कुमार, आशीष कुमार वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# मतदाताओं को जागरुक करना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी: राजकुमार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाते शिक्षक राजकुमार

**ब्लाक संसोधन** केंद्र शमशाबाद में ब्लाक स्काउट मास्टर/स्वीप प्रभारी राजकुमार ने बताया कि लोकतंत्र में सभी की भागेदारी होना जरुरी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाताओं को जागरुक करना ही मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। जब सभी मतदाता जागरुक होंगे, तभी शत-प्रतिशत मतदान होने की आशा है। लोकतंत्र को सार्थकता प्रदान करते हुए ज्यादा से ज्यादा वोट डालकर लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करें। विशेष दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित व सहयोग की आशा की। इस दौरान मौजूद लोगों को स्काउट मास्टर राजकुमार ने मतदाता जागरुकता शपथ दिलायी। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वह भी प्रत्येक स्कूलों में ग्रामीणों, प्रधानों, रसोइयों, आंगनवाड़ियों को मतदाता शपथ दिलवाये। मतदाता जागरुकता के अविरल रथ को नवीन(ए) गति प्रदान करें। इस अवसर पर राहुल गंगवार, अशोक कुमार सिंह, वीरेन्द्र कुमार, मनीराम, आलोक यादव, कैलाश चन्द्र शाक्य, राशिद खान, महेन्द्र, अरविन्द कुमार, जयपाल, जनवेश कुमार, मनोज कुमार, उमा दीक्षित, विजय द्विवेदी, मुताहिर अली आदि लोग मौजूद रहे।

# भारतीय महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को कराया गया अंग्रेजी भाषा में बोलने का अभ्यास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



छात्र-छात्राओं को जानकारी देते प्राचार्य डा. रमन प्रकाश

**भारतीय महाविद्यालय** में जॉब स्किल एण्ड इंग्लिश कम्युनिकेशन विषयक कार्य शाला में एएनडी गर्ल्स पीजी कानपुर से आयी प्रो0 जाबा कुसुम सिंह का पुष्प गुच्छ देकर प्राचार्य डा0 रमन प्रकाश ने स्वागत किया। प्रो कुसुम सिंह ने छात्र/छात्राओं को इंग्लिश कम्युनिकेशन, विषय गत होने वाली त्रुटियों पर विस्तार से चर्चा की और छात्र-छात्राओं को अंग्रेजी भाषा को बोलने का अभ्यास भी कराया। प्रथम सत्र में जय नारायण पीजी कॉलेज लखनऊ से प्रो सिद्धार्थ सिंह और राजकीय महाविद्यालय ज्ञानपुर भदोही से डॉ0 संतोष कुमार मिश्रा ने अंग्रेजी भाषा में एप्लीकेशन राइटिंग और कम्युनिकेशन के बारे में विस्तृत जानकारी दी और ग्रुप बनाकर प्रायोगिक तौर पर सिखाया। कार्यशाला का संचालन समन्वयक डॉ0 निधीश कुमार सिंह ने किया। सचिव समीर कुमार गुप्ता ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यशाला में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी व शोध छात्र उपस्थित रहे।

## दबंग सरकारी रास्ते को बंद करने का कर रहे प्रयास,डीएम से की शिकायत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दबंग द्वारा गली में निकासी हेतु रास्ता बंद कर देने के संबंध में पीड़ित ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। थाना कम्पिल के सूरजपुर निवासी रामवीर पुत्र होरीलाल ने डीएम को दिये गये ज्ञापन में दर्शाया कि उसका पुश्तैनी मकान है जिसका दरवाजा गली में खुलता है। दीवार के किनारे कंडे आदि पथते है। गांव के रामगोपाल व उसकी पत्नी शशी गली को बंद करने का प्रयास कर रहे है। मैं अपने मकान में मिट्टी डालकर बराबर करना चाहता हूं। आरोपीगण कार्य करने से रोक रहे है तथा मकान के बाहर जानवर बांधने से भी रोक रहे है। पीड़ित का आरोप है कि उसके मकान का आने-जाने का एक ही रास्ता है। मना करने पर आरोपीगण लड़ाई-झगड़ा करने पर अमादा हो जाते है और पुलिस से झूठी शिकायत करते है। पीड़ित ने जांच कराकर न्याय दिलाये जाने की मांग की।

# शिविर लगाकर मरीजों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कराते मरीज समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मेमोरियल मिशन अस्पताल के तत्वाधान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कुबेरपुर घाट व भिडौल, नगला डाल में सर्वेश कुमार द्वारा उनके निवास पर आयोजित किया गया। मेमोरियल मिशन अस्पताल की स्वास्थ्य टीम ने शिविर लगाकर मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। डा0 निखिल प्रसाद, डा0 निधि मिश्रा, लैब टैक्नीशियन संदीप लाल, आप्टोमेट्रस हिमांशु मिश्रा, जैद, अजनेश यादव, जीएएनए नेहा, एएनएम शिवानी शर्मा, शिवानी राजपूत मौजूद रही। कैम्प में खांसी जुकाम के अलावा दांतों में पायरिया एवं मोतियाबिंद के मरीज आये। जिनका परीक्षण कर दवाईयां वितरित की गई।

## खबरें एक नजर में

### नारायण लक्ष्मण महाविद्यालय में 939 स्मार्ट फोन छात्र-छात्राओं को किये गये वितरित



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गुरुवार को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत नारायण लक्ष्मण महाविद्यालय बंसत नगर गैसिंहपुर में 939 स्मार्ट फोन वितरित किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत व विशिष्ठ अतिथि विधायक सुशील शाक्य व विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर व जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता रहे। कार्यक्रम में भाजपा नेता डीएस राठौर, प्रबंधक डा0 आशीष शाक्य, डा0 श्वेता सिंह मौजूद रही। सांसद ने स्मार्ट फोन वितरित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने कोविड के समय में देखा कि टेक्नोलॉजी कितना काम आती है। युवाओं को टेक्निकल से जोड़ते हुए स्मार्ट फोन वितरित करने का काम किया है। विधायक सुशील शाक्य ने कहा कि मोदी-योगी की सरकार में सबका साथ-सबका विकास है। विधायक नागेन्द्र राठौर ने कहा कि सभी युवा मोबाइल का अच्छे से पढ़ने के लिए प्रयोग करें। इस मौके पर देवेन्द्र कुमार शाक्य, मण्डलीय मंत्री महिपाल सिंह, जिलाध्यक्ष प्रवेश रत्न शाक्य, सुब्रत शाक्य, शेखर शाक्य, प्रमेन्द्र कुमार शाक्य, विवेक शाक्य, राजवीर सिंह, प्रेमपाल, अभिषेक, सचिन व भोजपुरी अभिनेत्री प्रतिष्ठा ठाकुर, रामपाल, विनोद, विमलेश, अशोक शर्मा, अरविन्द, अमित, शिवओम, शैलेश, सनी शाक्य, उपेन्द्र शाक्य मौजूद रहे।

### सपा सैनिक प्रकोष्ठ ने अग्निवीर योजना वापस लेने की उठायी मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर अग्निवीर योजना को वापस लेने की मांग की है। समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव ने राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर मांग की है कि अग्निवीर योजना को भारत सरकार वापस लें। जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल ने ज्ञापन पढ़कर जिलाधिकारी को सुनाया। ज्ञापन में मांग की गई कि इस अग्निवीर योजना से मात्र 4 वर्ष की नौकरी होने के कारण युवाओं का भविष्य अंधकार में हो गया है। साथ ही शहीद होने के उपरांत अग्नि वीर योजना के तहत उनके परिवार वह सम्मान का हकदार भी नहीं होगा। जनपद में दो बड़े-बड़े सेंटर है सिखलाई रेजीमेंट और राजपूत रेजीमेंट है। फतेहगढ़ में दोनों सेंटर होने के कारण जनपद के युवा हर वर्ष सैनिक बनने की होड़ में दौड़ लगाते दिखते थे, परंतु आज का युवा अग्निवीर योजना में मात्र 4 साल की नौकरी होने के कारण हताश है एवं उनका मनोबल भी टूट गया है। इस मौके पर बेचेंलाल यादव, बृजेश सिंह, अमित कुमार, दीप सिंह यादव, प्रमोद कुमार यादव, राजेंद्र सिंह, सर्वेश कुमार यादव, भूपेंद्र, शंभू दयाल, अनिल कुमार यादव, मेजर कश्मीर सिंह, हेत सिंह, इस्तकार, मनोज कुमार, अखिल कठेरिया, सुशील कुमार, यशवंत सिंह, दिनेश आदि लोग मौजूद रहे।

### भारतीय कृषक एसो. ने समस्याओं से संबंधित डीएम को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय कृषक एसोसिएशन (अराजनैतिक) के जिलाध्यक्ष शीलचन्द्र राजपूत के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर समस्याओं से संबंधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। दिये गये ज्ञापन में रेलवे स्टेशन पखना के पास गुरऊ शादी नगर के निकट सड़क किनारे खुले में मुर्गा, मछली काटकर बेंचे जा रहे है। स्कूल जाने वाले बच्चे दहशत में रहते है, दुकानों को हटवाया जाये। भूडनगरिया सब स्टेशन से बिजली रात्रि में 10 बजे जाने के बाद सुबह लगभग 4 बजे आती है। गुरऊ शादी नगर में नल रिवोर, शौचालय व्यवस्था करायी जाये। आवारा पशुओं को पकड़वाकर गौशाला भिजवाया जाये। पखना स्टेशन को स्टेशन का दर्जा दिया जाये और मेल गाड़ी और कालिंदी का स्टाप किया जाये। कायमगंज में आवारा बंदरों को पकड़वाया जाये। कायमगंज कस्बा में पानी की टंकी से सप्लाई होती है उसमें नाली की सिल्ट आती है, जिससे बीमारियां बढ़ रही है। ज्ञापन देने के दौरान स्वाती पाण्डेय, देवेश सिंह परिहार आदि लोग मौजूद रहे।

### माता कैला देवी का 56 भोग के साथ वार्षिक भण्डारे का आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बजरिया शालिग्राम स्थित कालेश्वरनाथ मंदिर 15वीं वर्षगांठ पर श्री माता कैलादेवी का गुरुवार को हवन पूजन के साथ 56 भोग लगाया गया। मंदिर में पूजा अर्चना के साथ विधि विधान से आचार्य ने हवन पूजन सम्पन्न कराया। दोपहर बाद विशाल भण्डारे का आयोजन हुआ, जो देर रात तक चला। रात्रि में महाआरती सम्पन्न हुई। बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। इस मौके पर आयोजक सुभाष चन्द्र गुप्ता, पुष्पा गुप्ता, अंकित गुप्ता ने व्यवस्था देखी। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# राजकीय बालिका इ.कॉ. में मतदाता साक्षरता क्लब प्रशिक्षण का आयोजन




प्रशिक्षण में जानकारी देते प्रधानाचार्य अनिल सिंह व मौजूद अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में मतदाता साक्षरता क्लब हेतु 193 विधानसभा अमृतपुर और 194 विधानसभा फर्रुखाबाद के मतदाता साक्षरता क्लब प्रभारी प्रशिक्षण का आयोजन महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में हुआ। कक्षा 9, 10, 11, 12 में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए आयोग की तरफसे निर्धारित पाठ्यक्रम को स्वीप कोऑर्डिनेटर सुधीर कुशवाहा द्वारा विस्तार पूर्वक बताया गया। सभी विद्यालयों के लिए सॉफ्ट कॉपी में लिंक को प्रेषित किया गया। विद्यार्थी प्रतिमा इस पाठ्यक्रम के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान के बारे में विभिन्न गतिविधियों का अध्ययन करेंगे तथा प्रति विद्यालय में एक मतदाता साक्षरता दीवार बनाई जाएगी। जिस पर विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से बनाए गए पोस्टर और चित्रों का अंकन करेंगे। गंगापार महात्मा गांधी इंटर कॉलेज राजेपुर के प्रधानाचार्य अनिल सिंह ने मतदाता जागरूकता पर अपने विचार करते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए आयोग ने विद्यार्थियों के माध्यम से इस प्रकार की जो पहल की है वह निश्चित रूप से कारगर होगी। क्योंकि कक्षा 9,10 और 11 में पढ़ने वाले विद्यार्थी भावी मतदाता के रूप में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया और मतदान से परिचित हो सकेंगे। अपने परिवेश में रहने वाले लोगों को इस 2024 के निर्वाचन में मतदाताओं के वोट डलवाने में सहयोग प्रदान करेंगे। उन्होंने सभी को मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाई। प्रधानाचार्य डा0 संदीप चतुर्वेदी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ऐस्तर दयाल रोज, राजेन्द्र सिंह, गुलशन जहां, इंदिरा राठौर, विनोद कुमार, लाला अमर सिंह, अविनाश डेविड, डॉ0 धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी, गजेंद्र सिंह, अरुण कुमार, विनोद कुमार, देवव्रत तिवारी, डॉ0 अनिल कुमार मिश्रा आदि उपस्थित रहे। संचालन वैभव सोमवंशी ने किया।

# स्वयंसेवकों ने प्रभात फेरी निकालकर लोगों को मतदान करने के लिए किया जागरुक




**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ0 शालिनी के संरक्षण में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा0 सुंदर लाल के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन का शुभारंभ प्राचार्या डॉ0 शालिनी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में लीडर द्वारा दीप प्रज्वलित कराया गया। स्वयंसेवकों ने एनएसएस लक्ष्य गीत से अभिप्रेरित होते हुए प्रभात फेरी निकाली तथा मतदान जागरूकता अभियान चलाया। गांव निनौआ में घर-घर जाकर सभी ग्राम वासियों को मतदान का महत्व एवं ग्रामवासियों की जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा एवं समाज व राष्ट्रहित में उनकी भूमिका के विषय में विचार विमर्श भी किए। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि मतदान धर्म, जाति, धन, वर्ग एवं किसी भी प्रकार के लालच से ऊपर उठकर किया जाना चाहिए। स्वयंसेवकों ने ग्राम प्रधान विनय कटियार की मदद से घर-घर जाकर मतदान का महत्व बताया। उन्होंने गांव की महिलाओं से रूढ़ियों और संकोच को छोड़कर राजनीति में सहभागिता एवं प्रतिनिधित्व करने का आग्रह भी किया। शिविर प्राचार्य डॉ0 शालिनी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। उन्होंने स्वयंसेवकों एवं ग्रामवासियों को वोट का महत्व समझाया। सुन्दरलाल ने कहा कि मतदान को महोत्सव के रूप में मनाया जाना चाहिए। जिस पर हमारे समाज एवं राष्ट्र का विकास निर्भर करता है। स्वयंसेवकों एवं ग्रामवासियों को लोकतंत्र का महत्व समझाते हुए यह भी कहा कि मतदान करने वाले लोग ही असल में देश के भाग्य विधाता होते हैं। तथा देश की आन बान शान मतदान पर निर्भर है, इसलिए हम सब को सारे काम छोड़कर लोकतंत्र को मजबूत करना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों के साथ छात्रा बबली, कामिनी, अंशी, मुस्कान, ज्योति, गौरी, भूलन देवी, पूजा, शिवानी, अमृता सिंह, रोशनी, आकांक्षा, खुशी, अर्चना, खुशबू, शिवी सक्सेना, प्रतिमा, शिल्पी, प्रियांशी वर्मा, काजल, आर्तिका, छात्र आयुष कुमार, विकास यादव, मेहराज अहमद, सुमित, सूर्यकांत, प्रियांशु कटियार, अनुरुद्ध, अभय सिंह, नारायण अवस्थी, सोहांत कुमार, शौर्य मिश्रा, मो0 कैफ, आलोक कुमार, अमनेद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ के सम्मेलन में हेमा मालिनी व भाष्कर दत्त द्विवेदी ने लिया भाग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



दीप प्रज्ज्वलित करती सांसद हेमा मालिनी व भाष्कर दत्त द्विवेदी

**भारतीय जनता** पार्टी शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ का मथुरा में लोकसभा सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें विशिष्ठ अतिथि के रुप में भाजपा के वरिष्ठ नेता भाष्कर दत्त द्विवेदी ने भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद हेमा मालिनी व प्रदेश सह-संयोजक शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ भास्कर दत्त द्विवेदी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि सांसद हेमा मालिनी ने विचार व्यक्त करते हुए शिक्षा पर जोर दिया। विशिष्ठ अतिथि भाष्कार दत्त द्विवेदी ने कहा कि नई शिक्षा नीति सभी मूल्यों पर खरी है। नई शिक्षा नीति के तहत लोगों को लाभांवित किया जा रहा है। आज शिक्षण प्रणाली सुलभ हुई है। लोग अपने बच्चों को शिक्षित बनाये। इस मौके पर मुख्य वक्ता एमएलसी पवन सिंह चौहान, कुलाधिपति संस्कृति विश्वविद्यालय डॉ0 सचिन गुप्ता एवं जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय, प्रो0 आरपी सिंह, डॉ0 रजनीश त्यागी, चंद्रवीर सोलंकी, डा0 मीनाक्षी शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

सम्मान | जनपद की शिक्षिका दिल्ली में हुई सम्मानित

# मानवीय जीवन मूल्य विकसित करना हिंदी साहित्य भारती का लक्ष्य: भारती मिश्रा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



कार्यक्रम में सम्मानित होती भारती मिश्रा समृद्धि न्यूज

**हंसराज** कॉलेज नई दिल्ली में 8 मार्च से 10 मार्च तक आयोजित हिंदी साहित्य भारती के अंतरराष्ट्रीय अधिवेशन में जनपद की राष्ट्रपति पुरस्कार शिक्षिका व साहित्यकार भारती मिश्रा ने विशेषज्ञ वक्ता के रूप में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ0 सुधांशु द्विवेदी ने किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान तकनीकी के समय में भी भारतीय ज्ञान परंपरा की प्रासंगिकता बढ़ी है। केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री डॉ0 रवींद्र शुक्ला ने कहा सनातन ही शाश्वत है। अध्यक्ष के रूप में महामंडलेश्वर श्रीश्री 1008 शाश्वतानन्द गिरि महाराज, स्वयं सेवक संघ के अखिल भारतीय बौद्धिक प्रमुख स्वान्त रंजन, पदम श्री विष्णु पांड्या मंचासीन रहे। भारती मिश्रा द्वारा हिंदी हमारा स्वाभिमान पर वक्तव्य दिया गया तथा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में प्रतिभाग किया गया। भारत की सनातन चिंतन धारा और महान सांस्कृतिक चेतना को विश्व पटल पर स्थित करना, सकारात्मक परिवर्तन का प्रयास, साहित्य को माध्यम बनाकर विश्व में मानवीय जीवन मूल्य विकसित करना हिंदी साहित्य भारती का लक्ष्य है। भारती मिश्रा हिन्दी साहित्य भारती की केंद्रीय कार्यकारिणी की सदस्य व जनपद स्तर पर हिंदी साहित्य भारती की महामंत्री हैं। कार्यक्रम का समापन उत्तराखंड के केंद्रीय मंत्री सुबोध उनियाल ने किया। इस अवसर पर हंसराज कॉलेज की प्राचार्य डॉ0 राम महाराष्ट्र के अपर पुलिस निदेशक कृष्ण प्रकाश, आचार्य देवेंद्र देव, प्रदेश अध्यक्ष वागीश दिनकर, नीरज सहित देश-विदेश के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# रमजान में रोजा हर बुराई से बचाता है.............

◆ रोजेदोरों ने नवाज अदा कर रखे रोजे, पढ़ी तरावीह



महजर मोहम्मद खां



हाजी फजल मंसूरी



हाजी वसीमुजमा खां

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रमजान का पवित्र महीना रहमतों व बरकतों का है। रमजान के 30 रोजे तरावीह व पांच वक्त की नवाज से रोजदार की हर तरह से इस्लाह होती है। रोजा सिर्फ अल्लाह के लिए है और वहीं इसका ईनाम देने वाला है। रोजे पर नगर में जगह-जगह रोजा इफ्तार व रोजा कुशाई का सिलसिला बदस्तूर जारी है।

रमजानुल पवित्र माह में रोजदार सिलसिलेवार रोजे व नमाज के एहतमाम के साथ मशगूल है। हर छोटा बड़ा बालिग इस मुकद्दस व बरकतों वाले दिनों में अधिक-अधिक से शबाव हासिल करने के प्रयास में लगा है। समाजसेवी व मुस्लिम जकात फाउंडेशन के अध्यक्ष मजहर मोहम्मद खान का कहना है। कि रोजा सिर्फ अल्लाह की रजा के लिए है। अल्लाह इसकी जजा देने वाला है। रोजे के दौरान नवाज कुरान की तिलावत व गुफ्तगूं जरूरी है। उन्होंने कहा कि रोजे के दौरान अपने मुंह से किसी को बुरा भी नहीं कहा जाता है। हाजी फजल मंसूरी का कहना है, रोजे से समान्यता भाई चारा एवं आपसी प्रेम का वातावरण बनता है। साल के इस विशेष महीने में सभी मुसलमानों को चाहें वह निर्धन हो या धनवान रोजा रखने वाले सभी रोजदारों को निधारित समय तक रोजा रखना फिर तयशुदा समय तक खाते पीते रहना होता है। इसलिए समाज को समान्यता एवं सूत्र में बांधता है।

हाजी वसीमुजमा खां ने बताया अल्लाह की राह में जितनी इबादत की जाये उनका अज्र अल्लाह कई गुना देता है। रमजान के महीने में रोजदार द्वारा खाना पीना छोड़ने से ही रोजा पूरा नहीं हो जाता है, बल्कि रोजेदारों को गुनाह बेहयाही एवं बुरे कार्य को छोड़ना जरूरी है। इसके बाद ही अल्लाह से दुआ की जाती है कि अल्लाह हमें हमेशा रहमतों के साये में रखे, रोजा एक ऐसी रूहानी इबादत है कि इन्सान को हर बुरे कार्यों से बचाकर उसे ऊंचे स्थान पर पहुंचाता है।

# हिमंत सरमा ने असम को दिलाई नयी पहचान

## राजनाथ सिंह ने बरपेटा में जनसभा और कोकराझाड़ में कार्यकर्ता सम्मेलन को किया संबोधित

एजेंसी



**गुवाहाटी (असम)।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने असम को देशभर में नयी पहचान दिलाई है। असम में जिस तेजी से कार्य किये जा रहे हैं, उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गुरुवार को बरपेटा में एनडीए के उम्मीदवार फणि भूषण चौधरी के समर्थन में आयोजित एक चुनाव रैली को संबोधित कर रहे थे। इसके बाद राजनाथ सिंह ने कोकराझाड़ में एक एनडीए के एक कार्यकर्ता सम्मेलन को भी संबोधित किया। बरपेटा की रैली में रक्षा मंत्री के साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भवेश कलिता, असम सरकार के मंत्री जयंत मल्लबरुवा, चंद्र मोहन पटवारी, असम गण परिषद के अध्यक्ष अतुल बोरा, अगप उम्मीदवार फणि भूषण चौधरी समेत बड़ी संख्या में भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में 24 घंटे के अंदर प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर में 72 हजार करोड़ रुपये की योजना का शिलान्यास और लोकार्पण किया, जिसकी कभी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. सरमा के नेतृत्व असम इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य, ऊर्जा से लेकर हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि असम के हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने का मुख्यमंत्री हिमंत का संकल्प और देश के हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना पूरे देश की सूरत को बदल देगा। उन्होंने दावा किया कि केंद्र में चार सौ से अधिक सीटों के साथ तीसरी बार नरेन्द्र मोदी की सरकार बनेगी। बरपेटा में राजनाथ सिंह ने असमिया भाषा में सबसे पहले लोगों का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि कामरूप की सिद्ध धरती तथा सत्र नगरी बरपेटा में आकर वे अभिभूत हुए हैं।

### हम सभी को एकजुट होकर काम करना चाहिए

बरपेटा में रैली को संबोधित करने के बाद राजनाथ सिंह कोकराझाड़ पहुंचे। यहां उन्होंने एनडीए के एक कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री के साथ बीटीसी प्रमुख प्रमोद बोड़ो, असम सरकार के मंत्री रंजीत कुमार दास, कोकराझाड़ से यूपीपीएल के उम्मीदवार जयंत बसुमतारी, करण मोहन राय समेत कई वरिष्ठ नेता एवं पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे। कोकराझाड़ में कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि चाहे वह भाजपा के कार्यकर्ता हों या असम गण परिषद के या यूपीपीएल के, सभी एकजुट होकर बड़े मन से कार्य करें। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी कहा करते थे, छोटे मन से कोई बड़ा नहीं हो सकता और टूटे मन से कोई खड़ा नहीं हो सकता। रक्षामंत्री ने कहा कि पूरा एनडीए एक परिवार है, चाहे चुनाव में कंडिडेट किसी भी पार्टी के हो, हम सभी को एकजुट होकर काम करना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी एक परिवार को भगवान मानकर उसके ईर्द-गिर्द काम करती है। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार अपनी चुनावी घोषणा को अक्षरशः पूरा करती रही है। जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटा दिया गया।

# प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा को दी नई ऊंचाई : रवि शंकर प्रसाद

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा को एक नई ऊंचाई प्रदान की है। जिसमें कार्यकर्ताओं की कमर तोड़ परिश्रम रही है। जहां भाजपा का कमल नहीं खिलता था,आज नरेंद्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व में कमल खिल रहा है। हमने असम और नागालैंड में अपनी सरकार बनाई है और त्रिपुरा से वामपंथी सरकार को उखाड़ कर फेंक दिया है। अब पश्चिम बंगाल से ममता बनर्जी को उखाड़ फेंकने की तैयारी है।

यह बातें मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री, सांसद रवि शंकर प्रसाद ने भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित क्लस्टर बैठक में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा के चुनाव में हमारा जीतना तय है लेकिन जीत का आंकड़ा हमें 400 सीटों के पार करना होगा। उत्तर प्रदेश में लगातार दूसरी बार सरकार बनाने का इतिहास रचा है और बिहार में भी लालू प्रसाद यादव के जंगल राज का अंत कर दिया है।



### विकसित भारत चाहते हैं तो मोदी को सफल बनाएं : हेमा



**मथुरा, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी के शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ द्वारा विकसित भारत संकल्प पत्र संगोष्ठी एवं सुझाव कार्यक्रम संस्कृति विश्वविद्यालय के संतोष मेमोरियल ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। मथुरा-वृदावन लोकसभा क्षेत्र के इस आयोजन में मुख्य अतिथि सांसद डॉ. हेमा मालिनी ने प्रकोष्ठ से जुड़े शिक्षकों, अधिकारियों में उत्साह भरते हुए आह्वान किया कि यदि विकसित भारत चाहते हैं तो नरेंद्र मोदी को सफल बनाने के लिए जुट जाएं।

# पूर्व राष्ट्रपति पाटिल की तबीयत बिगड़ी, पुणे के अस्पताल में भर्ती

एजेंसी

**मुंबई।** देश की पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभाताई पाटिल की तबीयत बिगड़ गई है। उन्हें तत्काल इलाज के लिए पुणे के भारती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह बुखार और सीने में संक्रमण से पीड़ित हैं। फिलहाल प्रतिभा पाटिल की तबीयत में सुधार हो रहा है।

डॉक्टरों ने गुरुवार को बताया कि प्रतिभा पाटिल प्रतिभाताई पाटिल (89 वर्ष) की तबीयत पिछले कई दिनों से खराब चल रही थी। बुधवार को देर रात उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ जाने से उन्हें पुणे के भारती अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। भारती अस्पताल के डॉक्टरों की टीम पूरी मुस्तैदी के साथ प्रतिभाताई पाटिल का इलाज कर रही है। प्रतिभाताई पाटिल 2007 से 2012 तक भारत की पहली महिला राष्ट्रपति रहीं। कानूनी विशेषज्ञ प्रतिभाताई सर्वप्रथम जलगांव विधानसभा क्षेत्र



से चुनी गई थीं। इसके बाद एसटी निगम की अध्यक्ष और लगातार 20 वर्षों तक स्वास्थ्य, पर्यटन, संसदीय कार्य, आवास, समाज कल्याण, सांस्कृतिक, सार्वजनिक स्वास्थ्य सामाजिक कल्याण, शराब निषेध पुनर्वास, शिक्षा मंत्री आदि पदों पर काम किया। उन्होंने राज्यसभा के उपसभापति के तौर पर जिम्मेदारी स्वीकार की। 1991 में वह अमरावती से लोकसभा सदस्य बनीं। प्रतिभाताई पाटिल ने राष्ट्रपति के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान पूरी दुनिया को भारत का परिचय कराया। राष्ट्रपति पद से सेवानिवृत्त होने के बाद वह पुणे में बस गईं।

## उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश सचिव गोपाल सिंह रावत ने दिया इस्तीफा

**देहरादून।** लोकसभा चुनाव की आहट से उत्तराखंड कांग्रेस के नेताओं में इस्तीफा देने का सिलसिला शुरू हो गया है। अब एक और कांग्रेस नेता और पार्टी के प्रदेश सचिव ने अपने पद और पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। गुरुवार सुबह पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के करीबी माने जाने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव गोपाल सिंह रावत ने इस्तीफा दे दिया है। भव्य राम मंदिर की स्थापना, कश्मीर से धारा 370 हटाना और अन्य कई ऐसे मुद्दे हैं, जिससे भारत का प्रत्येक नागरिक जुड़ा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के दौरान देश में नागरिक हितों में कई निर्णय लिए गए हैं। प्रदेश में युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी लगातार कार्य कर रहे हैं। कांग्रेस नेता गोपाल सिंह रावत ने कांग्रेस एवं संगठन के सभी पदों से अपना इस्तीफा देने की घोषणा की। अब रावत के भी कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा का दामन थाम सकने की अटकलें लग रही हैं।

# लैंड फॉर जॉब : अप्रैल के प्रथम सप्ताह में सीबीआई अंतिम चार्जशीट करेगी दाखिल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लैंड फॉर जॉब मामले में सीबीआई अप्रैल के प्रथम सप्ताह में अंतिम चार्जशीट दाखिल करेगी। आज सीबीआई ने इस बात की सूचना दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट को दी। स्पेशल जज विशाल गोगने ने इस मामले पर अगली सुनवाई 2 अप्रैल को करने का आदेश दिया।

सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से पेश वकील डीपी सिंह ने कहा कि इस मामले पर अंतिम चार्जशीट अप्रैल के पहले सप्ताह में दाखिल करेगी। सीबीआई ने 6 मार्च को इस मामले में तीसरी पूरक चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें भोला यादव को आरोपित बनाया गया है। पूरक चार्जशीट में कहा गया है कि भोला यादव लालू यादव के सचिव रह चुके हैं और वही सभी काम देखते थे। भोला यादव ही अफसरों को निर्देश देते थे। सीबीआई ने इस संबंध में




भोला यादव के कंप्यूटर से दस्तावेज हासिल किए हैं। सीबीआई ने 27 फरवरी को कोर्ट से कहा था कि वो इस मामले में दस दिनों के अंदर पूरक चार्जशीट दाखिल करेगी। सीबीआई ने इस मामले में भोला यादव और हृदयानंद चौधरी को गिरफ्तार किया था। भोला यादव 2004 से 2009 तक लालू यादव के ओएसडी रहे थे।

लैंड फॉर जॉब घोटाला लालू यादव के रेल मंत्री रहने के दौरान का है। भोला यादव को ही इस घोटाले का मास्टरमाइंड माना जा रहा है। आरोप है कि लालू यादव के रेल मंत्री रहते नौकरी के बदले जमीन देने के लिए कहा जाता था। नौकरी के बदले जमीन देने के काम को अंजाम देने का काम भोला यादव को सौंपा गया था। भोला यादव 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव में बहादुरपुर सीट से विधायक चुने गए थे।

कोर्ट ने 4 अक्टूबर 2023 को इस मामले में तेजस्वी यादव, लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी को जमानत दी थी। कोर्ट ने 22 सितंबर 2023 को सीबीआई की ओर से दाखिल दूसरी चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। 3 जुलाई 2023 को सीबीआई ने पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। सीबीआई की ओर से दाखिल चार्जशीट में बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को आरोपित बनाया गया है। सीबीआई इस मामले में लालू यादव और राबड़ी देवी के खिलाफ पहले ही चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। 15 मार्च 2023 को कोर्ट ने लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और मीसा भारती को जमानत दी थी। कोर्ट ने पचास पचास हजार रुपए के मुचलके पर जमानत दी जाती।

## खबरें एक नजर में

### पीथापुरम सीट से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे पवन कल्याण

**हैदराबाद।** पवन कल्याण ने घोषणा की कि वह आगामी आंध्र प्रदेश चुनाव में पीथापुरम से चुनाव लड़ेंगे। जन सेना पार्टी प्रमुख ने गुरुवार को एक सार्वजनिक बैठक में अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की। पवन कल्याण की घोषणा उनकी पार्टी द्वारा आगामी लोकसभा और आंध्र प्रदेश में विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा और चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के साथ सीट-बंटवारे के समझौते को अंतिम रूप देने के कुछ दिनों बाद आई है। जन सेना पार्टी विधानसभा चुनाव के लिए कुल 175 सीटों में से 21 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। भाजपा 10 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि टीडीपी 144 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। आंध्र प्रदेश में विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव के साथ ही होंगे। आंध्रप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) ने 34 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की। तेदेपा अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू ने बृहस्पतिवार को इस सूची की घोषणा की। नए उम्मीदवारों की सूची के साथ तेदेपा ने अब तक 128 सीट पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के साथ समझौते के तहत तेदेपा राज्य में 144 सीट पर चुनाव लड़ेगी।

### एड़ी की सफल सर्जरी के बाद भारत लौटे मोहम्मद शमी

**नई दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी यूनाइटेड किंगडम (यूके) में अपने एड़ी की सफल सर्जरी के बाद भारत लौट आए हैं। भारत के 2023 एकदिवसीय विश्व कप अभियान के दौरान घायल होने के बाद शमी को अपने अकिलीज़ टेंडन को ठीक करने के लिए एड़ी की सर्जरी करानी पड़ी। वह 19 नवंबर को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया से फाइनल में मिली हार के बाद से किसी भी प्रकार का क्रिकेट नहीं खेला है। शमी ने अपने सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा करते हुए यूके से भारत लौटने की जानकारी दी और प्रशंसकों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। शमी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, सर्जरी के बाद भारत वापस आकर आभारी हूं। मजबूत महसूस कर रहा हूं और इस अगले अध्याय को अपनाने के लिए तैयार हूं। आपके समर्थन और प्यार के लिए सभी को धन्यवाद! शमी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 घरेलू सीरीज के अलावा दक्षिण अफ्रीका दौरे और इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में भी नहीं खेल पाए थे। वह आईपीएल 2024 से भी बाहर हो गए हैं।

### कांग्रेस सांसद परणीत कौर भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं कांग्रेस से सांसद परणीत कौर आज यहां भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गयीं। भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में भाजपा के महासचिव अरुण सिंह, तरुण चुघ, विनोद तावड़े, भाजपा में पंजाब के प्रभारी विजय रूपाणी, पंजाब प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ तथा भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी मौजूद थे। श्री तावड़े ने अपने संबोधन में कहा कि श्रीमती परणीत कौर जैसे सांसद एवं मंत्री के रूप में काम करके अपनी योग्यता एवं क्षमता को सिद्ध किया है। पंजाब में आम आदमी के मन में भाजपा के प्रति बढ़ती लोकप्रियता के बीच श्रीमती कौर के आगमन से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश सेवा का मिशन और मजबूत होगा। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह की पत्नी श्रीमती कौर ने कहा कि वह आज भाजपा में शामिल हो रहीं हैं। पिछले 25 साल से लोकसभा विधानसभा में देश के लिए पंजाब के लिए काम किया हे। आज वो समय आ गया है कि जो हमारे देश को दुनिया में ऊंचा उठा सके।

### पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर की पत्नी भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह की पत्नी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री परनीत कौर गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गईं। उन्होंने पार्टी मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील झाखड़ और पार्टी महासचिव तरुण चुग एवं अरुण सिंह मौजूद रहे। कौर पटियाला से चार बार कांग्रेस की सांसद रही हैं। पार्टी में शामिल होने के बाद उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वे अपने निर्वाचन क्षेत्र, राज्य और देश के लिए काम करना चाहती हैं। कांग्रेस के साथ उनकी पारी अच्छी रही और उन्हें उम्मीद है कि भाजपा के साथ भी उनकी पारी बेहतर होगी। लोकसभा चुनाव लड़ाना है या नहीं, यह भाजपा पर निर्भर है। उल्लेखनीय है कि कैप्टन अमरिंदर सिंह पहले ही भाजपा में शामिल हो चुके हैं।

### गडकरी ने कर्नाटक के लिए 1385.60 करोड़ रुपए किए मंजूर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कर्नाटक के विभिन्न जिलों में सीआरआईएफ योजना के अंतर्गत 295 सड़क विकास परियोजनाओं को बढ़ाने और सुदृढ़ीकरण के लिए 1385.60 करोड़ रुपये के आवंटन को मंजूरी दी गई है। इन सड़क परियोजनाओं की कुल लंबाई 2055.62 किलोमीटर है। गडकरी ने एक पोस्ट में कहा कि इस प्रयास का उद्देश्य न केवल बुनियादी ढांचे को उन्नत करना है बल्कि सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कनेक्टिविटी में सुधार करना भी है।

# 200 गुर्दा प्रत्यारोपण की उपलब्धि मेदांता अस्पताल के नाम




समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** वर्ल्ड किडनी डे के अवसर पर मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने की है। हॉस्पिटल ने अबतक 200 किडनी ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक किए हैं। मेदांता अस्पताल ने अपनी इस उपलब्धि को उन सभी अंगदाताओं को समर्पित किया है, जिन्होंने अपने अंगदान से अपने परिवार के सदस्यों को नया जीवन प्रदान किया। हॉस्पिटल ने उन सभी डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ का भी आभार व्यक्त किया है, जिन्होंने इस सफलता में अपना अमूल्य योगदान दिया।

मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के किडनी ट्रांसप्लांट विभाग का नेतृत्व डॉ. आर.के. शर्मा और डॉ. राकेश कपूर करते हैं। दोनों डॉक्टरों के पास किडनी ट्रांसप्लांट के क्षेत्र में 20 से अधिक वर्षों का अनुभव है। उनकी टीम में अनुभवी डॉक्टरों और नर्सों का एक समूह शामिल है जो मरीजों को उच्चतम स्तर का इलाज और देखभाल प्रदान करते हैं। मेदांता हॉस्पिटल में सबसे छोटे 15 साल के बच्चे से लेकर 76 वर्ष के वृद्ध पेशेंट में ट्रांसप्लांट हुए है, जिसमे अपने देश के आलावा सऊदी अरबिया और अमेरिका के मरीज भी शामिल है।

मेदांता हॉस्पिटल डायरेक्टर नेफ्रोलॉजी डॉ. आर.के. शर्मा ने इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा, यह उपलब्धि हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह हमारे डॉक्टरों, नर्सों और मरीजों के बीच विश्वास, सहयोग और सामंजस्य का प्रतीक है। हम किडनी रोगियों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मेदांता हॉस्पिटल, मेडिकल डायरेक्टर डॉ. राकेश कपूर, ने कहा, हम उन सभी लोगों को धन्यवाद देना चाहते हैं जिन्होंने इस उपलब्धि में अपना योगदान दिया है। हम किडनी रोगियों के लिए बेहतर उपचार विकल्पों को विकसित करने के लिए अपना प्रयास जारी रखेंगे।

### रीजेंसी हॉस्पिटल में किडनी हेल्थ फॉर ऑल वॉकथॉन का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के प्रतिष्ठित हॉस्पिटल प्रोवाइडर रीजेंसी हेल्थकेयर ने आज सुबह 5.00 बजे से 8.00 बजे तक आयोजित किडनी हेल्थ फॉर ऑल वॉकथॉन का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम में लोगों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।




इस वॉकथॉन में शामिल होने वाले प्रतिभागियों ने किडनी की बीमारियों और शीघ्र जांच के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता जताई। 1090 चौराहा, गोमती नगर, लखनऊ से शुरू होकर वॉकथॉन का समापन लोहिया पार्क, गेट नंबर 2 पर हुआ। किडनी हेल्थ फॉर ऑल वॉकथॉन किडनी के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के साझा लक्ष्य से प्रेरित होकर जब प्रतिभागियों ने वॉक शुरू की तो उनका उत्साह और जोश के साथ स्वागत किया गया। रीजेंसी हॉस्पिटल के वरिष्ठ निदेशक, नेफ्रोलॉजी विभाग, डॉ. दीपक दीवान, ने इस बारे में बताया कि हमारा मिशन किडनी हेल्थ फॉर ऑल वॉकथॉन जैसी पहल चला करके किडनी रोगो से पीड़ित व्यक्तियों की पहचान करना और इस बीमारी को गंभीर होने से रोकने के लिए शीघ्र इलाज प्रदान करना है, ताकि किडनी फेलियर की शुरुआत को रोका जा सके। रीजेंसी हॉस्पिटल में सलाहकार नेफ्रोलॉजी और किडनी प्रत्यारोपण विशेषज्ञ, डॉ. आलोक पांडे ने इस बारे में कहा, साथ मिलकर हम किडनी बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ा सकते हैं और रोकथाम, निदान और इलाज में प्रगति के लिए संसाधन जुटा सकते हैं। किडनी हेल्थ फॉर ऑल वॉकथॉन जैसे आयोजन किडनी बीमारियों से निपटने और सभी के लिए एक स्वस्थ भविष्य को बढ़ावा देने के लिए हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का एक ठोस प्रमाण हैं।

# हमारा लक्ष्य यूपी के प्रत्येक जिले में शोरूम स्थापित करना : रितु बंसल

## लिबर्टी ने राजाजीपुरम व विभव खंड कठौता में खोले दो नए शोरुम

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** फुटवियर उद्योग में अग्रणी लिबर्टी ने 14 मार्च को लखनऊ में दो नए शोरुम खोले। ई ब्लाक मार्केट आवास विकास राजाजी पुरम व विभव खंड कठौता चौराहे पर खुले लिबर्टी एक्सक्लिसिव शोरूम का शुभारंभ सीईओ रमन बंसल व डायरेक्टर रितु बंसल ने किया। उन्होंने बताया समूह कि भारत और विदेश में सैकड़ों पांच सितारा शोरूम और जूता स्टेशन स्थापित करने की भी योजना है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण दूरदर्शी पवित्र परियोजना श्री राम मंदिर धार्मिक पर्यटकों को आकर्षित करेगी और आमद बढ़ाएगी, जिससे घरेलू उत्पादों की मांग दिन-प्रतिदिन बढ़ेगी और समग्र व्यावसायिक गतिविधि में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। पर्याप्त संभावनाओं और संभावनाओं को ध्यान



में रखते हुए, हमारा लक्ष्य यूपी के प्रत्येक जिले में शोरूम स्थापित करना है। उन्होंने कहाकि हम एक ही छत के नीचे सभी परिवारों की जरूरतों को पूरा करते हैं। स्कूल शूज से लेकर स्पोर्ट्स शूज़ तक, बैलेरिना से लेकर आरामदायक स्लिप-ऑन तक, कॉर्पोरेट फॉर्मल से लेकर आरामदायक कैजुअल तक, उपभोक्ता को फुटवियर विकल्पों की व्यापक रेंज प्रदान करते हैं। हमारे ब्रांड हैं- कूलर्स, लीप एक्स, हीलर, लकी ल्यूक, अहा, प्रीफेक्ट, सेनोरिटा, फॉर्च्यून आदि। जूते-चप्पल के अलावा हम जूते की देखभाल के उत्पाद, बैंक पैक, बेल्ट, पर्स, मोज़े, पॉलिश, यात्रा बैग और महिलाओं के लिए हैंडबैग आदि जैसी सहायक वस्तुओं की एक श्रृंखला भी बनाते हैं। मेसर्स रघुनाथ फैशन ग्रुप के फ्लैगशिप के तहत लखनऊ में इन दो शोरूम का उद्घाटन किया गया।

# रोजा रख रहे हैं तो सेहत को न करें नजरअंदाज, इन बातों का रखें ध्यान

रमजान का पाक महीना शुरु हो गया है। इस पूरे महीने में मुस्लिम समुदाय के लोग रोजा रखते हैं और इस दौरान इफ्तार और सहरी करते हैं। रोजा रखकर यह लोग पूरे दिन भूखा-प्यासा रहकर बिताते हैं। लेकिन सारा दिन भूखे रहने के कारण शरीर में कमजोरी आने लगती है। ऐसे में इस दौरान खुद को स्वस्थ रखना जरुरी है। आज आपको कुछ ऐसे टिप्स बताते हैं जिन्हें फॉलो करके आप रमजान के महीने में खुद को हेल्दी रख सकते हैं। आइए, जानते हैं।



**बैलेंस डाइट लें**

रोजा के हर दिन यदि आप एनर्जेटिक और थकान से दूर रहना चाहते हैं तो जरुरी है कि डाइट को बैलेंस रखें। पोषक तत्वों से भरपूर डाइट लें, साथ ही इफ्तार के बाद पानी जरुर पिएं। इससे आपका शरीर हाइड्रेटेड रहेगा।

**एक्सरसाइज**

रमजान के महीने में हल्की फुल्की एक्सरसाइज रुटीन में शामिल जरुर करें। इससे आपके द्वारा खाया हुआ भोजन आसानी से पच जाएगा और आप फिजिकली एक्टिव रहेंगे।

**हेल्दी फूड्स**

सहरी के दौरान ऐसे फूड्स खाएं जो आपका पेट भरने के साथ-साथ आपको एनर्जेटिक भी रखें। साबुत अनाज, ओट्स, अंडे, दही जैसी चीजें आसानी से पच जाती हैं और शरीर को एनर्जी देती हैं ऐसे में इन्हें अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। यदि आप सुबह के समय चाय या कॉफी पीते हैं तो डिहाइड्रेशन होगी और पूरा दिन आपको प्यास और सुस्ती महसूस होती रहेगी।

**तले हुआ न खाएं**

पूरा दिन रोजा रखने के बाद शाम को पकौड़े, पूड़ी जैसी चीजें न खाएं। इनसे दूरी बनाकर रखें, फ्राइंग के बजाय बेकिंग, स्टीमिंग जैसी चीजें खाएं। खाने को तलने की जगह आप उसे दूसरी तरह पकाकर खाएं। इस तरह का खाना खाने से आपको जरुरी पोषक तत्व मिलेंगे और आपका शरीर हेल्दी रहेगा। वहीं फ्राई खाना खाने से आपको ज्यादा प्यास लगेगी और आप पूरा दिन बैचेन रहेंगे।

**नमक की मात्रा का ध्यान रखें**

रोजा में पूरा दिन बिना पानी पिए रहना पड़ता है। इसलिए नमक की मात्रा का ध्यान रखें। डाइट में नमक कम लें इससे आपको डिहाइड्रेशन की समस्या पैदा नहीं होगी। नमक को शरीर में बैलेंस करने के लिए ज्यादा पानी की जरुरत पड़ती है ऐसे में शरीर को पानी चाहिए होता है इसलिए नमक को डाइट में कम मात्रा में ही लें।

**डॉक्टर की लें सलाह**

रोजा रखने से पहले अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें। यदि आपको डायबिटीज, दिल या किडनी की कोई बीमारी है तो रोजा रखने से पहले डॉक्टर की सलाह जरुर लें। डॉक्टर की सलाह लेने के बाद ही रोजा रखें।

## चेहरे पर नहीं दिखेगा बढ़ती उम्र का असर, खाना शुरु कर दें ये फूड्स



हर महिला चाहती है कि उसकी स्किन हमेशा के लिए ग्लोइंग रहे। लेकिन यूवी किरणें, गलत खान-पान की आदतें और प्रदूषण सबसे पहले त्वचा की ही प्रभावित करता है। इन सब परेशानियों के कारण उम्र से पहले ही त्वचा पर झुर्रियां और फाइन लाइन्स आने लगती हैं। इन सब प्रॉब्लम्स से बचने के लिए महिलाएं कई तरह के घरेलू नुस्खे भी इस्तेमाल करती हैं लेकिन स्किन फिर भी डल ही दिखती है। घरेलू नुस्खे ही नहीं त्वचा को अंदर से पोषण देने के लिए आप अपनी डाइट में कुछ हेल्दी चीजों को शामिल कर सकते हैं। आज आपको कुछ ऐसे एंटी-एजिंग फूड्स बताते हैं जो आपकी स्किन को ग्लोइंग बनाए रखने में मदद करेंगे। आइए जानते हैं।

**जलकुंभी** : इसमें विटामिन-सी, के, ए, कैल्शियम, पौटेशियम जैसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं। ऐसे में यह शरीर में कोलेजन बढ़ाने में मदद करती है। जलकुंभी का सेवन करने से स्किन पर होने वाली झुर्रियों से भी राहत मिलेगी। जलकुंभी की पत्तियों से बने साग का आप सेवन कर सकते हैं।

**पपीता** : यह सिर्फ पाचन ही नहीं बल्कि त्वचा के लिए भी फायदेमंद साबित होगा। इसके अलावा पपीता एक एंटी-एजिंग सूपरफूड माना जाता है। पपीते में एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिन और मिनरल्स काफी अच्छी मात्रा में मौजूद होते हैं ऐसे में पपीते का सेवन करने से झुर्रियां और बढ़ती उम्र के साथ स्किन पर पड़ने वाले निशान भी दूर होते हैं।

**अनार** : एंटी-एजिंग के लक्षणों को कम करने के लिए अनार भी फायदेमंद हो सकता है। इसमें एलैजिक एसिड और प्यूनिकैलोगिन मौजूद होता है। ऐसे में यह फ्री रेडिकल्स से लड़ते हैं और स्किन में कोलेजन को बढ़ावा देने में मदद करते हैं।

**ब्लूबेरी** : इसका सेवन करने से बढ़ती उम्र के लक्षणों को कम करने में मदद मिलती है। ब्लूबेरी में एंथोसाइनिन नाम का एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है जो त्वचा को जवां बनाए रखने में मदद करता है और किसी भी तरह के डैमेज से त्वचा को बचाता है।

**पालक** : एंटी एजिंग फूडस के तौर पर पालक को अपनी डाइट का हिस्सा आप बना सकते हैं। इसमें विटामिन-ई, ए, सी, ई जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं तो बढ़ती उम्र के कारण चेहरे पर दिखने वाले निशान खत्म करने में मदद करती है।

**दही** : रोजाना दही खाने से भी त्वचा चममदार और एजिंग से बची रहती है। इसमें मौजूद कैल्शियम और प्रोबायोटिक्स त्वचा की एक्सफोलिएशन में मदद करती है। दही का लंबे समय तक सेवन करने से चेहरे की चमक बनी रहती है।

**एवोकाडो** : इसमें ओमेगा-3 फैटी एसिड और मोनोअनसैचुरेटेड फैट पाया जाता है। ऐसे में यह त्वचा को पोषण देने में मदद करता है। इसका सेवन करने से स्किन मॉइश्चराइज होती है और बढ़ती उम्र के लक्षण भी कम होते हैं।